RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 70
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जी-20 सम्मेलन भारत के लिए शानदार अवसर
विदेश-10

# संकट की स्थिति में है दुनिया: मोदी

- चुनौतियों से निपटने के लिए विकासशील देश साथ आएं, प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ नेताओं की वर्चुअल शिखर बैठक को किया संबोधित
- भारत है इस अहम बैठक का मेजबान




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया संकट की स्थिति में है और यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अस्थिरता की यह स्थिति कब तक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में विकासशील देशों को साथ आकर वैश्विक, राजनीतिक और वित्तीय प्रशासन की व्यवस्था को नए सिरे से तैयार करना चाहिए जो असमानता को दूर करे एवं अवसरों को बढ़ाएं।

प्रधानमंत्री ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के बाद वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए खाद्य, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमतों, कोविड-19 वैश्विक महामारी के आर्थिक प्रभावों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं पर भी चिंता व्यक्त की। भारत 12-13 जनवरी को दो दिवसीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जो यूक्रेन संघर्ष के कारण उत्पन्न खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर विकासशील देशों को अपनी चिंताएं साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। मोदी ने कहा कि हम नववर्ष में मिल रहे हैं और यह वर्ष नई उम्मीदें और नई ऊर्जा लेकर आया है। हमने पिछले वर्ष में युद्ध, संघर्ष, आतंकवाद और भू राजनीतिक तनाव को देखा। इनमें खाद्य, उर्वरक, ईंधन की बढ़ती कीमतें, जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न आपदाएं और कोविड महामारी के दूरगामी आर्थिक प्रभाव शामिल रहे।

### इन महाद्वीपों के देश हैं शामिल

**ग्लोबल** साउथ व्यापक रूप से एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों को कहा जाता है। इस सम्मेलन का विषय, मानव केंद्रित विश्व के लिए विकासशील देशों की आवाज है।

प्रधानमंत्री ने ऐसे में सरल, व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान ढूंढें जाने को वक्त की जरूरत बताया जो समाज और अर्थव्यवस्थाओं में बदलाव ला सकें। उन्होंने कहा कि विकासशील विश्व जिस तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है, उसके बावजूद मैं इस बात को लेकर आशावादी हूं कि हमारा समय आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि साथ मिलकर वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) नए और रचनात्मक विचार ला सकता है। ये विचार जी-20 एवं अन्य मंचों पर हमारी आवाज का आधार बन सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा (ग्लोबल साउथ) भविष्य दांव पर लगा है। अधिकतर वैश्विक चुनौतियों के लिए ग्लोबल साउथ जिम्मेदार नहीं है, लेकिन सर्वाधिक प्रभाव हम पर ही पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और स्वाभाविक है कि हमारा उद्देश्य ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करना होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के भविष्य में वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के हित सबसे अधिक दांव पर लगे हैं क्योंकि मानवता का तीन चौथाई हिस्सा हमारे देशों में निवास करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समापन संबोधन में कहा कि सम्मेलन की चर्चाओं ( शेष पेज 8 )

# बैरिकेड पार कर पीएम के पास पहुंचा लड़का

- रोड शो कर रहे मोदी ने स्वीकार की उसकी माला, सुरक्षा कर्मियों ने लड़के को तुरंत हटाया
- कर्नाटक के हुब्बलि का मामला, पुलिस कर रही पूछताछ



कर्नाटक के हुब्बल्लि में गुरुवार को रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** हुब्बल्लि (कर्नाटक)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने से पहले बृहस्पतिवार को यहां एक रोडशो किया और इस दौरान बैरिकेड पार कर उनकी ओर दौड़े एक लड़के द्वारा दी गई एक माला उन्होंने स्वीकार की। सुरक्षाकर्मियों ने लड़के को तुरंत पकड़ लिया और उसे वहां से दूर ले गए। स्थानीय पुलिस लड़के से पूछताछ कर रही है।

सोशल मीडिया पर हुए सीधा प्रसारण और पुलिस अधिकारियों से घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार, हाथ में माला लेकर प्रधानमंत्री मोदी के काफिले की ओर भागता दिख रहा लड़का प्रधानमंत्री मोदी के बहुत करीब पहुंचने में कामयाब रहा। यह घटना उस समय हुई जब मोदी हवाई अड्डे से यहां 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए रेलवे खेल मैदान की ओर जा रहे थे। रास्ते में मोदी अपनी चलती कार के रनिंग बोर्ड पर खड़े थे और सड़क के दोनों ओर कतार में खड़े लोगों की ओर हाथ हिला रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार के दरवाजे के ऊपर से माला लेने के लिए हाथ बढ़ाया लेकिन उक्त लड़के तक नहीं पहुंच सके। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) कर्मियों ने लड़के के हाथ से माला पकड़ी और उसे प्रधानमंत्री को दे दिया। मोदी ने उक्त माला अपनी कार के अंदर रख ली।

एसपीजी कर्मियों ने लड़के को तुरंत पकड़ लिया और उसे वहां से दूर ले गए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि उक्त लड़के से पूछताछ की जा रही है। हुब्बल्लि-धारवाड़ के पुलिस आयुक्त रमन गुप्ता ने कहा कि इस घटना को सुरक्षा में चूक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि उन लोगों (जिन्हें सड़क के दोनों ओर खड़े होकर प्रधानमंत्री की ओर हाथ हिलाने और उनका अभिवादन करने की अनुमति दी गई थी) की पूरी तलाशी ली गई थी और जांच की गई थी। उन्होंने कहा, हम इसे सुरक्षा चूक नहीं कह सकते क्योंकि हमने सड़क के दोनों ओर खड़े हर व्यक्ति की तलाशी और जांच की थी। यहां तक कि मालाओं का भी पूरी तरह से निरीक्षण किया गया था। गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत 3,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था और पूरी सड़क पर बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस आयुक्त ने कहा, हालांकि अचानक यह बच्चा कूद गया और अप्रत्याशित रूप से प्रधानमंत्री की ओर दौड़ गया।

यह घटना इसके बावजूद हुई कि हमने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को क्या करना है और क्या नहीं करना है- इसके बारे में पूरी तरह से बता दिया था। सोशल मीडिया पर हुए सीधा प्रसारण में दिखा कि रोडशो के दौरान रास्ते में मोदी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे, जिनमें से कई मोदी, मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाते नजर आए। लोगों ने कई जगह मोदी के ( शेष पेज 8 )

# चीन से सटी सीमा पर हालात स्थिर हैं : थलसेना प्रमुख

- कहा-चीन ने हाल ही में पूर्वोत्तर क्षेत्र में सेना की तैनाती बढ़ाई
- आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में हमने भी तैनात किए हैं सैनिक : पांडे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**थलसेना** प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन से सटी सीमा पर हालात स्थिर हैं, लेकिन कुछ कहा नहीं जा सकता और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में भारतीय सैनिकों की तैनाती की गई है। सेना दिवस से पहले दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में जनरल पांडे ने यह भी कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात सैनिक, विरोधी के किसी भी नापाक मंसूबे को दृढ़ता से नाकाम करने के लिए मजबूत स्थिति बनाए रखने में सफल रहे हैं।

थलसेना प्रमुख ने जोर देकर कहा कि एलएसी पर भारतीय सेना की तैयारी का स्तर बहुत उच्च है और किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त बल तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा, हालात स्थिर और नियंत्रण में हैं, लेकिन कुछ कहा नहीं जा सकता। आप जारी वार्ता से अवगत हैं जहां हम सात में से पांच मुद्दों को हल करने में सफल रहे ( शेष पेज 8 )

**कंझावला घटना**

# तीन पीसीआर वैन व दो पिकेट पर तैनात कर्मियों को निलंबित करने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजध्यानी दिल्ली के चर्चित कंझावला कांड में बृहस्पतिवार को गृह गृमंत्रालय ने दिल्ली पुलिस पर बड़ी कार्रवाई की है। गृह मंत्रालय ने मामले में तीन पीसीआर वैन व दो पिकेट पर तैनात सभी कर्मियों को निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को पीसीआर वैन, जांच चौकी के पर्यवेक्षण अधिकारियों को अपना कर्तव्य निभाने में असफल रहने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया है। विशेष आयुक्त शालिनी सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति द्वारा एक रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने कहा कि उस रात ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को मामले में जल्द से जल्द आरोप पत्र ( शेष पेज 8 )

# ठंड का जारी रहेगा कहर, बनेगा नया रिकॉर्ड

- पश्चिमी विक्षोभ खत्म होते ही पड़ेगी कड़ाके की ठंड, 14 से 19 तक चलेगी शीतलहर
- 16 से 18 के बीच दिल्ली में एक से दो डिग्री तक व राजस्थान के चुरु और सीकर में माइनस दो डिग्री तक जा सकता तापमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड से भले ही कुछ राहत हो, लेकिन शनिवार से भीषण ठंड का दौर वापस लौटने वाला है। इस बार ठंड और शीत लहर ज्यादा परेशान कर सकती है। राजस्थान के कुछ जिलों में तो न्यूनतम तापमान माइनस में जाने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को उस पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो जाएगा, जिसके चलते अभी तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। शनिवार से तापमान में फिर से गिरावट होनी शुरू हो जाएगी। इस बार ठंड और शीत लहर का यह दौर 19 जनवरी तक चलने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग पहले ही जनवरी की ठंड को 23 साल में तीसरा सबसे अधिक बता चुका है।



कश्मीर के गंदरबल जिले में पुल पर खड़े होकर हिमपात का आनंद लेते पर्यटक

लाइव वेदर आफ इंडिया के संस्थापक नवदीप दहिया ने अनुमान जताया है कि 16 से 18 जनवरी के दौरान तीन दिनों में भीषण ठंड का सामना करना पड़ सकता है। इस बार मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान माइनस चार डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि नवदीप दहिया ने पूर्वानुमान से मौसम विभाग व स्काईमेट वेदर ने असहमति जताई है। स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने बताया कि पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की ठंडक उत्तर पश्चिमी हवाओं के साथ उत्तर भारत को कंपकंपाएगी जरूर, लेकिन माइनस में तापमान राजस्थान के चुरू एवं सीकर में ही जाने का अनुमान है। वहां पर माइनस दो डिग्री तक तापमान रह सकता है। फतेहपुर (सीकर) और चूरू में पांच जनवरी को भी न्यूनतम तापमान क्रमश : शून्य से 1.8 डिग्री नीचे और ( शेष पेज 8 )

# डीआईपी ने आप को भेजा 163.6 करोड़ की वसूली का नोटिस

- राजनीतिक विज्ञापनों के लिए इस राशि को 10 दिनों में जमा करने को कहा
- उपराज्यपाल अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे: सिसोदिया
- आप का खाता तुरंत प्रभाव से सीज किया जाए: मनोज तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल को अपनी ही सरकार से एक बड़ा झटका लगा है। दिल्ली सरकार के डायरेक्टरेट ऑफ इनफॉर्मेशन एंड पब्लिसिटी सचिव ने केजरीवाल को करीब 163.6 करोड़ रुपए का रिकवरी नोटिस जारी किया है, जिसे 10 दिनों के भीतर जमा करने को कहा गया है। दरअसल, आम आदमी पार्टी को कथित तौर पर सरकारी विज्ञापनों की आड़ में उसके राजनीतिक विज्ञापनों को प्रकाशित करवाने के लिए कुल 163.62 करोड़ रुपये का वसूली नोटिस जारी किया गया है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव को सरकारी विज्ञापनों की आड़ में प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए आम आदमी पार्टी से 97 करोड़ रुपये वसूलने का निर्देश दिया था, जिसके एक महीने बाद यह घटनाक्रम देखने को मिला है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, सूचना एवं प्रचार निदेशालय द्वारा जारी वसूली नोटिस में राशि पर लगा ब्याज भी शामिल है और दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार को इस राशि को 10 दिन के अंदर भुगतान करना अनिवार्य है।

अगर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो उपराज्यपाल के पिछले आदेश के अनुसार समयबद्ध ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,958 | ↓ 147 |
| निफ्टी | 17,858 | ↓ 37 |
| सोना | 56,160 | /10g |
| चांदी | 68,725 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जद (यू) के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का निधन

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नेता और जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 75 साल के थे। उनके परिवार के लोगों ने यह जानकारी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव को गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे लंबे समय से बीमार थे और सक्रिय राजनीति से दूर थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित देश के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शरद के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बिहार के मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से चार बार प्रतिनिधित्व किया। वे विश्वनाथ प्रताप सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे और कई महत्वपूर्ण विभागों का दायित्व संभाला। मंडल राजनीति के वे अग्रणी नेताओं में से थे।

# 10 दिन पहले लापता हुई महिला कब्रिस्तान में दफन, मिला शव

- तीन गिरफ्तार, उधार दिए पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में 10 दिन पहले लापता 54 वर्षीय महिला फाइनेंसर का शव नांगलोई के कब्रिस्तान से बरामद किया गया है। पुलिस ने उधार दिए पैसे मांगने पर महिला की हत्या करने और शव को दफनाने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगोलपुरी के अवंतिका एन्क्लेव में रहने वाली महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दो जनवरी को मंगोलपुरी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस के अनुसार महिला ने आरोपियों को उधार दिया था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने सात जनवरी को मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। उन्हें पता चला कि महिला को आखिरी बार जो फोन आए थे, वे उसी के इलाके में रहने वाले दो लोगों ने किए थे।

पुलिस ने इस आधार पर मुबीन नामक व्यक्ति को पकड़ा। जिसके बाद एक और संदिग्ध नवीन को भी हिरासत में लिया, जिसने विस्तार से हत्या में अपनी संलिप्तता के बारे में जानकारी दी। पुलिस के अनुसार नवीन ने बताया कि वह और मुबीन पिछले चार-पांच साल से महिला को जानते थे और उसकी हत्या बाहरी मांगेराम पार्क में मुबीन के कमरे में दो जनवरी को दिन में तीसरे शख्स रेहान ने की थी। पुलिस ने इकबालिया बयान के बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया और हत्या में इस्तेमाल ऑटो भी जब्त कर लिया।

# ग्रीन हाइड्रोजन का आयतक भारत जल्द बनेगा निर्यातक

- केंद्रीय परिवहन मंत्री ऑटो एक्स्पो 2023 का किया उद्घाटन, मोटर उद्योग, सड़क सुरक्षा के मामले में भविष्य की तस्वीर दिखाई

**रिंकू यादव।** नोएडा

**केंद्रीय** परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को एक्सपो मार्ट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज भारत ने विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने पूरे हो रहे हैं। आज हम ऑटोफिल के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक बन चुके हैं। गडकरी ने इस दौरान कहा कि आने वाले एक साल के भीतर देश की सड़कों पर लाखों बसें दौड़ेंगी।

हम इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में 6: से ज्यादा जीडीपी हो गया है। 54 हजार करोड़ से अधिक रेवन्यू मिल रहा है।



ग्रेटर नोएडा में आयोजित ऑटो एक्स्पो 2023 में भाग लेते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

नितिन गडकरी का कहना है कि देश की जनता के बिना कुछ भी संभव नहीं है। भारत ने इलेक्ट्रिक में अपना बड़ा नाम कमा लिया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हम ग्रीन हाइड्रोजन पर ट्रेन, विमान, ट्रक और बसें चला सकते हैं। आज, भारत इस ऊर्जा का आयातक है, लेकिन उद्योग नवाचार के साथ, भारत ग्रीन हाइड्रोजन का निर्यातक होगा। खुशी है कि ऑटोमोबाइल उद्योग वैकल्पिक ईंधन के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोग रोड सेफ्टी पर ध्यान दें।

लोग मुझे दोष दे रहे हैं कि आप रोड बना रहे हैं और रोड एक्सीडेंट बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 से 34 साल के लोगों की सबसे ज्यादा रोड एक्सीडेंट में मौतें हो रही हैं। रोड सेफ्टी पर ध्यान दें और सबको एजुकेट भी करें। मंत्री ने कहा कि हम छह महीने में रोड इन्फ्राट्रक्चर बढ़ा रहें हैं। हमारे देश में 2024 तक यूएसए के बराबर रोड इंफ्र इस्ट्रक्चर होगा। उन्होंने कहा ( शेष पेज 8 )

### कंपनियों ने दिखाया कारों का भविष्य

**ऑटो** एक्सपो में इस बार इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा बोलबाला है। मारुति सुजुकी से लेकर टाटा और एमजी तक की ईवी वाहनों को लांच कर रही हैं। वाहन कंपनियों ने दिखाया है कि भविष्य में किस तरीके की तस्वीर गाड़ियों के रूप में देखी जा सकती हैं। यानी कि आने वाला भविष्य गाड़ियों के रूप में कैसा होगा, इसकी तस्वीर मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा, एमजी टोयोटा कंपनी ने दिखाई है।

# रैपिड रेल: तीन स्टेशनों से 17 रूटों पर चलेंगी 114 बसें

## एक लाख लोगों को होगी सहूलियत, निजी बस ऑपरेटर के अलावा यूपी रोडवेज भी बसों के संचालन के लिए कर सकता है आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



रैपिड ट्रेन के स्टेशन से आने-जाने के लिए लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साहिबाबाद, गाजियाबाद व गुलधर स्टेशन से 17 रूट पर 114 बसें चलाने का रास्ता साफ गया है। आरटीओ गाजियाबाद अरुण कुमार ने बताया कि लोगों की सहूलियत के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम एनसीआरटीसी के प्रस्ताव पर पिछले दिनों शासन ने रैपिड ट्रेन के उपरोक्त तीन स्टेशन से बसें चलाने का निर्णय लिया था।

शासन के निर्णय के अनुपालन में मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी की अध्यक्षता में हुई क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण आरटीए की बैठक में उक्त प्रस्ताव रखा गया। बैठक में प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। आरटीओ ने बताया कि उपरोक्त रूट पर सिर्फ यूरो.छह श्रेणी व सीएनजी चालित बस चलेंगी। रैपिड ट्रेन के स्टेशन से चलने वाली प्रत्येक बस की क्षमता 20 सवारी की होगी।

अब तीनों रूट पर बसों के संचालन के लिए आवेदन मांगे जाएंगे। निजी बस आपरेटर के अलावा यूपी रोडवेज भी बसों के संचालन के लिए आवेदन कर सकता है। जितने भी आवेदन प्राप्त होंगे, अगर वह सभी मानकों पर खरे उतरते हैं तो सूची बनाकर फिर से आरटीए की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा।

हरी झंडी मिलने पर परमिट जारी किए जाएंगे। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव, उप परिवहन आयुक्त मेरठ सुनीता वर्मा, यूपी रोडवेज गाजियाबाद के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक निर्मल वर्मा, कौशांबी बस अड्डे के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक, नोएडा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ललित श्रीवास्तव, अलीगढ़ के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चीनी प्रसाद मौजूद रहे।

इसे भी बैठक में हरी झंडी मिली। उक्त रूट पर यूपी रोडवेज की 37 और निजी आपरेटर की 42 बसें चलाने की मंजूरी मिली है। इस रूट पर बसों से संचालन से हजारों लोगों का सफर सुगम होगा। बैठक में एनसीआर क्षेत्र में डीजल चालित आटो का पंजीयन पूरी तरह प्रतिबंध करने का प्रस्ताव भी पास हुआ। मालूम हो, कि गाजियाबाद संभाग के चारों जिले गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ व बुलंदशहर में अप्रैल 2021 से ही डीजल चालित आटो का पंजीयन प्रतिबंधित है। अब एनसीआर के अन्य जिलों में भी यह नियम लागू होगा।

### मोहन नगर: नौ बस हिंडन एयरपोर्ट तक

साहिबाबाद रेलवे स्टेशन, आठ बस हिंडन एयरपोर्ट, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन; छह बस लोनी, मोहन नगर: नौ बस हिंडन एयरपोर्ट, मोहन नगर- सात बस नोएडा सेक्टर-62, सीआइएसएफ इंदिरापुरम, वसुंधरा; चार बस नोएडा सेक्टर-62, आदित्य माल, इंदिरापुरम एव सुंधरा-छह बस यूपी गेट, डाबर चौक, वैशाली, साहिबाबाद मंडी-पांच बस यूपी गेट, अभयखंड, ज्ञानखंड, अटल चौक, वसुंधरा; छह बस कौशांबी बस अड्डा, साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र; पांच बस गाजियाबाद स्टेशन से नोएडा, गाजियाबाद व गौतमबुद्धनगर बार्डर, प्रताप विहार, विजयनगर, पांच बस सगौड़ चौक, क्रासिंग रिपब्लिक, एबीईएस कालेज, एएलटी सेंटर; छह बस सगाजियाबाद रेलवे स्टेशन, नया बस अड्डा, हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन, राजनगर एक्सटेंशन; नौ बस नए रूट नोएडा सेक्टर-62 बैठक में नोएडा सेक्टर.62 से कासना तक नए रूट पर बस चलाने का प्रस्ताव भी रखा गया।

# उज्बेकिस्तान कफ सीरप मामले में दवा कंपनी का लाइसेंस निलंबित

- दवा पीने से 18 बच्चों की हो गई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



उज्बेकिस्तान में कफ सीरप पीने से बच्चों के मौत के मामले में उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने दवा कंपनी मैरियन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

ज्ञात रहे कि यह कंपनी उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में सेक्टर 67 में दवा बनाती है। उत्तर प्रदेश औषधि नियंत्रक एके जैन ने बताया कि उज्बेकिस्तान में कथित तौर पर उक्त कंपनी का कफ सीरप पीने से बच्चों की मौत होने का मामला सामने आने के बाद इसकी बिक्री पर रोक लगा दी गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), मेरठ के खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई में कंपनी से दवाओं के 32 नमूने लिए हैं। अभी तक इनकी रिपोर्ट नहीं आई है। उन्होंने बताया कि अगले आदेश तक कंपनी का लाइसेंस निलंबित किया गया है। उज्बेकिस्तान की ओर से दावा किया गया कि भारत के मैरियन बायोटेक द्वारा बनाई गए कफ सिरप पीने के कारण उनके यहां 18 बच्चों की मौत हो गई।

डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि भारत के मैरियन बायोटेक द्वारा बनाए गए दो कफ सिरप बच्चों के लिए इस्तेमाल न करें। उन्होंने दोनों कफ सिरप को बच्चों के लिए खतरनाक बताया। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इस कफ सिरप में घटिया चिकित्सा उत्पाद हैं, जिसके कारण ये गुणवत्ता मानकों पर खड़ा नहीं उतरी। अब कंपनी पर एक और एक्शन लिया गया है।

# लोनी के जंगल में ध्वस्त की गईं 19 अवैध फैक्ट्रियां

- प्रशासन की टीम पहुंचते ही संचालक और कर्मचारी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोनी क्षेत्र में चिरौड़ी, अफजलपुर, टीला शहबाजपुर और भनेड़ा खुर्द गांव के जंगल में प्रशासन ने 19 अवैध फैक्ट्रियों को ध्वस्त कर दिया।

अवैध फैक्ट्रियों पर संज्ञान लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रशासन की टीम ने यह कार्रवाई की है। सहायक पर्यावरण अधिकारी एनके पांडेय व तहसीलदार शिवनरेश सिंह भारी पुलिस बल के साथ सबसे पहले टीला शहबाजपुर गांव के जंगल में पहुंचे। यहां तार गलाने की चार फैक्ट्रियां चल रही थीं।

टीम के पहुंचते ही संचालक और कर्मचारी मौके से फरार हो गए। चारों फैक्ट्रियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। अफजलपुर में पांच फैक्ट्रियां में भट्ठियों में रांगा निकाला जा रहा था। यहां भी सभी भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। भनेड़ा खुर्द गांव के जंगल में नहर के किनारे 10 फैक्ट्रियां चल रही थीं। बुलडोजर और पुलिस की टीम को देखकर सभी कर्मचारी मौके से फरार हो गए। सभी फैक्ट्रियों को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। जिन जगहों पर फैक्ट्रियों को दिखाया था उन सभी स्थानों की ज्यादातर फैक्ट्रियों को ध्वस्त कर दिया गया है। फैक्ट्री जिन किसानों की भूमि पर चल रही है उनसे संचालकों के नाम मांगे जाएंगे।

इसके बाद इन पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। तहसीलदार ने बताया कि फैक्ट्रियों तक पहुंचना बहुत मुश्किल था। उनकी टीम पैदल चलकर कई फैक्ट्रियों तक पहुंची। तहसीलदार शिवनरेश ने बताया कि जिन किसानों ने फैक्ट्री चलाने के लिए भूमि किराए पर दी है उनको भी नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद भी वह अपनी भूमि को दोबारा अवैध फैक्ट्रियों के लिए किराए पर देते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। जिन किसानों की भूमि पर फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनका रिकार्ड सुरक्षित रख लिया गया है।

# कारोबारी की फॉर्च्यूनर से 5 लाख और रिवॉल्वर चोरी

**गाजियाबाद।** टप्पेबाजों ने बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर की फॉर्च्यूनर से पांच लाख रुपए और लाइसेंसी रिवॉल्वर चुरा ली।

साहिबाबाद थाना क्षेत्र में अर्थला मेट्रो स्टेशन के बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी उमेश कुमार त्यागी का ऑफिस है। उमेश फॉर्च्यूनर से अपने ऑफिस पर आकर रुके। वो कार में बैठकर फोन पर बातचीत कर रहे थे। इतने में एक व्यक्ति आया और गाड़ी का शीशा खटखटाया। उमेश त्यागी ने शीशा खोलकर वजह पूछी। इतने में दूसरी सीट पर रखा उनका बैग गायब हो चुका था। इस बैग में पांच लाख रुपए और लाइसेंसी रिवॉल्वर रखी हुई थी। पूरी वारदात सिर्फ एक से डेढ़ मिनट में हुई।

# किसानों से अभद्रता करने वाला लेखपाल को हटाया

- जिलाधिकारी ने दिए जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



प्रदर्शन करते किसान। इनसेट में आरोपी लेखपाल

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से प्रभावित रण्हेरा गांव के किसानों के साथ अभद्रता करने वाले लेखपाल को हटा दिया गया है।

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने इस पूरे प्रकरण की जांच करने का आदेश अपर जिलाधिकारी को दिया है। डीएम का कहना है, विवादित लेखपाल को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जुड़े कामकाज से हटा दिया गया है। पूरे मामले की जांच करने का आदेश दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

आपको बता दें कि लेखपाल के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ों किसान गौतमबुद्ध नगर कलेक्ट्रेट पर धरना दे रहे हैं। किसानों की मांग है कि लेखपाल को बर्खास्त किया जाए। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए दूसरे चरण में भूमि अधिग्रहण चल रहा है। जेवर इलाके के रन्हैरा गांव की जमीन दूसरे चरण में अधिग्रहित की जानी है। इसके लिए रिहेब्लिटेशन एंड रिसेटेलमेंट पॉलिसी पर काम हो रहा है। इसी सिलसिले में लेखपाल रन्हैरा गांव में पहुंचे थे। किसानों ने अपनी फाइलों को लेकर सवाल-जवाब करने शुरू कर दिए। इसी बीच एक युवक और लेखपाल के बीच कहासुनी शुरू हो गई। इस कहासुनी के दौरान लेखपाल ने कहा नौकरी की कोई चिंता नहीं है अगर फालतू बात की तो घर में घुसकर जूते से मारूंगा। इस बात पर ग्रामीण भड़क गए। लोगों ने लेखपाल को गांव से चले जाने के लिए कहा। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरी ओर इस पूरे प्रकरण को लेकर गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन की ओर से अभी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। प्रशासन के पक्ष का इंतजार किया जा रहा है।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | कंचन कुमारी (कर्ज़दार), श्री रघुनाथ शर्मा (सह-कर्ज़दार) LBDEL00002866980 | एलआईजी फ्लैट नंबर-276, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक-बी2, पॉकेट-सी, नरेला, दिल्ली। क्षेत्रफल 453.16. वर्गफीट | रू. 15,08, 737.35 (जनवरी 07, 2023 तक) | रू. 13,50,000 / रू. 1,35,000 | जनवरी 25, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | फरवरी 04, 2023 सु. 10:00 बजे से सु. 11:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **फरवरी 03, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **फरवरी 03, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **फरवरी 03, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **फरवरी 03, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : जनवरी 13, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहाँ है', जैसी है जो भी है तथा 'जो भी है वहाँ है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती मनोरमा देवी (कर्ज़दार), श्री राकेश कुमार (सह-कर्ज़दार) QZDWA00005021560 | डीडीए जनता फ्लैट नंबर-198, तीसरी मंज़िल, पॉकेट-7, फेज-1, नासिर पुर, द्वारका, दिल्ली, क्षेत्रफल 236.81 वर्गफीट | रु. 15,41,672/- (जनवरी 10, 2023 तक) | 9,50,000/- / रु. 95,000/- | जनवरी 20, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | फरवरी 04, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **फरवरी 03, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **फरवरी 03, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित **फरवरी 03, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को **फरवरी 03, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/8584874809.** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मैसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : जनवरी 13, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**


# अस्पताल में बच्ची की मौत, डॉक्टरों के खिलाफ दर्ज कराया मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना विजयनगर क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी का राहुल विहार में स्थित एक नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया। अत्यंत गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर बच्ची की मौत हो गई।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि स्वेता सिंह को उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वहां पर उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस बाबत मृतका श्वेता के पिता नरेंद्र से जब संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि उनकी बच्ची के पेट में पथरी थी। उसका ऑपरेशन होना था। ऑपरेशन के लिए उसे राहुल मेडिकेयर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आरोप है कि डॉक्टरों ने लापरवाही से बच्ची का ऑपरेशन किया, जिसकी वजह से उसकी तबीयत खराब हुई।

# प्रेमी संग मिलकर की पिता की हत्या, दोनों पकड़े गए

**नोएडा।** जेवर कस्बे में 51 वर्षीय व्यक्ति की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की नाबालिग बेटी को हिरासत में लिया है साथ ही उसके पुरुष मित्र को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जेवर कस्बे के पंचम पटेल के सिर पर सरिया से वार कर उनकी हत्या कर दी गई थी। बृहस्पतिवार सुबह थाना जेवर पुलिस ने एक सूचना के आधार पर मृतक की बेटी को पकड़ा है तथा हरविंदर नामक युवक को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि पटेल बेटी को युवक से मिलने से मना करते थे और इसी वजह से दोनों ने उन्हें रास्ते से हटाने का प्लान बनाया।

# निकाय चुनाव में प्रभारी होंगे एडीएम स्तर के अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निकाय चुनाव होने में समय है। ओबीसी आरक्षण को लेकर पेंच फंसा होने के चलते फिलहाल चुनाव स्थगित हैं, लेकिन जनवरी में जिले के नगर निगम, नगर निकाय में मेयर, चेयमैन और पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

ऐसे में नगर निकायों में कामकाज व विकास कार्य होते रहें इसके लिए प्रभारी प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। ये प्रभारी प्रशासन एडीएम स्तर के अधिकारी होंगे जिनकी नियुक्ति डीएम की अध्यक्षता में बनी एक त्रिसदस्यीय समिति द्वारा की जाएगी। इस कमेटी में ही निकायों के कार्यों पर विचार कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस सम्बंध में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश दिए गए हैं कि नगर निकायों के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों के लिए डीएम की अध्यक्षता में एक त्रिसदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। इसमें नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में संबंधित जिले के एडीएम, प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से लेनदेन वितरण का काम किया जाएगा।

नगर निगम में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं नगर आयुक्त के संयुक्त हस्ताक्षर से लेनदेन का काम किया जा सकेगा। यह समिति केवल दैनिक प्रशासनिक कार्यों एवं पूर्व में चल रहे विकास कार्यों के पर्यवेक्षण व क्रियान्वयन का काम कर सकेंगे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलस श्री अर्जुन सिंह पलवार पुत्र घासी राम तथा ऊषा पत्नी अर्जुन सिंह पलवार निवासी M-282, Guru Harkishan Nagar,Paschim Vihar Delhi-67 ने अपने पुत्र मनोज कुमार तथा पुत्रवधु प्रियंका पत्नी मनोज कुमार को अपनी सभी समस्त चल तथा अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके दुर्व्यवहार,कदाचरण,असामाजिक कृत्यों के कारण इनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। अब इनके किसी कार्य व लेन देन की जिम्मेवारी मेरे मुवक्किल की नहीं होगी।

**Sanjeev Dwivedi (Advocate)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलस श्री भीम सिंह पुत्र घासी राम तथा लक्ष्मी पत्नी भीम सिंह निवासी M-282, Guru Harkishan Nagar,Paschim Vihar Delhi-67 ने अपने पुत्रों भरत सिंह, गोपाल, विनोद कुमार तथा पुत्रवधु तान्या पत्नी भरत सिंह, लाली पत्नी विनोद कुमार, स्वेता पत्नी गोपाल को अपनी सभी समस्त चल तथा अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके दुर्व्यवहार, कदाचरण, असामाजिक कृत्यों के कारण इनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। अब इनके किसी कार्य व लेन देन की जिम्मेवारी मेरे मुवक्किल की नहीं होगी।

**Sanjeev Dwivedi (Advocate )**

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई**
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम**
पिथौरागढ़ 262501

पत्रांक : 14/निविदा/01 दिनांक : 12.01.2023

**ई-टेण्डरिंग नोटिस**

1. कार्य का नाम - जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटेक्निक मूनाकोट में एप्रोच रोड एवं तत्संबन्धी निर्माण कार्य।
2. अनुमानित लागत- रू0 60.50 लाख
3. कार्य पूर्ण करने की अवधि- 08 माह
4. ई-पोर्टल पर निविदा उपलब्ध कराने की तिथि एवं समय- 12.01.2023 (17.00 बजे)
5. ई-पोर्टल पर निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय- 27.01.2023 (17.00 बजे)
6. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय- 30.01.2023 (10.30 बजे)
7. निविदा आमंत्रण करने वाले अधिकारी का नाम एवं पता- कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, पिथौरागढ़।
8. निविदा की प्री-बिड बैठक का दिनांक एवं स्थान- 17.01.2023 (11.00 बजे) कार्यालय, परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, पिथौरागढ़।
9. अधिक जानकारी, अन्य संशोधन/शुद्धि पत्र एवं निरस्तीकरण आदि के लिये वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर लॉग-इन करते रहें।

**परियोजना प्रबन्धक**


# आर्थिक तंगी के चलते व्यापारी ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर.120 स्थित अम्रपाली जोडियक सोसायटी में रहने वाले एक व्यापारी ने आर्थिक तंगी व घरेलू परेशानियों के चलते सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद प्रजापति ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mr. Surinder Kumar is owner of Plot land area measuring 7 Kanal 18 Marla 6 Sarsai out of total area measuring 18 Kanal 9 Marla, comprised in Khewat No. 19, Khata No. 27, Mustatil No. 58, Killa No. Killa No. 6/1(7-16), 16(4-2), Kita 2, Mustatil No. 70, Killa No. 6/1(7-16), 16(4-2), Kita 2, situated at Village Khedla, Tehsil Sohna, District Gurgaon, Haryana by way of Transfer Deed dated 16.03.2020 Doc-8099 and Release Deed dated 18.03.2020, Doc-8206. Now, Mr. Surinder Kumar agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client Profectus Capital Private Limited (PCPL) & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M)


## संक्षिप्त समाचार



**राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित प्रशिक्षण संस्थान का अग्निशमन संबंधित निरीक्षण किया गया एवं फायर ऑडिट कर उपस्थित अध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को अग्निशमन यंत्रों को चलाने व आग से बचाव संबंधी जानकारी दी गई।**

### मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में थाना सेक्टर-58 पुलिस और बदमाश कृष्ण उर्फ चीरा के बीच बुधवार देर रात मुठभेड़ हुई। इस दौरान कृष्ण के पैर में गोली लगी। बदमाश को सेक्टर-62 जयपुरिया रोड से गिरफ्तार किया गया है। बदमाश पुलिस पर गोली चलाकर भाग रहा था। क्रॉस फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी है। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि कृष्ण के ऊपर 24 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें छिनैती, लूटपाट और हत्या के प्रयास का मुकदमा भी दर्ज है। पुलिस चेकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि एक बदमाश यहां से निकलने वाला है। जैसे ही इसने पुलिस ने रुकने का इशारा किया। इस दौरान बदमाश ने पुलिस ने फायर कर दिया। एडीसीपी ने बताया कि सुनसान इलाकों और सुबह के समय सैर सपाटा करने वाले लोगों से यह बदमाश मोबाइल लूटता था। इसके पास से चोरी किए गए चार मोबाइल फोन, चोरी की बाइक और तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस इसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। इसका इलाज जिला अस्पताल में कराया गया। वहां से न्यायालय में पेश कर इसे जेल भेजा जाएगा।

### दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

**गाजियाबाद।** सदर तहसील में दस्तावेज लेखक एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चयन के लिए मतदान हुआ। इसमें तीन सौ से अधिक मतदाता भाग ले रहे हैं। चुनाव अधिकारी तहसील बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट विकास त्यागी ने बताया कि कुल मतदाता 348 हैं। अध्यक्ष पद पर संजीव कौशिक, जयकुमार शर्मा, ओमपाल सिंह चौहान और सतीश चंद चुनाव लड़ रहे हैं। सचिव पद पर गौरव चौधरी, मुकेश कुमार और दिनेश शर्मा प्रत्याशी हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल शर्मा, विश्वास गौड़ और जितेन्द्र चौधरी के बीच मुकाबला चल रहा है। सह सचिव के लिए चंद्रपाल और सचिन चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं।

### गाजियाबाद में स्ट्रीट डॉग्स को लेकर हंगामा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की रिवर हाइट्स सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग को लेकर हंगामा हो गया। स्ट्रीट डॉग को पकड़कर जबरन कई किलोमीटर दूर छोड़ने की सूचना पर पहुंची पीपल्स फॉर ऐनिमल अध्यक्ष से अभद्रता हुई। वहीं ऐनिमल लवर महिला की सोसाइटी के अंदर पिटाई तक कर दी गई। कई महिलाओं ने ऐनिमल लवर महिला के बाल पकड़कर खींचे, इसका वीडियो भी सामने आया है। अध्यक्ष सुरभी रावत के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि रिवर हाइट्स सोसाइटी में कुछ स्ट्रीट डॉग को बर्बरतापूर्वक पकड़कर काफी दूर री-लोकेट किया गया है।

### यंग इंडिया रन में दौड़े हजारों युवा

**गाजियाबाद।** स्वामी विवेकानंद की जयंती को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप से मनाया जाता है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में यंग इंडिया रन दौड़ का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने जानकारी देते हुए बतया की लगभग 15 सौ युवा खिलाडियों ने 5 किमी की इस दौड़ हिस्सा लिया इसमें महिला एवं पुरूष शामिल थे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रत्येक प्रतिभागी का रजिस्ट्रेशन प्रदेश द्वारा भेजे गए लिंक पर कराया गया था। यंग इंडिया रन का मुख्य उद्देश्य दौड़ के माध्यम से अधिक से अधिक नए युवाओं को जोडना़ है। दौड़ में बालक विजेताओं के प्रशांत चौधरी प्रथम प्रियांशु दूसरे और संजीव तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में प्रीति पहले तमन्ना दूसरे और चंद्रशिला तीसरे स्थान पर रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# शिक्षकों की ट्रेनिंग पर टकराव के आसार

## आप का दावा, एलजी ने शिक्षकों को फिनलैंड जाने से रोका

● सिसोदिया बोले- उपराज्यपाल एक्सपोजर ट्रेनिंग का कास्ट-बेनिफिट विश्लेषण मांग रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच एक नए मोर्चे को लेकर जंग छिड़ गई है। आम आदमी पार्टी का दावा किया है कि उपराज्यपाल ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार ने 30 शिक्षकों को फिनलैंड में प्रशिक्षण कराने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी। इससे जुड़ी फाइल एलजी के पास मंजूरी के लिए भेजा था। उपराज्यपाल का कहना है कि शिक्षकों की ट्रेनिंग देश में ही कराई जाए। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली वालों की बेहतरी के लिए किए जा रहे शानदार कामों को रोकने के क्रम में उपराज्यपाल अब शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कामों पर भी रोक लगाने लगे है। उपराज्यपाल द्वारा अब दिल्ली सरकार के फ्लैगशिप प्रोग्राम जिसमें सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को विदेशों में एक्सपोजर विजिट के माध्यम से ट्रेनिंग करवाई जाती है, उस पर रोक लगाई जा रही है। उपराज्यपाल द्वारा शिक्षा निदेशालय के प्राइमरी-इंचार्जों व टीचर एजुकेटर्स के फिलनलैंड में प्रस्तावित ट्रेनिंग पर रोक लगाई है और कहा गया है कि शिक्षा निदेशालय पिछले सालों में हुए फॉरेन एक्सपोजर ट्रेनिंग का कास्ट-बेनिफिट विश्लेषण मुहैया करवाए।



उपराज्यपाल द्वारा इस आपत्ति के जवाब में सिसोदिया ने कहा कि, एलजी द्वारा शिक्षकों की फॉरेन एक्सपोजर ट्रेनिंग पर रोक लगाना दिल्ली शिक्षा मॉडल पर हमला करना है। जिस दिल्ली एजुकेशन मॉडल ने पूरे विश्व में भारत को गौरवान्वित करने का काम किया है, उस एजुकेशन मॉडल को और शानदार बनाने में मदद करने के बजाय उपराज्यपाल उसके अनूठे पहलों को रोकने का काम कर रहे है ये शर्मनाक है। सिसोदिया ने कहा कि इसकी बदौलत आज स्कूलों का बोर्ड परिणाम 99.6 फीसदी आ रहा है। स्कूलों से निकले बच्चों सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आईआईटी, मेडिकल में दाखिला हो रहा है। आज गरीब परिवार का बच्चा भी सरकारी स्कूलों से निकलकर देश के बेहतरीन उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला ले पा रहा है।

वह एलजी से पूछना चाहता है कि इन ट्रेनिंग का कास्ट-बेनिफिट विश्लेषण कैसे किया जाता है। क्या इन ट्रेनिंग के बाद स्कूलों में आये बदलाव, वहां बना शिक्षा का शानदार माहौल, बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों के शानदार रिजल्ट, स्कूलों पर पैरेंट्स का बढ़ता भरोसा इन ट्रेनिंग की नतीजा नहीं है। फिनलैंड का एजुकेशन सिस्टम दुनिया भर में सबसे सम्मानित और अग्रणी एजुकेशन सिस्टम में से एक है।



### विदेशों में प्रशिक्षण के लिए जाने से रोकना ठीक नहीं : केजरीवाल

*मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने इस मुददे पर ट्वीट करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को विदेशों में ट्रेनिंग के लिए भेजते रहे हैं। दिल्ली की शिक्षा क्रांति में इसका बड़ा योगदान रहा है। इन्हें विदेशों में प्रशिक्षण के लिए जाने से रोकना ठीक नहीं है। एक अन्य ट्वीट में सीएम ने कहा कि एलजी ने उन्हें भी विदेश जाने से रोका था कोई बात नहीं। पर शिक्षकों को तो फिनलैंड ट्रेनिंग के लिए जाने दें।*

### स्कूलों में विज्ञान, कॉमर्स पढ़ाने की जरूरत : भाजपा

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आज फिर स्थापित हो गया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार केवल विवाद बढ़ाने वाली सरकार है। उसे ना ही दिल्ली के विकास से और ना ही शिक्षा में सुधार से कुछ लेना-देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए कुछ शिक्षकों की फिनलैंड में ट्रेनिंग की नहीं बल्कि सभी स्कूलों में प्रधानाध्यापकों एवं खाली पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति के साथ ही विज्ञान एवं कॉमर्स पढ़ाये जाने की आवश्यकता है। केजरीवाल सरकार अपने विज्ञापन घोटाले पर चारों ओर से घिरी है और उस पर जवाबदेही से बचने के लिए मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की फिनलैंड में ट्रेनिंग संबंधित फाइल रोके जाने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री यह समझ लें कि दिल्ली वाले अब गुमराह नहीं होंगे।

# कंझावला कांडः आरोपी आशुतोष की जमानत अर्जी अदालत ने की खारिज

● अपराध की गंभीरता को देखते हुए नहीं दी जाएगी राहत : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को कंझावला कांड में आरोपी आशुतोष भारद्वाज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कंझावला में 31 दिसंबर की देर रात को एक महिला की स्कूटी को टक्कर मारे जाने के बाद उसे कार से काफी दूर तक घसीटा गया था और उसकी मृत्यु हो गई थी।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल ने कहा कि अपराधों की गंभीरता को देखते हुए, जांच प्रारंभिक स्तर पर होने के तथ्य पर विचार करते हुए अदालत जमानत देने की पक्षधर नहीं है। अतिरिक्त सरकारी अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि भारद्वाज ने यह कहकर जांच को भटकाने का प्रयास किया कि सह-आरोपी दीपक कार चला रहा था।

उन्होंने कहा, जानकारी होना और बाद में पता चलना, दोनों में अंतर की एक बारीक रेखा है। हम मामले में जांच कर रहे हैं। जब वह (भारद्वाज) आजाद था तो उसने जांच को भटकाने की कोशिश की। वह भविष्य में फिर से गुमराह कर सकता है। अभियोजन के अनुसार भारद्वाज ने यह गलत दावा किया था कि सह-आरोपी दीपक खन्ना कार चला रहा था, जबकि जांच के दौरान सामने आया कि एक अन्य आरोपी अमित गाड़ी चला रहा था।

भारद्वाज के आचरण के बारे में सवाल उठाते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपी पुलिस को सूचित करने के लिए कानूनन बाध्य था, लेकिन बजाय इसके उसने अभियोजन को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि आरोपी भारद्वाज की अन्य आरोपियों से मिलीभगत हो सकती है। अभियोजक ने कहा कि हमारा यह पक्ष कभी था ही नहीं कि भारद्वाज कार में था, बल्कि बात यह है कि उसने दुर्घटना में शामिल गाड़ी किसी और सह-आरोपी को दी थी जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं था। भारद्वाज के वकील शिल्पेश चौधरी ने दलील दी कि घटना के समय वह कार में नहीं था और सभी कथित अपराध जमानती प्रकृति के हैं।

उन्होंने कहा कि भारद्वाज ने कथित घटना के बाद पुलिस के साथ सहयोग किया है और दो अन्य सह-आरोपियों की गिरफ्तारी में उनकी मदद की थी।

पुलिस ने इस मामले में दो जनवरी को दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्ण (27), मिथुन (26) तथा मनोज मित्तल को गिरफ्तार किया था। चार दिन पहले आशुतोष को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

### गुजरात की फोरेंसिक टीम जुटाएगी साक्ष्य



कंझावला में 31 दिसंबर को हुई कार दुर्घटना में साक्ष्य और नमूने एकत्र करने के लिए गुजरात के फोरेंसिक विशेषज्ञ सुल्तानपुरी का दौरा करेंगे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया कि मामले की जांच कर रहे डीसीपी (बाहरी) हरेंद्र के. सिंह के अनुरोध पर राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के पांच फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम दौरा कर रही है। पुलिस ने इस मामले में अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अंजलि सिंह (20) की स्कूटी को एक कार के नीचे फंस गईं और वाहन के साथ सड़क पर करीब 12 किलोमीटर तक घसीटे जाने के कारण उसकी मौत हो गई।

# वक्फ बोर्ड कर्मियों का सचिवालय पर प्रदर्शन

● पिछले तीन माह से नहीं मिला है वेतन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली वक्फ बोर्ड के कई कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को राज्य सरकार के सचिवालय के सामने धरना दिया और वेतन तत्काल जारी करने की मांग की। कर्मचारियों का दावा है कि पिछले तीन माह से उनका वेतन लंबित है।



प्रदर्शन में शामिल वक्फ बोर्ड के कर्मचारी व संविदा कर्मियों ने बोर्ड के अधीन मस्जिदों के इमाम और मोआज्जिन का मानदेय भी जल्द जारी किए जाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई महीनों से मानदेय लंबित है। बोर्ड के एक कर्मचारी ने कहा कि हमने अपने लंबित वेतन के लिए आवाज उठाई और मांग की है कि उसे तुरंत जारी किया जाए।

विरोध प्रदर्शन सुबह 11 बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक किया गया। बाद में, दिल्ली के राजस्व मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया। दिल्ली वक्फ बोर्ड से संबद्ध कई मस्जिदों के इमाम ने 20 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास के नजदीक प्रदर्शन किया था और आरोप लगाया था कि कई माह से उनका वेतन लंबित है।

# कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ों अभियान 26 जनवरी से

● कार्यक्रम को ब्लाक, जिला एवं प्रदेश तीन स्तरों पर किया जाएगा : भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत ब्लॉक स्तर तक लोगों से संपर्क करेगी।

कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गांधी के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए आगामी 26 जनवरी से पूरे देश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान आरंभ करने का फैसला किया है। यह अभियान दो महीने तक चलेगा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता अनिल भारद्वाज ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान देश में लोगों के बीच नफरत खत्म करने के लिए है। हमें दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा के गुजरने के दौरान लोगों का बहुत समर्थन मिला। हमें उम्मीद है कि इस अभियान को भी दिल्ली वासियों का भरपूर समर्थन मिलेगा। दिल्ली में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता मदन मोहन झा ने कहा कि उनकी पार्टी इस अभियान के तहत ब्लॉक और जिला स्तर तक लोगों से संपर्क करेगी।

# महिला कैब चालक का फोन छीनने की कोशिश करने वाला गिरफ्तार

● घटना में पीड़िता को मामूली चोटें आईं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में एक महिला कैब चालक के वाहन की खिड़की तोड़कर उसका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे की है। आरोपी की पहचान भजनपुरा निवासी अमित उर्फ सन्नी (24) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि लूट के प्रयास में महिला को मामूली चोटें आईं। पुलिस के अनुसार, कैब चालक एक यात्री का इंतजार कर रही थी, तभी उस व्यक्ति (आरोपी) ने कथित तौर पर उसके वाहन पर पत्थर फेंका और शीशा तोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि इसके बाद आरोपी ने महिला से अपना मोबाइल फोन देने को कहा। जब महिला ने इनकार किया, तो उसने मोबाइल छीनने की कोशिश की जिसका महिला ने विरोध किया। उन्होंने बताया कि वहां से गुजर रहे एक बस चालक ने महिला चालक की मदद के लिए अपना वाहन रोका, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। डीसीपी ने कहा कि आरोपी पहले 17 मामलों में शामिल था।

पुलिस ने कहा कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। हालांकि इसके बाद भी पुलिस की जांच जारी रही।

# विश्व हिंदी दिवस पर जी-20 के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन



● आंबेडकर विश्वविद्यालय में हिंदी की विश्व यात्रा विषय पर हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर जी-20 देशों में राष्ट्रभाषा की स्थिति पर डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया।

दिल्ली साहित्य अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित पर 'हिंदी की विश्व यात्रा' विषय पर साहित्यकार डॉ. बीएल गौड़ का पहला व्याख्यान आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर के निर्देशन में जी-20 के अंतर्गत वर्ष भर की आयोजन की रूपरेखा बन चुकी है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. नितिन मलिक ने मुख्य वक्ता के स्वागत संबोधन और हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो.सत्यकेतु सांकृत ने व्याख्यान की भूमिका रखी। मुख्य वक्ता बी.एल. गौड़ जी ने अपने व्याख्यान में कहा कि हिंदी विश्व की सबसे मजबूत भाषा बन चुकी है। विदेशों में लोग हिंदी को अब सम्मान की नजर से देखने लगे हैं। हिंदी ने रोजगार के तमाम संसाधन और मार्ग प्रशस्त कर दिए हैं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. महेन्द्र प्रजापति ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निकिता जैन ने किया।

# डीयू प्राचार्यों का प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल से मिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रिंसिपल्स एसोसिएशन (डूपा) ने बृहस्पतिवार को अरविंद केजरीवाल सरकार पर सरकार द्वारा वित्त पोषित कॉलेजों को स्वीकृत अनुदान जारी करने में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया। उपराज्यपाल सचिवालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ बृहस्पतिवार को एक बैठक के दौरान, एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने सरकार द्वारा वित्त पोषित कॉलेजों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाया, जिसमें धन की कटौती, कर्मचारियों के सदस्यों को वेतन का गैर-या विलंबित भुगतान और शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की स्वीकृति नहीं देना शामिल है। प्रतिनिधिमंडल ने सक्सेना के हस्तक्षेप की भी मांग की ताकि कॉलेज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर सकें। प्रतिनिधिमंडल ने लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति और कर्मचारियों के अन्य बकाया का मुद्दा भी उठाया और कहा कि वेतन में एक से पांच महीने की देरी हो रही है।

### भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को मिला शस्त्र लाइसेंस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को शस्त्र लाइसेंस दिया है।

नूपुर को पिछले साल पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित अपमानजनक बयान के मामले में पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि नूपुर ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया था और उन्हें खतरों का आकलन तथा उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद यह (लाइसेंस) दिया गया है। पुलिस ने कहा कि उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र साथ में रखने की अनुमति है। नूपुर ने टेलीविजन पर बयान दिया था जिसके खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुए थे। देश में कई स्थानों पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गईं।

# क्रिकेटरों की बेटियों के खिलाफ टिप्पणी करने वालों पर दर्ज हो केसः मालीवाल

● डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करके क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की पत्नियों और बेटियों को निशाना बनाने वाले महिला विरोधी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा है।

आयोग ने कहा कि उसने दो जानेमाने क्रिकेटरों की सात वर्षीय और दो वर्षीय बेटियों को लक्षित करने वाली कुछ सोशल मीडिया पोस्ट का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने नोटिस में कहा, सोशल मीडिया मंच ट्विटर पर ये पोस्ट अश्लील, महिला विरोधी और छोटे बच्चों एवं उनकी माताओं के प्रति बेहद अपमानजनक हैं। यह एक बहुत ही गंभीर मामला है और इस पर तत्काल कार्वाई की जानी चाहिए। आयोग ने साथ ही इस मामले में 16 जनवरी तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। बुधवार को भी स्वाति मालीवाल ने इस मुद्दे को लेकर ट्वीट किया था।

आयोग की अध्यक्ष मालीवाल ने ट्वीट किया था, कुछ अकाउंट देश के दो सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली और धोनी की बेटियों की तस्वीरें ट्विटर पर पोस्ट कर रहे हैं और भद्दी टिप्पणी कर रहे हैं। दो साल और सात साल की बच्चियों को लेकर भद्दी टिप्पणी। उन्होंने कहा कि यदि आप किसी खिलाड़ी को पसंद नहीं करते हैं, तो क्या आप उसकी बेटी के बारे में गलत टिप्पणी करेंगे। पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए नोटिस जारी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार




'मेरी आवाज सुनो' कार्यक्रम में बाल कलाकार।

### चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन ने मनाया 'सुरक्षित बचपन दिवस'

**नई दिल्ली।** 'उसकी क्या गलती थी...' इस गीत के बोल हर सुनने वाले को आज की शाम भीतर तक झकझोर गए। राजधानी के कंझावला में लड़की की दर्दनाक मौत के बाद की घटना को सुरों में बांधकर स्लम एरिया के बच्चों ने प्रस्तुति दी। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'मेरी आवाज सुनो' कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया और बच्चों के द्वारा तैयार म्युजिक वीडियो को लॉन्च किया। इस अवसर पर दिल्ली के आठ स्लम एरिया के बच्चों ने 'सुरक्षित बचपन दिवस' के रूप में नाटक, नृत्य और संगीत के माध्यम से बच्चों के अधिकारों की आवाज उठाई। 'मेरी आवाज सुनो' के तहत केएससीएफ ने एक साल पहले टैलेंट हंट प्रोग्राम की शुरुआत की थी। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिन 11 जनवरी को देशभर में 'सुरक्षित बचपन दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक राकेश सेंगर 'बोट' के को-फाउंडर अमन गुप्ता मौजूद थे।

### उपहार अग्निकांड वेब सीरीज रोकने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड के दोषी सुशील अंसल की उस याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया जिसमें इस हादसे पर आधारित बताई जा रही वेब सीरीज ट्रायल बाई फायर के रिलीज पर रोक की मांग की गई थी। नेटफ्लिक्स पर 13 जनवरी को यह वेब सीरीज रिलीज होगी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने अंसल को अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि बाद में अदालत की वेबसाइट पर विस्तृत आदेश डाला जाएगा। उपहार सिनेमा में 13 जून, 1997 को हिंदी फिल्म बॉर्डर की स्क्रीनिंग के दौरान भयावह आग लग गई थी, जिसमें 59 लोगों की जान चली गई थी।उक्त ओटीटी श्रृंखला से मानहानि होने का आरोप लगाने वाले अंसल ने अदालत से अनुरोध किया था कि इसके रिलीज पर रोक लगाने का आदेश जारी किया जाए। उन्होंने कहा था कि इसके टीजर को चार दिन में 15 लाख बार देखा गया है जिससे इसके तत्काल असर का पता चलता है।

# राजधानी के सरकारी स्कूलों के लिए मेगा बुक फेयर शुरू

## शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने विडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा वर्चुअल मेगा बुक फेयर का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों के लिए बृहस्पतिवार को अनूठे वर्चुअल मेगा बुक फेयर का आयोजन किया गया।

अपनी तरह के इस छठें वर्चुअल मेगा बुक फेयर के ऑनलाइन प्लेटफार्म से शिक्षा निदेशालय के स्कूल अपने पुस्तकालयों के लिए बेहतरीन किताबें को चुन सकेंगे। वे किताबों के लिए प्रकाशक को ऑनलाइन आर्डर दे सकेंगे और किताबें स्कूलों तक पहुंचाई जा सकेंगी। इससे समय की काफी बचत होगी और पूरी प्रक्रिया भी पारदर्शी बनी रहेगी। उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने विडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा इस वर्चुअल मेगा बुक फेयर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली देश का पहला ऐसा राज्य है, जहाँ सरकार के सभी स्कूलों के अध्यापक व बच्चे अपनी पसंद से अपनी लाइब्रेरी के लिए किताबों का चयन हार साल करते हैं। मनीष सिसोदिया ने कहा कि बच्चों के सर्वांगींण विकास में किताबों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके महत्तव को समझते हुए दिल्ली सरकार ने पिछले 7 सालों में अपने स्कूलों की लाइब्रेरी में काफी महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। उनका मकसद सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी किताबें उपलब्ध करवाना है। इस दिशा में मेगा बुक फेयर का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और बच्चों को एक बहुत बड़े कलेक्शन में से अपनी पसंद की अच्छी किताबें मिल सकेंगी।



### 3 टियर पर लाइब्रेरी सिस्टम

दिल्ली सरकार के स्कूलों में 3 टियर पर लाइब्रेरी सिस्टम को लागू किया जाता है। पहले प्री-प्राइमरी व प्राइमरी लेवल, दूसरा मिडिल स्कूल लाइब्रेरी जो 8वीं तक के बच्चों के लिए होता है और तीसरा अकेडमिक नीड ऑफ आल स्टूडेंट जो क्लास 12 तक के बच्चों के लिए होता है। इसके लिए सरकार ने इस साल 9 करोड़ का बजट आवंटित किया है। स्कूल में लाइब्रेरी की किताबे स्कूल के डोरस्टेप तक पहुचे और बच्चों के क्लास रूम तक पहुचे उसके लिए केजरीवाल सरकार द्वारा मेगा बुक फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 340 प्रकाशक भाग ले रहे है और 8000 पुस्तकें शामिल है। इन विभिन्न पब्लिशर्स की किताबों को 14 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि स्कूल अपने पुस्तकालयों के लिए और बच्चों में पढ़ने की रूचि विकसित करने के लिए बेहतरीन किताबों का चयन कर सके।

### खालिस्तानी आतंकवादी के साथ संबंधों को लेकर एक हिरासत में : पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गणतंत्र दिवस से पहले बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादी के साथ कथित संबंध के आरोप में हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कनाडा के खालिस्तान आतंकवादी के साथ संबंध होने के संदेह में कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्हें उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से पकड़ा गया था। उन्होंने कहा कि इसके सिलसिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। ज्ञात हो राजधानी की सुरक्षा को लेकर पुलिस चाक चौबंद है। एक जनवरी से ही दिल्ली के कई इलाकों में पुलिस बेरिकेडिंग लगाकर लोगों की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर पर विवेकानंद स्कूल में हुई भाषण स्पर्धा

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद पब्लिक स्कूल गढ़ी-हरसरू में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता के द्वारा स्वामी जी के विचारों को सभी छात्र छात्राओं में प्रेषित करने का कार्य किया।

सभागार में मौजूद प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी और हिंदी में दिए गए अपने भाषण से स्वामी जी के विचारों को अन्य बच्चों में समाहित करने का प्रयास किया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्राचार्य



और प्रसिद्ध शिक्षाविद् राम बहादुर सिंह ने कहा कि स्वामी जी का अवतरण उस काल में हुआ, जब पूरा विश्व भारत की संस्कृति को उपेक्षा से देखता था। 1893 में शिकागो में होने वाले विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेकर अपने उद्बोधन द्वारा उन्होंने विश्व को बता दिया कि विश्व का सांस्कृतिक जनक भारत ही है।

## ठंड बहुत है, बेघरों को रैन बसेरों की राह दिखाएं

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### गुरुग्राम में 12 स्थानों पर बनाए गए हैं रैन बसेरे

**गरीबों,** असहाय और जरूरतमंद लोगों को सदियों की रात बिताने के लिए छत की तलाश रहती है। ऐसे में बढ़ती सर्दी के बीच खुले में फुटपाथ पर रहने को मजबूर लोगों के लिए जिला प्रशासन ने जरूरत के अनुसार नगर निगम, नगर पालिका व नगर परिषद क्षेत्र में रैन बसेरा बनाए हैं।

रैन बसेरा में लोगों को ठंड के चलते कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी स्थानों पर उचित व्यवस्था की गई है। जिला में कुल 12 स्थानों पर रैन बसेरे बनाए गए हैं। जिसमें गुरुग्राम नगर निगम के वार्ड-10 में रेलवे स्टेशन, वार्ड-18 में सोहना चौक, वार्ड-17 में भीम नगर, वार्ड-19 में राजीव चौक, वार्ड-32 में कन्हई, वार्ड-13 में कादीपुर व वार्ड-25 में दरबारीपुर में रैन बसेरा बनाया गया है। मानेसर निगम क्षेत्र में हरिजन कॉलोनी स्थित कम्युनिटी सेंटर व नगर परिषद सोहना में अग्रवाल धर्मशाला, नगरपालिका फरुखनगर में नगर पालिका कार्यालय के नजदीक, नगर परिषद पटौदी-मंडी में पटौदी के वार्ड पांच में कम्युनिटी सेंटर, हेली मंडी के वार्ड 8 में रेलवे स्टेशन के नजदीक पंचायती धर्मशाला में रैन बसेरा बनाया गया है।

**रैन बसेरा पर इंचार्ज नियुक्त किए :** रैन बसेरों में सर्दी से बचाव की सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक रैन बसेरा पर इंचार्ज नियुक्त किए गए है, जोकि समय समय पर रैन बसेरों में दी जा रही सुविधाओं की जांच कर उसकी रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारियों को भेजेंगे। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति ठंड में बाहर न सोया हो। ऐसे व्यक्ति को नजदीकी रैन बसेरों में शिफ्ट करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में रात्रि विश्राम के लिए आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी ना हो इस पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने आमजन से आह्वान किया कि उन्हें जिला में कहीं भी ठंड में खुले में बाहर सोने वाले बेसहारा व्यक्ति मिले तो उन्हें जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरों की जानकारी अवश्य दें।

## संक्षिप्त समाचार

### ताइक्वांडो खिलाड़ी मुर्तजा को नवीन गोयल ने किया सम्मानित



गुरुग्राम में ताइक्वांडो खिलाड़ी एमए मुर्तजा को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** मात्र तीन मिनट में सबसे ज्यादा घुटने से किक मारकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले एमए मुर्तजा को यहां कैनविन हाउस में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उन्हें सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा भेंट किया गया। एमए मुर्तजा लंदन वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेशन से रिकॉर्ड धारक बन चुके हैं। साथ ही लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी उनका नाम दर्ज हुआ है। उन्होंने एक पैर से 280 बार घुटने से किक करने का रिकॉर्ड बनाया है। यह कारनामा उन्होंने मात्र तीन मिनट में किया। इसके अलावा एमए मुर्तजा ने जंपिंग जैक में रिकॉर्ड तोड़ते हुए ब्रिटिश विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने 10 सेकेंड में सबसे ज्यादा जंपिंग जैक की और 25 सेट किए। साथ ही साथ उन्होंने गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड और दुनिया व भारत की विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर रिकॉर्ड बनाए हैं। एमए मुर्तजा की इन उपलब्धियों की सराहना करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को भी उनकी मेहनत और उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में हर क्षेत्र में महारत खिलाड़ी रहते हैं। समय-समय पर उनकी प्रतिभा हमारे सामने आती है। खेल, शिक्षा, कला, गीत-संगीत समेत अनेक विधाओं में यहां बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक दुनियाभर में अपना लोहा मनवाते हैं। उन्होंने कहा के कैनविन फाउंडेशन हर उस प्रतिभा की कद्र करता है, जो हमारे जिला, प्रदेश और देश का अपने क्षेत्र में नाम रोशन करता है। उन्होंने अपने साथियों से, समाज के लोगों से आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिभाओं के बारे में न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन हाउस में जानकारी देकर जाएं, ताकि उनका सम्मान करके हौंसला बढ़ाया जा सके।

### युवाओं को वोट के प्रति जागरुक करने को कैंप लगा



सोहना के गांव सरमथला में मतदाता जागरूकता का लगाया गया कैंप।

**सोहना।** सोहना के गांव सरमथला में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को वोट के प्रति जागरूकता बारे में कैंप लगाया गया। बीएलओ द्वारा विशेष रूप से कैंप लगाकर युवाओं के फार्म भरवाए गए। बुधवार को सोहना के गांव सरमथला में जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गुरुग्राम के आदेश अनुसार 78 सोहना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव सरमथला में युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूकता अभियान के माध्यम से एक दिवसीय कैंप लगाया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा साल में चार चरण में मतदाता बनने जाएंगे। जिसमें 01 जनवरी, 01 अप्रैल 2022 , 01 जुलाई 2023 व 01 अक्टूबर 2023 को बनाई जाएगी। जिस युवा की उम्र 18 वर्ष की हो जाएगी। वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का हकदार होगा। इस बारे 78.सोहना विधानसभा क्षेत्र में जन जागरण अभियान चलाकर युवाओं को वोट के प्रति जागरूक करके प्रारूप 6 बीएलओ द्वारा विशेष रूप से कैंप लगाकर फार्म भरवाए गए। ताकि कोई भी युवा वोट से वंचित न रहे। सोहना के उपमंडल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र सोहना के प्रत्येक गांव व वार्ड के युवाओं को वोट के प्रति जन जागरण अभियान चलाकर वोट के लिए फार्म भरवाए जाएंगे। इस मौके पर गांव के सदस्यों ने उप मंडल अधिकारी के समक्ष बीपीएल राशन कार्ड कटने, परिवार पहचान पत्र में आय सम्बंधी गलतियों के सुधार करने के बारे में, पात्र बुजुर्गों की पेंशन समय पर बनाने और सरमथला के समीप सड़क पर बनी पुलिया का दोबारा से नव निर्माण किए जाने की मांग की। सोहना के उपमंडल अधिकारी नागरिक प्रदीप सिंह ने जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

### स्वामी विवेकानंद के कहा हर शब्द प्रेरणादायक : प्रो. दिनेश

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाई गई। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर उपस्थित कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, डीन अकादमी अफेयर्स प्रो. सुभाष कुंडू समेत विवि के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद को नमन किया। विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंदजी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि उनके कहे हर एक शब्द हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। स्वामी विवेकानंद जी जो विचारों की अतुल्य विरासत हमें सौंप गए हैं, वे पीढ़ियों तक हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

## वंचितों को सर्दी से बचाने के लिए इस साल भी आगे आई डोनालसन कंपनी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### पिछली बार की तरह इस बार भी भेजे कंबल

**आईएमटी** मानेसर स्थित नाहरपुर कासन गांव के पास डोनालसन इंडिया फिल्टर सिस्टम प्रालि की ओर से पिछले साल की तरह इस साल भी गरीबों, वंचितों को ठंड से बचाने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी में कंबल भेजे गए हैं। साथ ही रेडक्रॉस के ब्लड बैंक के लिए पांच काउच भी डोनेट किए हैं, ताकि रक्तदान करते समय संसाधनों की कमी ना रहे।

डोनालसन इंडिया फिल्टर सिस्टम प्रालि कंपनी सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहती है। लगातार दो साल से ठंड के मौसम में गरीबों के लिए कंबल भेजने के साथ कंपनी पर्यावरण संरक्षण, जल की बचत समेत अन्य सामाजिक विषयों पर भी काम करती है। कंपनी की ओर से प्रबंध निदेशक साउथ एशिया विराट कदम, डायरेक्टर एचआर साउथ एशिया सुधा गुप्ता, डायरेक्टर फाइनेंस साउथ एशिया सुनील गुप्ता, सीनियर मैनेजर मनोज पांडेय, डायरेक्टर ऑपरेशंस राजीव शर्मा, डायरेक्टर इंडस्ट्रीयल प्रवीन कुमार यादव की टीम समाजसेवा में सक्रिय रहती है। उनका कहना है कि कंपनी का यही ध्येय है कि समाज को भी हमें साथ लेकर चलना चाहिए। गरीब, वंचित लोगों का संरक्षण करना भी हमारे



रेडक्रॉस सोसायटी को कंबल भेंट करते डोनालसन कंपनी के अधिकारी।

सामाजिक कार्यों में शामिल होना चाहिए। जिला उपायुक्त नितिन कुमार यादव, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि डोनालसन कंपनी की ओर से वंचित लोगों के लिए की जा रही यह सेवा काबिले तारीफ है। गुरुग्राम में निजी संस्थानों, कंपनियों ने कोविड के समय खूब सहयोग किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने कहा कि गुरुग्राम में समाजसेवियों, दानियों की कोई कमी नहीं है। विकास कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस की टीम में जिला प्रशिक्षण अधिकारी जितिन कौशिक, रेडक्रॉस टीम से अतुल कुमार पराशर, आकांक्षा, कुणाल मंगला, श्यामा राजपूत, रेडक्रॉस द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार, मीनाक्षी, संजू, जयभगवान, जोगेंद्र राठी, भीम शर्मा, अजय, भीम सिंह, सरोज व टीआई प्रोजेक्ट की टीम सामाजिक सेवाओं में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दे रहे हैं।

## जरूरतमंदों को इलाज के लिए 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है।

अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि



डीसी निशांत कुमार यादव।

जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है।

## कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई ने हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण के लिए एस्टर मेड सिटी कोच्चि के साथ अनुबंध किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कावेरी** ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की एक इकाई, कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई, जो कि तमिलनाडु की एक प्रमुख मल्टीस्पेशलिटी हेल्थकेयर चेन है, ने दक्षिण भारत में हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण को बेहतर बनाने के लिए एस्टर मेड सिटी कोच्चि के साथ अनुबंध किया है। एस्टर मेड सिटी कोच्चि में एक चतुर्थक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र है और दक्षिण भारत का सबसे बड़ा है। यह हेल्थकेयर समूह एस्टर डी.एम. हेल्थकेयर का मुख्य अस्पताल है। कावेरी हॉस्पिटल के साथ इस संबद्धता के माध्यम से, इस संस्थान को कोच्चि में अपनी अत्याधुनिक सुविधा में हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण करने के लिए कावेरी हॉस्पिटल की एक विशेषज्ञ नैदानिक टीम तक पहुंच प्राप्त होगी।

एस्टर मेडिसिटी के साथ संबद्धता के बारे में बोलते हुए, कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई के सह-संस्थापक और कार्यकारी निदेशक, डॉ. अरविंदन सेल्वराज कहते हैं, भारत में अंग प्रत्यारोपण का चलन धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है, फिर भी हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण अभी भी कम किए जा रहे हैं। कुछ चुनौतियां हैं, मृतक के परिवारों द्वारा अंगदान के लिए इच्छा व्यक्त करने की अनिच्छा, कुछ अस्पतालों में शल्य-चिकित्सकों की अत्यंत योग्य टीम की अनुपलब्धता और सबसे महत्वपूर्ण कारण है अत्यधिक जटिल प्रक्रिया को करने के लिए आधारभूत ढांचे का अभाव। कावेरी हॉस्पिटल, चेन्नई में हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण के लिए चिकित्सकीय टीम में सुशिक्षित शल्य-चिकित्सक और सहायक चिकित्सक शामिल हैं जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार अत्यंत कुशल और प्रशिक्षित हैं। हमारे पास हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण



की प्रक्रिया करने में नवीनतम प्रगतियां भी उपलब्ध हैं। यह टीम प्रत्यारोपण करवाने वाले व्यक्तियों को शल्य-चिकित्सा से पूर्व प्रदान की जाने वाली देखभाल से लेकर शल्य-चिकित्सा के बाद और स्वास्थ्यलाभ तक संपूर्ण देखभाल भी प्रदान करती है। स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक, एस्टर मेड सिटी, कोच्चि को इस अनूठी विशेषज्ञता और सहयोग प्रदान करते हुए हमें खुशी हो रही है। इस संबद्धता के माध्यम से हमें असीमित विशेषज्ञता प्रदान करने में प्रसन्नता हो रही है। एस्टर मेडिसिटी से श्री फरहान यासीन, क्षेत्रीय निदेशक, एस्टर हॉस्पिटल केरल एवं तमिलनाडु कहते हैं, केरल में अंगदान अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, और अंगदान पर लोगों के बीच जागरूकता की कमी के कारण ऐसा है। पूर्ण अंगदान से 8 लोगों की जान बचाई जा सकती है और हम इस जागरूकता को फैला रहे हैं और अंगदान से जुड़े मिथकों को मिटा रहे हैं। एस्टर में, हमारे पास अत्याधुनिक आधारभूत ढाँचा उपलब्ध है और हम नवीनतम तकनीकी प्रगति से सुसज्जित हैं। दक्षिण में सबसे भरोसेमंद स्वास्थ्य संस्थानों में से एक, कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई की उच्च स्तरीय विशेषज्ञता के साथ, हमारा मानना है कि इस संबद्धता से हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे और अधिक रोगियों को लाभ होगा।

## एमजी ने भारत में आयोजित ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी हाइड्रोजन फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी प्रदर्शित की

### कंपनी ने दुनिया की पहली हाइड्रोजन फ्यूल-सेल एमपीवी-EUNIQ का प्रदर्शन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमजी** मोटर इंडिया ने सस्टेनेबिलिटी पर खास फोकस के साथ भारत में गतिशीलता के भविष्य को प्रदर्शित करते हुए, ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी थर्ड-जेनरेशन की हाइड्रोजन फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी से चलने वाले न्यू एनर्जी व्हीकल्स (एनईवी) का प्रदर्शन किया। दुनिया का नेतृत्व कर रहा हाइड्रोजन फ्यूल-सेल सिस्टम पर्यावरण के अनुकूल और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित है। यह स्वच्छ पर्यावरण में यूजर्स को सक्षम और बेहतरीन तरीके से यात्रा की सुविधा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करता है।

हाइड्रोजन फ्यूल-सेल सिस्टम को सबसे पहले 2001 में फीनिक्स के नंबर 1 फ्यूल सेल व्हीकल प्रोजेक्ट के लिए




लॉन्च किया गया था। अब नए तरीके से विकसित थर्ड-जनरेशन फ्यूल-सेल सिस्टम, जिसे प्रोम पी390 का नाम से जाना जाता है, कई अत्याधुनिक फीचर्स के साथ आता है। इन खूबियों में एकीकृत डिजाइन, उच्च ऊर्जा घनत्व, उच्च टिकाउपन और उच्च विश्वसनीयता के साथ मौसम के अनुकूल बेहतरीन ढंग से अपने को ढालने की क्षमता शामिल है। 92 किलोवॉट के सिस्टम पावर के साथ विश्व में अग्रणी फ्यूलसेल टेक्नोलॉजी उच्च सुरक्षा के मानकों पर खरा उतरती है और सभी प्रमुख परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स पर बेहतर प्रदर्शन करती है, जिसमें आराम, ईंधन की बचत और सर्विस लाइफ शामिल है। प्रोम पी 390 का इंटेलिजेंट कंट्रोल एलॉगरिथम काफी तेज रेस्पॉन्स देता है और वाहन पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखता है। फ्यूल-सेल सिस्टम का इस्तेमाल फ्यूल सेल से चलने वाली यात्री कारों, सिटी बसों, मध्यम और भारी ट्रकों और दूसरे वाहन प्लेटफॉर्म में भी किया जा सकता है। एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक राजीव छाबा ने कहा, इधर कई सालों से एमजी मोटर को नवाचार का पर्यायवाची माना जाने लगा है। मानव केंद्रित टेक्नोलॉजीज और स्थायित्व दोनों के संदर्भ में हलचल मचाने वाले मोबिलिटी सोल्यूशन पेश करने के विजन के साथ हमने भारत में प्रवेश किया। अब जब इंडस्ट्री वैकल्पिक ऊर्जा तकनीक की खोज कर रही है। हम विश्व की प्रमुख हाइड्रोजन फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी-प्रोम पी 390 को भारत में लाकर काफी प्रसन्न हैं। हाइड्रोजन को ईंधन के रूप में प्रयोग कर फ्यूल-सेल से चलने वाली गाड़ियों के कई लाभ हैं। जैसे यह प्रदूषण नहीं फैलाती, इसकी क्षमता काफी ज्यादा होती है, यह भारी लोड उठाने में सक्षम होती हैं और इनकी बैटरी लाइफ भी लंबी होती है। प्रोम पी390 सिस्टम EUNIQ के साथ इन सभी मानकों पर बेहतरीन परफॉर्मेंस देने का वादा करता है।

## दमदमा झील से सोहना व भोंडसी की सड़कों की मरम्मत होगी नए बजट में

### जनता को मार्गों पर बने गड्ढे की मरम्मत को तीन माह का और इंतजार करना होगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दमदमा** झील से सोहना और भोंडसी जाने वाले मार्गों पर बने गड्ढे को भरने के लिए ग्रामीणों को तीन माह का और इंतजार करना होगा। वर्ष 2023 के नये बजट में दोनों मार्गों के निर्माण के लिए पास करना होगा।

मामूल रहे कि मार्च 2022 में प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दमदमा झील पर पैराग्लाइडिंग का उद्घाटन करने के अवसर पर क्षेत्रवासियों की मांग को मानते हुए सोहना और भोंडसी जाने वाले मार्ग दोबारा से निर्माण किए जाने की घोषणा की थी। जिसके लिए बजट की कोई समस्या न आने देने का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आश्वासन दिया था।

इन दोनों सड़कों पर बने गड्ढों के कारण वर्ष 2022 के सत्र में ही निर्माण करने के आदेश बीएण्डआर विभाग को दिए थे। लेकिन इन आदेशों को 10 माह बीत जाने के बाद भी बीएण्डआर विभाग मरम्मत नहीं करा सका है। मुख्यमंत्री के आदेशों का आज तक विभाग अमलीजामा



दमदमा-सोहना रोड पर बने गड्ढे।

नहीं पहनाया जा सका है। जिसका खामियाजा इन मार्गों से रोजना 200 से 250 वाहन गुजरते हैं। 10 से 12 गांवों के नागरिकों को परेशानियां हो रही है।

**लहराते हुए चल रहे है वाहन :** दमदमा झील से सोहना और भोंडसी जाने वाले मार्ग पर बने गड्ढों के कारण वाहन सांप की तरह से लहराते हुए चलते है। जिसका कारण इन गड्ढों के कारण वाहनों का आए दिन नुकसान हो रहे हैं। इसलिए बाइक, स्कूटी, ऑटो कब किस तरफ मूड़ जाए। जिसके कारण आए दिन दो पहिया चालक चोटिल हो रहे है।

**दमदमा झील पर आने से डरते हैं पर्यटक :** सर्दी के मौसम में शनिवार और रविवार को दमदमा झील पर नौकायान करने के लिए आने वाले पर्यटकों की लंबी लाइनें लगी होती है। लेकिन सड़कों की जर्जर हालत

> **दमदमा** झील से सोहना और भोंडसी के बीच 18 किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए नये सत्र में बजट आएगा। बजट आने पर ही मई माह से पहले निर्माण कार्य की शुरूआत की जाएगी।
>
> **अजीत सिंह**
> **( एसडीओ बीएण्डआर )**

होने के कारण पर्यटक अपनी और अपने वाहन की सुरक्षित रखने के कारण गड्ढों वाली सड़क पर चलने से कतराने लगे है। पर्यटकों की संख्या कम होने से झील किनारे बने सरकारी और गैर सरकारी रिसोर्ट और कॉम्पलेक्स का कारोबार प्रभावित हो रहा है। झील किनारे बना सारस पर्यटन स्थल प्रभारी राजेश शर्मा का कहना है कि सड़कों के गड्ढे उनके कारोबार को प्रभावित कर रहे हैं।

## ग्रामीण महिलाओं को अच्छे खानपान और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक



### महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग ने पोषण जागृति को निकाली जागरुकता रैली

### जन जागरुकता रैली में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया

**सोहना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग के तत्वावधान में खंड के गांव हरचंदपुर में हरियाणा पोषण जागृति के तहत जागरुकता रैली निकाली। जिसमें महिलाओं को खानपान से लेकर अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखने के प्रति प्रेरित किया। गुरुवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की तरफ से सुपरवाइजर अनिता ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर खंड के गांव हरचंदपुर में जागरुकता रैली निकाली। इस जागरुकता रैली का उद्देश्य से ग्रामीण महिलाओं को खानपान और अच्छे स्वास्थ्य बनाएं रखने के लिए प्रेरित किया। गांव के मुख्य रास्तों में रैली निकाली। रैली में घरों में कामकाज कर रही महिलाओं को नारे के माध्यम से दरवाजों पर आने के लिए मजबूर किया। ताकि नारों के माध्यम से महिलाएं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जागरुकता अभियान के प्रति आकर्षित हो सके। सरकार की योजनाओं को समझे। रैली के बाद गांव के सार्वजनिक स्थान पर एक बैठक का आयोजन किया। जहां पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने आकर भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को कम खर्चे पर अच्छा भोजन घरों में पकाना से लेकर अच्छे साफ-सुथरे कपड़े पहनना, कम लागत से घर में पौष्टिक और गुणकारी भोजन बनाने की जानकारी दी। सुपरवाइजर अनिता ने बताया कि महिलाए ही घर में एक ऐसी भूमिका निभाती है। जिसके कार्य छोटे बच्चों से लेकर युवा और वृद्धजन जुड़े होते हैं। इसलिए महिलाओं को अच्छे खानपान और स्वास्थ्य के लिए जागरुक करना अति आवश्यक है।

## एमजी ने भारत में नेक्स्ट-जेन हेक्टर की कीमत की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमजी** मोटर इंडिया ने आज हेक्टर की कीमत की घोषणा की। नेक्स्ट-जेन हेक्टर में कई रोमांचक तकनीकें और 11 ऑटोनॉमस लेवल 2 (ĐUĐñ) विशेषताएं हैं जो बेहतर सुरक्षा के साथ परेशानी मुक्त ड्राइविंग आराम प्रदान करती हैं। अपने नए-नए आकर्षक बोल्ड एक्सटीरियर और विकसित सुरक्षा सुविधाओं और सुरुचिपूर्ण डिजाइन तत्वों के साथ, नेक्स्ट-जेन हेक्टर एक अभूतपूर्व ड्राइव और उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करता है। नई एसयूवी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले इंटीरियर लकड़ी के फिनिश के साथ डुअल-टोन अर्गिल ब्राउन और ब्लैक थीम में उपलब्ध हैं। फ्लैगशिप एसयूवी 5, 6 और 7-सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध है, यह बुद्धिमानी से डिजाइन किए गए बैठने के विकल्प और पर्याप्त जगह प्रदान करता है। 6-सीटर केन्ट सीटें एक कप्तान कॉन्फिगरेशन के साथ आती हैं जबकि 7-सीटर वाहन बेंच सीटों के साथ पेश की जाती हैं।

हेक्टर आकर्षक मूल्य पेशकश के साथ 5 वेरिएंट्स- स्टाइल, स्मार्ट, स्मार्ट प्रो, शार्प प्रो और सेवी प्रो में आता हैरू ऑटोनॉमस लेवल 2 एसयूवी में 11 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम्स (एडीएएस) फीचर्स पेश किए गए हैं। इनमें ट्रैफिक जैम असिस्ट (टीजेए) और ऑटो टर्न इंडीकेटर्स शामिल हैं जो



ड्राइवर को पूरा मानसिक शान्ति, सुरक्षा और आराम प्रदान करते हैं। इंटेलीजेंट ट्रैफिक जैम असिस्ट (टीजेए) ट्रैफिक जैम की स्थिति में वाहन को लेन के बीच में रखकर और सामने से आने वाले वाहनों से सुरक्षित दूर बरकरार रखकर कम से कम प्रयास और अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करता है। नेक्स्ट-जेन एमजी हेक्टर में नए पेश किए गए स्मार्ट ऑटो टर्न इंडीकेटर्स परेशानी रहित एवं सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव की पेशकश करती है। स्टीयरिंग एंगल के आधार पर, संबंधित इंडीकेटर की लाइट अपने आप चालू और बंद हो जाती है। यह ऑटोमैटिक सिग्नल उस समय फायदेमंद होगा जब ड्राइवर यू-टर्न लेते वक्त या पार्किंग स्पेस से सड़क पर आने के दौरान इंडीकेटर ऑन करना भूल जाता है। नई एसयूवी में एकदम नए यूजर इंटरफेस के साथ भारत का सबसे बड़ा 35.56 सेंटीमीटर (14 इंच) का एचडी पोर्ट्रेट इंफोटेनमेंट सिस्टम है। सेगमेंट में पहली डिजिटल ब्लूटूथ की और की-शेयरिंग क्षमता में भी इसके तकनीकी नवाचार नजर आते हैं। इमरजेंसी के दौरान या फिर चाबी खोने की स्थिति में, वाहन को खोलने, बंद करने, चालू करने और उसे चलाने के लिए डिजिटल की का इस्तेमाल किया जा सकता है। रिमोट लॉकध्अनलॉक फीचर का इस्तेमाल करने पर कार को कहीं से भी अनलॉक किया जा सकता है। की-शेयरिंग फंक्शन के साथ, व्यक्ति दो लोगों के साथ अतिरिक्त चाबी शेयर कर सकता है। इतना ही नहीं, नेक्स्ट-जेन हेक्टर अब 75 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स में उपलब्ध हैं। इनमें 100 वॉयस कमांड्स शामिल हैं। इसका श्रेय आइ-स्मार्ट टेक्नोलॉजी को जाता है जो ज्यादा स्मार्ट एवं आनंददायक ड्राइव्स के लिए हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, कनेक्टिविटी, सर्विसेज और ऐप्लीकेशंस का संयोजन करती है। नेक्स्ट-जेन हेक्टर के वॉयस कमांड्स में आइ-स्मार्ट तकनीक शामिल है। इसमें सेगमेंट में पहली बार कई खूबियाँ दी गई हैं, जैसे कि सनरूफ के लिए टच-स्क्रीन कंट्रोल, एंबियंट की लाइट के लिए वॉयस कमांड्स, पाँच भारतीय भाषाओं में नैविगेशन वॉयस गाइडेंस, 50 हिंग्लिश कमांड्स, और कई दूसरे उपयोगी ऐप्स जिनमें पार्किंग खोजने और बुकिंग के लिए पार्क तथा म्यूजिक के लिए जियो-सावन ऐप शामिल हैं।

# बीके : पंजीकरण काउंटर बंद होने से मरीज दिखे परेशान

## शौचालयों में फैली रही गंदगी और बदबू से मरीज हुए परेशान

कविता। फरीदाबाद



खाली बंद काउंटर और अन्य पर लगी लम्बी लाइन।


ओपीडी के भीतर बने शौचालय के बाहर बहता गंदा पानी और पेशाब।

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में हजारों की संख्या में रोजाना मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन कर तरफ से सभी सुविधाएं देने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से बृहस्पतिवार को मरीज परेशान नजर आए। जहां ओपीडी के बाहर बने पंजीकरण काउंटरों में से एक काउंटर बंद था, वहीं दूसरी तरफ कार्ड रिन्यू काउंटर पर मात्र एक ही काउंटर चल रहा था। जिससे मरीज दिन भर परेशान रहे।

वहीं दूसरी तरफ अस्पताल के शौचालयों में गंदी बदबू और बाहर तक गंदा पानी आने से ओपीडी में आए मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान सबसे अधिक परेशानी यूरिन जांच करवाने के लिए सैम्पल देने आए मरीजों को हो रही थी।

**परेशान रहे बुजुर्ग :** ओपीडी के पंजीकरण काउंटर पर वरिष्ठ नागरिक और स्टाफ के लिए बना काउंटर बृहस्पतिवार को बंद पड़ा हुआ था। जिसके कारण लोग परेशान नजर आए। पंजीकरण काउंटर के बाहर लम्बी लाईने लग गई। बुजुर्गों को पंजीकरण कांउटर के बाहर गुस्से में एक दूसरे को उल्टा सीधा बोलते हुए देखा गया। जब उनसे बात की गई, तो उन्होंने कहा कि महिला और पुरूषों की लाईनों में लग कर कार्ड बनवाने को कहा जा रहा है। क्योंकि उनके लिए बनाया गया काउंटर बंद है। जिससे उन्हें घंटो यहां लम्बी लाईनों में खड़े रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

**गर्भवती परेशान :** बीके सिविल अस्पताल में मौजूद ओपीडी के शौचालय इतने गंदे थे कि बाहर तक गंदा पानी और यूरिन बह रहा था। जिसके कारण वहां इंफैक्शन फैलने का खतरा साफ नजर आ रहा था। वहीं यहां गंदी बदबू से मरीजों का जीना मुश्किल हो रहा था। वहीं यहां गर्भवती महिलाओं को खासी परेशानी में देखा गया। महिलाओं ने बताया कि गर्भावस्था में यूरिन जांच करवानी होती है। ऐसे में बाहर बह रहे गंदे पानी और शौचालयों में फैली गंदगी से जहां यूरिन जांच के लिए सैम्पल देने में इंफैक्शन का खतरा है। वहीं यहां फैले पानी और यूरिन से फिसलने का खतरा भी अधिक है।

# सैनिक कॉलोनी में अवैध निर्माण और रजिस्ट्री की जांच विजिलेंस करेगी : सीएम

## एनएच-2 मथुरा हाईवे पर बदरपुर बार्डर से पलवल से जहां जरूरत होगी, वहां फुट ओवरब्रिज बनाने की रिपोर्ट दी जाए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 कन्वेशन हाल में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में शिकायतों का निपटरा करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने सैनिक कॉलोनी में गलत ढंग से बिल्डिंग बनाने, रजिस्ट्री व स्टैंप मामले में मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच विजिलेंस को सौंपने के निर्देश दिए हैं। यह शिकायत कॉलोनी निवासी आरएमएस कुंडू ने की थी। इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि विजिलेंस की जांच में जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज होगी और कार्रवाई भी होगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में शिकायतों का निवारण कर रहे थे। इसके बाद जेजे कैंप निवासी सुभाष मिश्रा ने 1993 में सेक्टर-30 एतमादपुर में दिए गए भूखंडों पर कब्ज़ा न मिलने की शिकायत पर एचएसवीपी विभाग द्वारा बताया गया कि यहां 388 व्यक्तियों की सूची ऐसी है, जिनकी आईडी दिल्ली की थी। जांच करने के उपरांत 52 आवेदकों की आईडी दिल्ली की पाई गई। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अगली मीटिंग तक पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके बाद अगले मामले में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-62 फरीदाबाद व प्रकाश भारद्वाज निवासी सेक्टर-62 की शिकायत पर सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे के नीचे व साथ में बने गंदे पानी की निकासी के नाले की अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग व एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर फिजिबलिटी चैक करके रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान करवाया जाएगा और जरूरत पड़ी तो अतिरिक्त सीवर लाइन भी दबाई जाएगी। आगरा कैनाल कनेक्टिंग ड्रेन के पानी से खराब हई बादशाहपुर गांव के किसान रामलाल हंस की फसलों की गिरदावरी करवाकर नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिए।

उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द से जल्द एफएमडीए, एचएसवीपी, हरियाणा सिंचाई विभाग व यूपी सिंचाई विभाग मीटिंग कर कार्रवाई करें। इसके अलावा एसटीपी के पानी का स्तर सुधारने के लिए भी कार्य करें। मीटिंग में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मिथिला नवयुवक संघ द्वारा सोसायटी में गड़बड़ी की शिकायत पर गुरुग्राम के जिला रजिस्ट्रार कॉप्रेटिव सोसायटी को जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्याम कॉलोनी में अवैध रूप से चल रही डाइंग यूनिटों पर कार्रवाई करने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फरीदाबाद में ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां से ऐसी अवैध यूनिटें प्रदूषण फैला रही हैं। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट भी कार्रवाई कर दी जाए।

तिलपत निवासी भारती देवी पत्नी जर्नादन ने एक निजी कंपनी द्वारा वेतन भुगतान न करने की शिकायत रखी। इस पर श्रम विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि संबंधित कंपनी से कर्मचारियों का भुगतान करवा दिया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कुछ कंपनियां ज्यादा वेतन पर हस्ताक्षर करवाकर कम वेतन कर्मचारियों को देते हैं। इससे पीपीपी में परिवार की आय जांच में काफी दिक्कत आती है। ऐसे में उप श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों को सूची लेकर श्रम विभाग की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें और भविष्य में हिदायत भी दें। उन्होंने अन्य कई मामलें में अहम आदेश दिये।

# दो दर्जन से अधिक मामलों में शामिल यूपी का गैंगस्टर राजेश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने यूपी में लूट तथा चोरी जैसी 25 से अधिक अपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राजेश है। जो उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित गड्डी कोरखारा गांव का रहने वाला है। आरोपी की उम्र 34 वर्ष है। वह उत्तर प्रदेश का एक कुख्यात गैंगस्टर है। जिसपर उत्तर प्रदेश में लूट, डकैती चोरी, गिरोहबंदी व अवैध हथियार के पच्चीस से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच प्रभारी की टीम में शामिल हवलदार संदीप, विक्रम तथा सिपाही सन्नी भुपानी एरिया में गश्त कर रहे थे कि गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की आरोपी अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम भूपानी मोड़ पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी भागते हुए कट्टा निकालने की कोशिश करने लगा परंतु क्राइम ब्रांच की टीम ने बहादुरी और सूझबूझ का परिचय देते हुए आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी को काबू करके थाने लाया गया और उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है। जिसपर यूपी के मथुरा तथा अलीगढ़ जिले के थानों में पिछले 6 वर्षों में लूट, चोरी, अवैध हथियार तथा गैंगस्टर एक्ट की धाराओं के तहत दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी वहां कई मुकदमों में वांछित चल रहा है। पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही है। आरोपी कई बार जेल की हवा खा चुका है और जेल से बाहर आने के पश्चात फिर से इस प्रकार की आपराधिक वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी यूपी पुलिस से बचने के लिए फरीदाबाद आया हुआ था और यहां पर अवैध हथियार के बल पर लूट की किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था।

# चोरी के मामले में पीओ घोषित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेश व पुलिस उपायु तअपराध मुकेश कुमार मल्होत्रा व सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सुरेंदर श्योराण के दिशानिर्देशों के तहत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने पीओ के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रामवीर है जो पलवल जिले के नांगल गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2010 में चोरी की धाराओं के तहत सेक्टर-7 थाने में 2 मुकदमे दर्ज किए गए थे। जिसमें आरोपी ने एक वैगनआर गाड़ी तथा एक प्लैटिना मोटरसाइकिल चोरी किया था। उसके पश्चात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था परंतु आरोपी जमानत पर बाहर आ गया। आरोपी के खिलाफ मामला माननीय अदालत में विचाराधीन था और मुकदमे में आरोपी की तारीख पड़ रही थी।

# कॉलेज में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस इकाई दो तथा विवेकानद स्टडी सर्कल द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया। यूथ आईकॉन माने जाने वाले और दुनिया में भारत की एक अलग पहचान बनाने वाले प्रभावशाली व्यक्तित्व को देश उनकी जयंती पर नमन करता है।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन में इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने इस अवसर पर युवाओं को स्वामी के जीवन से संबंधित विभिन्न



स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता।

घटनाओं का विवरण दिया। विवेकानद के चित्र को अपनी किताबो में रखे तथा कभी भी बुरे विचार आने पर उस चित्र को चारित्र मानकर उनकी अच्छाइयों के बारे में सोचे। और उन्हें स्वामी जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करके राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उठो जागो और अपने लक्ष्य प्राप्ति तक ना रुकने जैसे प्रेरणादाई विचारों को आज के युवा के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि उनकी बताई शिक्षा पर चलना ही सही अर्थों में उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। भारतीय सरकार द्वारा 1984 में स्वामी के जन्मदिन को अर्थात 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया गया। 1985 से पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्टडी सर्कल इंचार्ज डॉ. रेखा सैन तथा एनएसएस अधिकारी डॉ. शोभना गोयल ने इस अवसर पर स्वामी जी के जीवन पर स्वदेश चेतना नामक वृत्तचित्र दिखाया गया।

# नेहरू कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**फरीदाबाद।** स्वामी विवेकानंदजी की जन्म जयंती के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय फ़रीदाबाद में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

जिसमें प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार गुप्ता व कार्यवाहक प्राचार्या अरुणलेखा जी के मार्गदर्शन में एनएसएस द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां महाविद्यालय की तीनो एनएसएस यूनिट्स व तीनो प्रोग्राम ऑफिसर के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# विधायक ने सीएम के सामने रखीं तिगांव विधानसभा क्षेत्र की समस्याएं

## विधायक राजेश नागर के निवास स्थान पहुंचे थे हरियाणा के सीएम मनोहर लाल

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


सीएम मनोहर लाल को स्थानीय समस्याओं के बारे में बताते विधायक राजेश नागर। साथ हैं वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर और अन्य लोग।

**तिगांव** के विधायक राजेश नागर ने सीएम मनोहर लाल के समक्ष अपने क्षेत्र की बातें रखीं। सीएम विधायक राजेश नागर के निवास पर चाय पर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्र का मुआयना भी किया। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नयनपाल रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित जिले के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

विधायक राजेश नागर ने सीएम मनोहर लाल को बताया कि उनके क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों और अनियमित कॉलोनियों सहित बड़ी नियोजित क्षेत्र है जिसे निजी बिल्डरों ने विकसित किया है जिनमें सेक्टर और हाईराइज बिल्डिंग शामिल हैं। लेकिन इन बिल्डरों से वहां रहने वाले निवासी बड़े परेशान रहते हैं और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इनमें बहुत से मामलों में बिल्डर द्वारा अपने वादों को नहीं निभाया गया है और निवासियों को अपनी मर्जी से चलाने की कोशिश कर रहे हैं। विधायक राजेश नागर ने सीएम को बताया कि बिल्डरों के साथ वह स्वयं कई बार मीटिंग कर चुके हैं लेकिन स्थानीय निवासियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा भी विधायक ने अपने क्षेत्र की अन्य बातों को भी सीएम के समक्ष रखा। सीएम मनोहर लाल ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के निदेशक टीएल सत्यप्रकाश को बिल्डर, विधायक और स्थानीय आरडब्ल्यूए के साथ जल्द बैठक कर हल निकालने की बात कही। यह बैठक जल्द होगी। विधायक राजेश नागर ने बताया कि मीटिंग में लोगों की समस्याओं का हल निकलने के प्रति वह पूरी तरह आशांवित हैं। इस पर मौजूद अनेक आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने सीएम मनोहर लाल का धन्यवाद जताया। वहीं सीएम मनोहर लाल ने विधायक राजेश नागर के परिवार को आशीर्वाद दिया और हाल चाल पूछकर फोटो भी खिंचवाए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश तंवरए सुरेंद्र बिधूड़ी, प्रहलाद शर्मा, गिर्राज शर्मा, लोकेश बैंसला, अमित भारद्वाज, जयवीर खटाना, श्याम महेश्वरी, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर, सुधीर नागर, अमन नागर, दयानंद नागर सहित विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# क्रोयर क्रिकेट एकेडमी ने 7 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** सातवें ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया। यह लीग मैच क्रोयर क्रिकेट अकेडमी और युग क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया।

इस मैच में क्रोयर क्रिकेट अकैडमी ने युग क्रिकेट एकेडमी को 7 रन से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40 ओवर का था और क्रोयर क्रिकेट अकैडमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। क्रोयर क्रिकेट अकैडमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर मात्र 212 रन का लक्ष्य दिया। क्रोयर क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए गर्व ने 57 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 62 रन, रुद्र ने 49 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 29 रन और अभिषेक ने 29 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 24 रन बनाए। युग क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सूर्यांश ने 8 ओवर में 1 मैडेन 27 रन देकर 2 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए युग क्रिकेट अकैडमी ने 34.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाकर ढेर हो गई।

# स्कूलों में स्किल एजुकेशन का मॉडल तैयार : नेहरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** में स्कूल स्तर पर स्किल एजुकेशन का मॉडल तैयार हो गया है। इसके लिए श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम सहित पूरा प्रारूप बना लिया है। प्रथम चरण में स्किल एजुकेशन छठी से आठवीं कक्षा तक लागू होगी। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने इनोवेटिव स्किल स्कूल का पूरा खाका और पढ़ाए जाने वाले विषय प्रदेश सरकार के सामने प्रस्तुत किए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की स्वीकृति से 10 जिलों में अगले सत्र से इनोवेटिव स्किल स्कूल शुरू हो जाएंगे।

श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय देश की पहली स्किल यूनिवर्सिटी है और अब यही विश्वविद्यालय देश में पहली बार इनोवेटिव स्किल स्कूल का प्रणेता बनने जा रहा है। इसकी रूपरेखा बन कर तैयार हो गई है। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने इनोवेटिव स्किल स्कूल की पूरी योजना रचना तैयार की है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल देश में स्किल एजुकेशन की नर्सरी साबित होंगे। भविष्य में इन्हें स्किल इको सिस्टम के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में भी विकसित किया जा सकेगा। इनोवेटिव स्किल स्कूल के माध्यम से नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रे मवर्क के अनुसार नई पीढ़ी कौशल को औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ धारण करेगी। इन स्कूलों के माध्यम से केजी टू पीजी तक स्किल एजुकेशन का मॉडल साकार किया जा सकेगा।

श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि इनोवेटिव स्किल स्कूल के अस्तित्व में आने के बाद ड्रॉपआउट की चुनौती से भी पार पाया जा सकेगा। यदि फिर भी कुछ ड्रॉप आउट होता है, तो इन स्कूलों से निकलने वाले विद्यार्थी स्किल्ड होंगे और अपने स्किल के हिसाब से रोजगार के क्षेत्र में अपनी जगह बना सकेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## युवा कोष ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली फरीदाबाद के एनएसए वाईआरसी और स्वामी विवेकानंद युवा कोष ने स्वामी विवेक विवेकानंद जयंती मनाई। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और काव्य पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्राओं को ज्ञान का महत्व, ताकत तथा आवश्यकता पर बल दिया। युवा वर्ग को देश की उन्नति तथा प्रगति में अपने सजग योगदान के लिए प्रेरित किया ताकि एक बलशाली राष्ट्र का निर्माण हो सके। डॉक्टर सुशील कुमार वर्मा तथा श्रीमती शालिनी तुली ने स्वयं सेविकाओं को स्वामी विवेकानंदजी के जीवन से प्रेरित होकर शिक्षा का महत्व बताते हुए अपने जीवन के उपलक्ष्य को निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता भारद्वाज ने भी स्वयं सेविकाओं को स्वामी विवेकानंदजी द्वारा बताए गए मूल मंत्रों को जीवन का आधार बनाने के लिए कहा।

## स्लेजहैमर ने जीता 63 रनों से मैच

**फरीदाबाद।** महादेव देसाई क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर इंडिविजुअल मैच खेला गया। यह मैच स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी अंडर-16 और एमडी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले बेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 273 रन बनाए और यह मैच 64 रन से जीत लिया। जिसमें बल्लेबाज लक्ष्य राजपाल ने 110 गेंदों पर 20 चौके और एक छक्के की मदद से सैंचूरी मारते हुए 122 रन बनाए। वहीं देव भाटिया ने 20 गेंदों पर 6 विकेट के नुकसान पर 30 रन बनाए। वहीं एमडी क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अंकुशन कुमार ने 3 विकेट लिए। वहीं सचिन निशाद ने 2 विकेट लिए। वहीं प्रिंस कुमार, तनिष्क तंवर, अरनव ने 1-1 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए एमडी क्रिकेट अकादमी 31.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 210 रन ही बना सकी। जिसमें खिलाड़ी अदवीक सोनी ने 61 गेंदों पर 14 चौके और 4 छक्कों की मदद से 96 रन बनाए। वहीं सचिन ने 70 गेंदों पर 8 चौके और एक छक्का मारते हुए 47 रन बनाए। वहीं स्लेजहैमर कि गेंदबाज अभय तेवतिया ने 4 विकेट लिए। वहीं कुशाल शर्मा और एकलव्य राघव ने 2-2 विकेट लिए। वहीं कुमार अभिज्ञान और अब्दुल ने 1-1 विकेट लिया। प्लेयर ऑफद द मैच और बेस्ट बेट्समैन का खिताब लक्ष्य राजपाल को दिया गया।

## युवती के रप्चर्ड ओवेरियन सिस्ट का सफल इलाज

**फरीदाबाद।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद में डॉ मेजर इंदु गौड़, कंसल्टैंट ऑब्सटैट्रिक्स एवं गाइनीकोलॉजी ने एक 23 वर्षीय युवती के रप्चर्ड ओवेरियन सिस्ट का सफल इलाज किया। मरीज़ को पेट में भयंकर दर्द और सूजन की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। मेडिकल जांच से पता चला कि मरीज़ की ओवेरियन सिस्ट फट (रप्चर) गई है जिसकी वजह से आंतरिक रक्तस्राव हो रहा था। डॉ इंदु गौड़ ने अपनी टीम के साथ तत्काल मरीज़ की इमरजेंसी लैपरोस्कोपिक सर्जरी की। जानकारी देते हुए, डॉ मेजर इंदु गौड़, कंसल्टैंट ऑब्सटैट्रिक्स एंड गाइनीकोलॉजी ने कहा, यह काफी दुर्लभ किस्म का ममाला था क्योंकि सिस्ट का आकार बड़ा था और यह ओवेरी में ही फट गया था। जिसकी वजह से रक्तस्राव होने लगा था। मरीज के एब्डोमॅन से 900-1000 मिली ब्लड और क्लॉट्स बह गए थे तथा रक्तस्राव को रोकने के लिए इलैक्ट्रोकॉटेराइजेशन सर्जिकल प्रक्रिया की मदद ली गई। यह मामला एक्यूट एक्टॉपिक रप्चर्ड प्रेगनेंसी की तरह था।

## सर्दियों में घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद करें देखभाल



**फरीदाबाद।** सर्दियों में अक्सर लोग घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी कराने से घबराते हैं। अगर नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद सही तरीके से देखभाल की जाए तो ठीक होने के बाद आप सामान्य जीवन जी सकते हैं। ये बात मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ अनुराग अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि ठीक से देखभाल न करने पर सर्जरी फेल होने का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए सर्दियों में घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद ठीक से देखभाल करना बहुत जरूरी है। जोड़ों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद रिकवरी वाला समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। हालांकि, कई कारक किसी भी रिप्लेसमेंट सर्जरी, विशेष रूप से घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी से रिकवरी करने में बहुत मदद करते हैं। सर्जरी के बाद आप कितनी अच्छी तरह चल पाते हैं, क्या आपका पूरा जीवन इस पर निर्भर करेगा और नया जोड़ आपके शरीर को अपनाएगा या नहीं, यह आपके द्वारा बरती गई सावधानी एवं देखभाल पर निर्भर करता है। जो लोग घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी कराने की योजना बना रहे हैं या जो पहले ही घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी करा चुके हैं, उन्हें सर्दियों के दौरान कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होगा।

## जेसी बोस में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच तथा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के जीवन और सिद्धांतों पर एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया। एनसीईआरटी के भाषा शिक्षा विभाग से पूर्व प्रोफेसर प्रमोद कुमार दुबे सत्र में मुख्य वक्ता थे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की। सत्र की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित से हुई। निदेशक युवा मामले प्रो. प्रदीप कुमार डिमरी ने अतिथियों का स्वागत किया और राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता के बारे में बताया। इस अवसर पर आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. संजीव गोयल, फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. ज्योत्सना चावला, संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक भी उपस्थित थे। सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर जोर दिया और स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों का अनुसरण करने का आह्वान किया। अपने मुख्य भाषण में प्रो. दुबे ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया।

## साई धाम में किया प्रसाद वितरण

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी के तत्वधान में शिरडी साई बाबा स्कूल में लोहड़ी व मंकर संक्रांति का त्योहार बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में स्कूल बच्चों, वोकेशनल के विद्यार्थियों व शिक्षकों और मन्दिर के सभी कार्यकताओं को बीएस जैन डायरेक्टर गोमति फूड, दीपक कपिल डायरेक्टर आस्था कंसलटिंग इंजिनीरिंग इण्डिया लिमिटेड, संदीप चौधरी के द्वारा मूंगफली और रेवड़ी का वितरण किया। बीएस जैन ने इस उपलक्ष्य में बच्चों को साई भजन गाकर सुनाया। दीपक कपिल शिरडी साई बाबा स्कूल और बच्चों बहुत प्रभावित हुए उन्होंने यह निश्चित किया कि हम इस संस्था से जुड़ेंगे यथा संभव सहयोग करेंगे। डा. मोतीलाल गुप्ता संस्थापक अध्यक्ष साई धाम ने सभी का धन्यवाद किया। उनके सहयोग की सराहना की और सभी को लोहड़ी व मंकर संक्रांति की शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर प्रिसिंपल बीनू शर्मा, केए पिल्लै उपस्थित रहे।

# भोपाल गैस त्रासदी

## न्यायालय का हस्तक्षेप

**भारत** सरकार 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के लिए यूनियन कार्बाइड पर और पैसा देने का दबाव डाल रही है। सवाल यह है कि आखिर सरकार 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के लिए यूनियन कार्बाइड से अतिरिक्त मुआवजा क्यों चाहती है? 1989 में एक समझौता हुआ था जिसके अनुसार अमेरिकन कंपनी को 470 मिलियन डालर का भुगतान करना था जो उस समय 715 करोड़ रुपये था। इसे अंतिम समझौता माना जा रहा था। यदि भारत सरकार समझौते के तीन दशक से भी अधिक समय बाद अतिरिक्त मांग करती है तो इससे अन्य देशों, बड़ी कंपनियों या बहुपक्षीय एजेंसियों से किए समझौतों पर संदेह पैदा हो सकता है। इससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी प्रभावित हो सकता है जिसे लाने के प्रयास सरकार लगातार कर रही है। वास्तव में सरकार के भीतर से ही सवाल पूछे जाने चाहिए थे कि यूनियन कार्बाइड के साथ 1989 में परस्पर सहमति के बाद हुए समझौते के बाद इस निर्णय में परिवर्तन के प्रयास क्यों हो रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि, ये सवाल सर्वोच्च न्यायालय ने पूछे हैं और मुद्दों का निर्धारण किया है। मुख्यत: इसी कारण अदालत ने सरकार की हल्की खिंचाई की है। यह मुद्दा पांच जजों की पीठ के सम्मुख विचारणीय है जिसमें जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अभय एस. ओका, जस्टिस विक्रम नाथ तथा जस्टिस जे.के. माहेश्वरी शामिल हैं। पीठ ने सरकार को प्रस्तावित कदम के प्रभावों के बारे में सतर्क किया है। इनमें से एक बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा प्रस्तावित निवेश प्रभावित होना है। पीठ केन्द्र की उपचारात्मक याचिका पर विचार कर रही है। उसने कहा है कि लोकरंजकता न्यायिक समीक्षा का आधार हो सकता है, लेकिन यदि मामला पुन: खोला गया तो 'समझौते की पवित्रता' प्रभावित हो सकती है। पीठ ने यह संकेत भी किया है कि मुआवजे की 50 करोड़ धनराशि का इतने साल बीतने के बाद भी उपयोग नहीं हुआ है।



सरकार का यह कदम पूर्वगामी प्रभाव से कर लगाने की याद दिलाता है जिससे देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था। कांग्रेस नीत संप्रग सरकार द्वारा किए इस प्राविधान को मोदी सरकार ने समाप्त किया है। पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स वोडाफोन पर लगाया गया था। वोडाफोन ने भारत में 2007 में हचिन्सन मोबाइल टेलीफोन बिजनेस व अन्य संपत्तियां खरीदी थीं जिन पर भारत सरकार के अधिकारियों ने 7,990 करोड़ रुपये का पूंजीगत लाभ कर लगाया था। वोडाफोन ने इस मामले को अदालत में चुनौती दी थी और उसे सर्वोच्च न्यायालय में 2012 में विजय मिली थी। मामला यहीं समाप्त हो जाना चाहिए था, लेकिन कर अधिकारियों ने तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी को देश की सर्वोच्च अदालत का फैसला अनदेखा कर एक अध्यादेश लाने की सलाह दी, जिसे उन्होंने मान लिया। उस समय पूर्वगामी प्रभाव से कर लगाने की अवधारणा का सत्तारूढ़ अवस्थापना के भीतर से ही विरोध हुआ था। हालांकि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को आशंका थी कि आईटी कानून में प्रस्तावित संशोधन से देश में एफडीआई प्रवाह प्रभावित होगा। पूर्व वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी ने अपने संस्मरण में लिखा है कि सोनिया गांधी, कपिल सिब्बल व पी. चिदम्बरम ने भी पूर्वगामी संशोधन के प्रति आशंका जताई थी। फिर सवाल उठता है कि अध्यादेश लाया ही क्यों गया था? 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कुछ समय तक यह संशोधन कानून में बनाए रखने के बावजूद आश्वस्त किया था कि इसका कभी उपयोग नहीं किया जाएगा। लेकिन अंतत: अंतरराष्ट्रीय जगत में बनी आशंका को देखते हुए मोदी सरकार ने इसे समाप्त कर दिया। अत: वर्तमान मामले में भी पूरी उम्मीद है कि सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की संभावनाओं को देखते हुए संवेदनशीलता प्रदर्शित करेगी।

# नौजवानों की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद

**'अमृत काल' में हमें नौजवानों के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की अधिकांश शिक्षाओं का प्रयोग 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के लिए करना चाहिए।**



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक, हरियाणा के राज्यपाल हैं)



स्वामी विवेकानंद असाधारण व विविधतापूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे। उनको पश्चिमी दर्शन समेत अनेक विषयों का गहन व व्यापक ज्ञान प्राप्त था। वे भारत के पहले ऐसे 'हिंदू भिक्षु' थे जिन्होंने हिंदूवाद व 'सनातन धर्म' का संदेश फैलाया। उन्होंने 'सनातन' मूल्यों, संस्कृति व हिंदूवाद की श्रेष्ठता को निर्णायक रूप से स्थापित किया। कोलकाता में 12 जनवरी, 1863 में जन्मे स्वामी विवेकानंद की यह महान उपलब्धि ऐसे समय आई जब पूरी दुनिया की नजरें भारत पर थीं। योग के प्रति गंभीर रुझान रखने वाले विवेकानंद ने बचपन से ही ध्यान का अभ्यास किया। उनके जीवन की खोज ने उस समय आमूल परिवर्तन प्रदर्शित किया जब वे श्री रामकृष्ण परमहंस के सानिध्य में आए। उनके बीच गुरु-शिष्य का ऐसा विशिष्ट संबंध विकसित हुआ जो आध्यात्मिक गुरुओं के इतिहास में अपना प्रमुख स्थान रखता है।

नवंबर, 1981 में उन्होंने एक बार श्री रामकृष्ण परमहंस से पूछा, 'क्या आपने ईश्वर को देखा है?' इस पर रामकृष्ण परमहंस का जवाब था, 'हां, मैंने ईश्वर को देखा है। मैंने उनको स्पष्ट रूप से उसी तरह देखा, जैसे मैं तुम्हें देख रहा हूं, केवल यह एक अत्यधिक गहन भावना के रूप में था।' श्री रामकृष्ण परमहंस के दैवी निर्देशन में स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिक मार्ग की अनेक ऊंचाइयां प्राप्त कीं। शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में 11 सितंबर, 1893 को दिए उनके भाषण ने दुनिया के विभिन्न भागों से आए अनेक धर्मों के आध्यात्मिक व धार्मिक लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने उपस्थित समूह के समक्ष अपने संबोधन का प्रारंभ 'अमेरिका की बहनों व भाइयों' से किया, जिसने उनके दिल को छू लिया। इस पर उपस्थित लोगों ने काफी समय तक तालियां बजा कर उनका स्वागत किया।

स्वामी विवेकानंद ने कहा, 'आपने मेरा जैसा हार्दिक स्वागत किया है उससे मेरा हृदय अवर्णनीय आनंद से भर गया है। मैं आपको दुनिया में भिक्षुओं की सबसे पुरानी व्यवस्था की ओर से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की ओर से धन्यवाद देता हूं और मैं आपको सभी वर्गों व जातियों के लाखों लाख हिंदुओं की ओर से धन्यवाद देता हूं।' स्वामी जी ने आगे कहा, 'मुझे ऐसे धर्म का होने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहनशीलता तथा सर्व-स्वीकार्यता की शिक्षा दी है। हम न केवल सार्विक सहनशीलता में विश्वास करते हैं, बल्कि हम सभी धर्मों को सच्चा मानते हैं। मुझे ऐसे देश का व्यक्ति होने पर गर्व है जिसने सभी धर्मों तथा इस धरती पर सभी देशों के उत्पीड़ितों व शरणार्थियों को शरण दी है।'

स्वामी विवेकानंद का दृढ़ विश्वास था कि सभी धर्म एक सच्चे ईश्वर की ओर ले जाते हैं जिसका उल्लेख ऋग्वेद में 'एकं सद् विप्रा: बहुधा वदन्ति' के रूप में किया गया है, अर्थात सत्य एक है जिसे विद्वान अनेक नामों से पुकारते हैं। आधुनिक भारतीय पंथनिरपेक्षता पर उनके विचारों का आधार सभी धर्मों का समान सम्मान है। उन्होंने सार्वजनिक संस्कृति के रूप में धार्मिक सहिष्णुता का समर्थन किया क्योंकि वे सद्भावना व शांति चाहते थे। यह कोई सतही अवधारणा न होकर हार्दिक सद्भावना व जाति या धर्म के आधार पर बिना किसी भेदभाव के जनता की सेवा करने की दृढ़ इच्छा थी। पंथनिरपेक्षता पर उनके विचारों में तुष्टीकरण का कोई स्थान नहीं था, बल्कि यह सर्व-समावेशी था। विश्व धर्म संसद में 1893 में ऐतिहासिक भाषण देने के बाद उन्होंने पहले अमेरिका और इसके पश्चात में ब्रिटेन में व्यापक रूप से प्रचार कार्य किया। स्वामी विवेकानंद की अवधारणा आत्मा की अमरता तथा नैतिकता व आदर्श के सिद्धान्तों पर आधारित थी। इसने पूर्व व पश्चिम के बीच सेतु का काम करते हुए एकता स्थापित करने, अतीत के प्रति गर्व करने तथा हमारी असली समृद्धि की भावना प्रचारित करने का काम किया। उन्होंने एक राष्ट्र के रूप में हमारी एकता की भावना की शक्ति प्रदर्शित की तथा हमारे देश की महान आध्यात्मिक विरासत की समुचित समझदारी पैदा की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने लिखा था, 'स्वामी जी ने पूर्व व पश्चिम, धर्म व विज्ञान तथा अतीत व वर्तमान के बीच सामंजस्य स्थापित किया। इसी कारण वे महान हैं। उनकी शिक्षाओं से हमारे देशवासियों ने अभूतपूर्व आत्म-सम्मान, आत्म-निर्भरता तथा आत्म-अभिव्यक्ति प्राप्त की।' प्रख्यात ब्रिटिश इतिहासकार ए.एल. बाशम के शब्दों में 'आने वाली शताब्दियां उनको आधुनिक भारत के एक प्रमुख संस्थापक के रूप में याद करेंगी।' स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व बहुत प्रेरणादायक था। उनके लिए नौजवान उम्मीद से भरे तथा परिवर्तन की मशाल थे। उनका प्रेरक आह्वान था, 'उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य न प्राप्त कर लो।' यह आज भी हमारे मन-मस्तिष्क में गूंजता है। उन्होंने कहा था, वे चाहते हैं कि 'नौजवानों की मांसपेशियां इस्पाती हों, तंत्रिकायें फौलादी हों और उनके हृदय विशाल हों।' वे चाहते थे कि देश के नौजवानों में मातृभूमि व जनता की सेवा करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो। एक बार उन्होंने कहा था, 'तुम सब वहां जाओ जहां प्लेग या अकाल हो या जहां लोग परेशान हों और उनकी परेशानियां दूर करो।' यह देश की सेवा का केन्द्र बिंदु था।

पूरे भारत की अपनी यात्राओं के दौरान स्वामी विवेकानंद जनता व खासकर वंचित समुदाय की भयानक गरीबी और पिछड़ापन देख कर बहुत दु:खी थे। वे यह समझने और खुलेआम घोषणा करने वाले भारत के पहले धार्मिक नेता थे कि भारत के पतन का कारण जनता की अनदेखी है। शताब्दियों तक उत्पीड़न के बाद जनता ने सुधार की क्षमता में अपना विश्वास खो दिया है। उन्होंने समझ लिया था कि गरीबी के बावजूद 'जनता धर्म से पूरी तरह जुड़ी है, लेकिन उनको कभी जीवनदायिनी शिक्षा नहीं मिली है, वेदान्त के सिद्धान्त नहीं बताए गए हैं और वे नहीं जानते कि व्यावहारिक जीवन में इनका उपयोग कैसे किया जाए।' उन्होंने देख लिया था कि उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने का एकमात्र रास्ता शिक्षा, अपने प्रति विश्वास पैदा करना तथा उनकी नैतिक भावना को मजबूत करना है। उनके लिए शिक्षा कैसी होनी चाहिए? स्वामी विवेकानंद ने लिखा, 'वह शिक्षा निरर्थक है जो आम जनता को जीवन संघर्ष के लिए तैयार नहीं करती है, जो उनमें चरित्र की दृढ़ता नहीं पैदा करती है, जो उनमें दान की भावना नहीं पैदा करती है तथा जो उनमें सिंह जैसा साहस नहीं पैदा करती है। क्या ऐसी शिक्षा को शिक्षा कहा जा सकता है? असली शिक्षा वह है जो उनको अपने पैरों पर खड़ा करने में सक्षम बनाए।' इसे आत्मविश्वास कहा जा सकता है।

एक दैवी आत्मा के रूप में स्वामी विवेकानंद ने मानवजीवन की बेहतरी में विज्ञान व तकनीक की भूमिका समझ ली थी। इसलिए जब एक जहाज पर उनकी जमशेदजी टाटा से मुलाकात हुई तो उन्होंने विज्ञान के प्रति प्रतिबद्ध मानव-पूंजी सृजित करने में उनकी सहायता मांगी। स्वामी विवेकानंद से प्रभावित जमशेदजी टाटा ने बैंगलुरू में भारतीय विज्ञान संस्थान की स्थापना की। स्वामी जी चाहते थे कि यहां 'शिक्षा के परंपरागत हिंदू व पश्चिमी व्यवस्थाओं के सर्वोत्तम आयामों को समाहित किया जाए।' अमृत काल में हमें महान दार्शनिक, विचारक, वक्ता, कवि तथा नौजवानों के सबसे बड़े संरक्षक स्वामी विवेकानंद की अधिकांश शिक्षाओं का प्रयोग आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए करना चाहिए।

हम स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। इससे हमें स्वामी जी के दर्शन और आदर्शों से प्रेरणा मिलती है जो भारतीय नौजवानों के महान प्रेरणा स्रोत के रूप में जीवित रहे और काम किया। स्वामी विवेकानंद द्वारा दिखाए रास्ते पर चल कर एक भारत, सर्वश्रेष्ठ भारत तथा भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के केन्द्र में है। हमें स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं के मूल को समाहित करने की प्रतिज्ञा करनी चाहिए जिनमें राष्ट्रीय भावना, देशभक्ति, विविधता में एकता, समावेशी प्रकृति व शुद्धता शामिल हैं। यह स्वामी विवेकानंद के प्रति हमारी सच्ची श्रृद्धांजलि होगी।

# मानसिक व्याधियों का कारण बनता है तनाव

> तनाव दूर करने के लिए किसी ऐसे व्यक्ति के सामने अपना दिल खोलने की कोशिश करें जिस पर आप भरोसा कर सकें।

**ज्योति कपूर**
(लेखिका, पेशे से मनोचिकित्सक हैं)



हर कोई तनाव का अनुभव करता है, जो आपको एक अप्रिय एहसास देता है, लेकिन यह अपने आप में कोई बीमारी नहीं है। हालांकि, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों जैसे पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी), चिंता, अवसाद और मनोविकृति के बीच संबंध हैं। यह एक वास्तविक या कथित घटना की प्रतिक्रिया है जो एक तनाव कारक के रूप में कार्य करती है। दूसरे शब्दों में, कोई व्यक्ति कितना तनावग्रस्त महसूस करता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसी दी गई स्थिति में वह कितना तनाव महसूस करता है। तनाव मस्तिष्क में कई शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के साथ एक रासायनिक प्रतिक्रिया का कारण बनता है। तीव्र तनाव चिंता को ट्रिगर कर सकता है, और दीर्घकालिक तनाव, भले ही यह कम तीव्रता का हो, स्थायी परिवर्तन का कारण बन सकता है। आपका दिल, मांसपेशियां, नर्वस सिस्टम और इम्युनिटी सभी प्रभावित हो जाते हैं। थकान, सुस्ती, मांसपेशियों में दर्द और दर्द, उत्साह की कमी, चिड़चिड़ापन और नींद में गड़बड़ी हो सकती है।

जीवनशैली की खराबी का परिणाम है; सामाजिक और पारस्परिक स्वास्थ्य ग्रस्त है। मानसिक बीमारियां, किसी भी बीमारी की तरह, तनावपूर्ण घटनाओं के प्रति संवेदनशील होती हैं। यहां तनाव रसायन एक ट्रिगर के रूप में कार्य करता है, जो एक अंतर्निहित भेद्यता को सक्रिय करता है।

किसी प्रियजन की अचानक मृत्यु से जुड़ा तीव्र तनाव अवसाद और द्विध्रुवीय विकार जैसे मूड विकारों को ट्रिगर कर सकता है। मृत्यु या दुर्घटना जैसी गंभीर तनावपूर्ण घटनाओं के बाद मतिभ्रम और भ्रम से जुड़े मानसिक विकार प्रमुख हो सकते हैं। द्विध्रुवीय विकार के ज्ञात या उच्च जोखिम वाले मामलों में नींद की कमी



उन्मत्त या अवसादग्रस्तता एपिसोड की शुरुआत को ट्रिगर कर सकती है। इसी तरह, ओसीडी या ऑब्जर्वड कंपल्सिव पर्सनालिटी डिसऑर्डर वाले रोगियों में, तनाव जुनूनी-बाध्यकारी लक्षणों को बढ़ा देता है। लंबे समय तक तनावपूर्ण स्थितियां जो अनुपचारित रहती हैं मनोदैहिक स्थितियों या सोमाटोफॉर्म विकारों के रूप में प्रकट होती हैं। चिंता विकार और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं अक्सर जैविक रूप से कमजोर व्यक्तियों में लंबे समय तक जीवन के तनाव के कारण होती हैं। शारीरिक या सर्जिकल तनाव को सीमित तनाव से मुकाबला करने की क्षमता वाले व्यक्तियों में चिंता एपिसोड और कभी-कभी मनोविकार पैदा करने के लिए भी जाना जाता है। तनाव के संकेत और लक्षण सोच-संबंधी, भावनात्मक या शारीरिक हो सकते हैं। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न हो सकता है। सोचने से संबंधित लक्षणों में कठिनाई महसूस करना, ध्यान केंद्रित करना या सोचना, स्मृति संबंधी समस्याएं, नकारात्मकता का सामना करना या आत्मविश्वास की कमी, लगातार चिंता महसूस करना और निर्णय लेने में कठिनाई शामिल हो सकती है। भावनात्मक लक्षणों में मिजाज, कम मनोबल, चिड़चिड़ापन, निराश या असहाय महसूस करना, आशंकित, चिंतित या घबराहट महसूस करना, उदास महसूस करना, दुखी या दोषी होना, उत्तेजित होना या आराम करने में असमर्थ होना शामिल हो सकते हैं। शारीरिक लक्षणों में सिरदर्द, मांसपेशियों में तनाव या अन्य शारीरिक दर्द या बेचैनी, पेट की समस्याएं, सेक्स ड्राइव में कमी, तेज हृदय गति, उच्च रक्तचाप और थकान शामिल हो सकते हैं।

तनाव से निपटने के लिए, एक तनाव डायरी बनाना शुरू कर देना चाहिए और तनाव के कारणों की पहचान करनी चाहिए, साथ ही यह भी पूछना चाहिए कि यह तनाव क्यों पैदा करता है; क्या यह घटना के बारे में नकारात्मक अनुमान है या वास्तविकता जो आपको परेशान कर रही है? तनाव से निपटने के तरीकों का पता लगाना चाहिए और असफलताओं के मामलों में विकल्पों का पता लगाना चाहिए। यदि आप इस अभ्यास को स्वयं नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी मनोचिकित्सक से सलाह लें। तनाव से निपटने के कुछ स्वस्थ तरीकों में शामिल हो सकते हैं - सोशल मीडिया सहित समाचार देखने, पढ़ने या सुनने से नियमित ब्रेक; स्वस्थ भोजन करना और अच्छी स्वच्छता का अभ्यास करना; व्यायाम करें, भरपूर नींद लें; और यदि आप तनावग्रस्त महसूस करते हैं तो स्वयं को विश्राम दें।

अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी इस मामले में सहायक साबित हो सकता है। दूसरों से बात करना भी तनाव से बचने का एक तरीका है। जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं, उसके लिए सबसे पहले अपना दिल खोलने की कोशिश करें। पूछें कि आपको और सहायता की आवश्यकता कब है। यदि समस्या बनी रहती है या आप आत्महत्या करने के बारे में सोच रहे हैं, तो इसके बारे में किसी मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता या पेशेवर परामर्शदाता से बात करें।

## आप की बात

### साउथ सिनेमा को बढ़त

**एक** समय था जब भारतीय सिनेमा में बॉलीवुड की धूम पूरे देशभर में मची रहती थी। वर्तमान समय मे बॉलीवुड को पछाड़कर साउथ सिनेमा ने देश मे ही नही विश्व भर में अपना डंका बजाया है। अभी अमेरिका के केलिफोर्निया में आयोजित गोल्डन ग्लोब समारोह में साउथ सिनेमा की राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म आरआरआर फ़िल्म के गीत नाटु-नाटु को बेस्ट ओरिजिनल सांग का अवार्ड मिला । इस अवार्ड को जीतने के लिये इस गीत ने रिहाना, टेलर स्विफ्ट और लेडी गागा जैसे विश्व के दिग्गज कलाकारों को पछाड़ा। ये अवार्ड भारत ने पहली बार जीता है। ये क्षण भारत के लिये तो महत्वपूर्ण है ही उससे ज्यादा महत्वपूर्ण भारतीय बॉलीवुड के लिए भी है। लगातर पिछड़ने वाले बॉलीवुड को साउथ सिनेमा से प्रेरणा लेनी चाहिये। हमेशा से अच्छी स्थिति में रहने वाले साउथ सिनेमा ने पूरे देशभर में अपनी लोकप्रियता को बॉलीवुड की अपेक्षा काफी आगे बढ़ा लिया है। बॉलीवुड फिल्मों की असफलता और साउथ फिल्मों की सफलता के कारण स्पष्ट है। साउथ सिनेमा कभी भारतीय परंपरा व संस्कृति के साथ खिलबाड़ नही करता था। उसका उद्देश्य केवल पैसा कमाना नहीं है। बॉलीवुड को साउथ सिनेमा से अवश्य ही सीख लेनी चाहिये।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### जाति गणना क्यों?

**बिहार** में जाति आधारित गणना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने मामले को 20 जनवरी को सुनवाई की मंजूरी दी है। याचिका में बिहार में हो रही जाति आधारित गणना को चुनौती देते हुए कहा गया कि जनगणना कराने का अधिकार केंद्र सरकार को है, राज्य सरकार को नहीं। नालंदा में रहने वाले अखिलेश कुमार ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले पर शीघ्र सुनवाई की मांग की। जाति आधारित जनगणना के दो पहलू हैं। एक वर्ग कहता है जाति आधारित जनगणना से देश को पता चले कि किस जाति के कितनी आबादी हैए कितनी संख्या है। उसके हिसाब से योजनाओं निर्धारण हो सके। दूसरा वर्ग कहता है सबका साथ सबका विकास हो और जाति को पीछे छोड़ा जाए। डॉ अंबेडकर का कहना था यदि भारत को राष्ट्रों के समूह में गौरव का स्थान प्राप्त करना है, तो पहले जाति को मिटाना होगा। देश के पहले गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने 1952 में स्पष्ट तौर पर कहा था अगर हम जातीय जनगणना करते हैं तो देश का सामाजिक ताना-बाना टूट जाएगा। आज बिहार में जाति आधारित जनगणना की आवश्यकता क्यों पड़ी?

**सदन जी,** पटना

### सराहनीय कदम

**साफ-सफाई** में भारत में 6 बार अपने लिए प्रथम स्थान पा लेना आज मामूली बात नहीं है। इसी तरह से आज खानपान में देश का नेतृत्व करना भी कोई मामूली बात नहीं है। कह सकते हैं कि आज यह न केवल मोदी का कमाल है बल्कि शिवराज की मेहनत की काबिलियत को भी प्रदर्शित करता है। इंदौर व मालवा क्षेत्र की प्रगति बाकी देश की नगरपालिकाओं व नगर निगमों के लिए एक उदाहरण बन गई है। उम्मीद यह भी करनी चाहिए कि इंदौर की यह लोकप्रियता देश भर के अन्य शहरों के साथ ही विदेशों में भी भारतीय संस्कृति, जीवनशैली व खानपान को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करेगी। इंदौर का उदाहरण देश-प्रदेश के अन्य नगर निगमों के साथ उन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी अनुकरणीय है जहां ग्रामीण पर्यटन व प्राकृतिक पर्यटन को विकास देने की योजनायें बनाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार वोकल फार लोकल को महत्व देने की बात कह चुके हैं। इंदौर का उदाहरण इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसका विस्तार होगा।

**राज शाजापुरी,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आज** दुनिया भारत की बात सुनती है। वह दुनिया का विकास इंजन बन सकता है।
**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**हम** अपनी स्वतंत्रता के लिए वीरतापूर्वक संघर्ष कर रहे ईरानी नागरिकों को सलाम करते हैं। वे मूल मानवाधिकारों के लिए अपना जीवन बलिदान कर रहे हैं।
**- बेंजामिन नेतनयाहू**
इस्राइल के प्रधानमंत्री





**मैंने** आपके मन में बसे राहुल गांधी को मार डाला है। मुझे अपनी छवि में कोई दिलचस्पी नहीं है।
**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# आयुष पद्धति में है भारत को हेल्थ टूरिज्म का हब बनाने का सामर्थ्य

## चंदौली के पड़ाव में अघोरेश्वर भगवान राम के आश्रम में पहुंचे योगी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। सीएम ने यहां वाराणसी और चंदौली जिले की सीमा पर स्थित पड़ाव के पास अघोरेश्वर भगवान राम के आश्रम में अघोरेश्वर भगवान राम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उदघाटन किया। सीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति को अपना रही है। आयुष पद्धति में भारत को हेल्थ टूरिज्म का हब बनाने का सामर्थ्य है। इसके लिए हमें तैयार होना होगा। डबल इंजन की सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है और अगर धार्मिक संस्थाएं भी इसमें भागीदार बनें तो आयुष का ये क्षेत्र नई गति के साथ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क से ही समर्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। इसके लिए भारत की प्राचीन और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति सबसे ज्यादा प्रभावी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हम सुना करते थे कि लोग उपचार कराने दुनिया के विकसित देशों में जाया करते थे। मगर आज पूरी दुनिया प्राचीन भारतीय ज्ञान और परंपरा में बेहतर स्वास्थ्य की संभावना तलाश रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी की पावन जयंती भी है। भारत के सनातन हिन्दू धर्म, वेद और दर्शन से दुनिया को अवगत कराने वाले स्वामी विवेकानंद का जन्म हम राष्ट्रिय युवा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर इस पुनीत धाम और अघोरेश्वर बाबा की इस पावन धरती पर इस पवित्र कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर प्राप्त मिला है। अघोरेश्वर भगवान राम की इस पवित्र परंपरा के साथ ही सदैव जिनका सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ थाए उन पूज्य माता जी का कल महापरिनिर्वाण दिवस भी है। उसकी पूर्व संध्या पर भगवान अघोरेश्वर राम की स्मृति में यहां भव्य आयुष भवन आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का नया केंद्र बनने जा रहा है। इसके भव्य उद्घाटन के साथ हमें जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की शैव परंपरा में अघोर परंपरा साधना की एक ऐसी प्रकृति है जो अगर आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो जगत में रहकर परमात्मा के साथ संबंध जोड़ती है और व्यवहारिक दृष्टि से देखें तो समाज को एक सूत्र में जोड़ करके सामाजिक न्याय की धारणा का साक्षात उदाहरण प्रस्तुत करती है। अघोरेश्वर बाबा कीनाराम के द्वारा जिस अघोर परंपरा को नया जीवन दिया गयाए उसे अघोरेश्वर भगवान राम ने नई ऊंचाई देने का कार्य किया। हम सब इस बात को महसूस करते हैं कि वाराणसी चंदौली सीमा पर गंगातट पर पड़ाव और उसके आसपास के क्षेत्र में दीन दुरूखियों, कुष्ट रोगियों, निराश्रित बच्चों के लिए सवेश्वरी समूह सेवा का जैसा उदाहरण प्रस्तुत कर रही है वो न सिर्फअद्भुत है बल्कि अनुकरीणीय भी है। अघोर परंपरा ने समाज में हर प्रकार के भेदभाव को दूर करके समतामूलक समाज के निर्माण में अपना योगदान दिया है। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में बिखरी हुई आयुष पद्धतियों को जोड़कर आयुष मंत्रालय का गठन किया। आज ये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में बहुत बड़ा कार्य कर रहा है। 21 जून की तिथि को दुनिया के अंदर विश्व योग दिवस के रूप में आयोजित किया जा रहा है। दुनिया के 190 से अधिक देश भारत के ऋषि, योगी, संतों, सिद्धों की योग परंपरा के साथ जुड़ रहे हैं। ये शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम तो है ही आध्यात्मिक दृष्टि से जीवात्मा का परमात्मा से जुड़ने का प्रयास भी है। कोरोना काल खंड में हमने अपनी प्राकृतिक चिकित्सा की ताकत को पहचाना। कोरोना काल में लोगों के जीवन की आस के रूप में आयुष सामने आया। आज हम प्रदेश में हजारों हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बना रहे हैं। डबल इंजन की सरकार इसके लिए जी जान से लगी हुई है। धर्मार्थ संस्थाएं भी इसके लिए आगे आएंगी तो इसमें नई गति और नई ऊंचाई मिलेगी।



### ● स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क से ही होगा समर्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण: सीएम

# प्रदेश में कहीं भी न हो अवैध खनन व ओवरलोडिंग की गतिविधि संचालित



### ● सीएम ने चित्रकूटधाम मंडल के सांसदों व विधायकों के साथ की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विगत साढ़े 5 से 6 वर्षों में योजनाबद्ध प्रयासों से प्रदेश में खनन सम्बन्धी कार्यों में पारदर्शिता आई है। आमजन हों या पट्टाधारक अथवा ट्रांसपोर्टर, सभी की सुविधा का ख्याल रखते हुए अनेक अभिनव प्रयास किए गए हैं। खनन कार्य से जुड़े सभी हितधारकों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया बनायी गयी है। व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सांसद व विधायक सहयोग करें। कहीं भी अवैध खनन अथवा ओवरलोडिंग की गतिविधि संचालित न हों। वर्षों से लम्बित अर्जुन सहायक परियोजना के पूरा होने से जनपद हमीरपुर, महोबा व बांदा के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध हो रहा है। यह परियोजना बुन्देलखंड क्षेत्र के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली है।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर चित्रकूटधाम मंडल (चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर) के सांसदों व विधायकों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को नवीन विकास कार्यों के बारे में क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं से अवगत कराया और इस सम्बन्ध में अपने प्रस्ताव दिए। मुख्यमंत्री ने सांसदों और विधायकों के इन प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट, जहां भगवान राम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय व्यतीत किया था, आज चहुंमुखी विकास की नई कहानी कह रहा है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से आज यहां बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी है। जनपद चित्रकूट में एयरपोर्ट का विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का एक महत्वपूर्ण नोड चित्रकूट में है। हर घर नल योजना द्वारा यहां के घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इन प्रयासों से आज पूरे चित्रकूटधाम मंडल में सकारात्मकता का संचार हुआ है। आमजन की सुविधा के दृष्टिगत ईज ऑफ लिविंग के सभी मानकों पर चित्रकूट में कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चित्रकूट, बांदा, महोबा व हमीरपुर में विकास की अपार सम्भावनाएं हैं। यहां धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है। हर जनपद में औद्योगिक विकास के अनेक अवसर हैं। इस क्षेत्र में पर्याप्त लैंडबैंक है। जनप्रतिनिधियों को अपनी इन विशिष्टताओं से देश व दुनिया को परिचित कराना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी तहसील मुख्यालयों पर चरणबद्ध रूप से फायर स्टेशन स्थापित कराए जा रहे हैं। जनपद चित्रकूट की हर तहसील में अग्निशमन केंद्र होंगे। यहां प्रशिक्षित कर्मी तैनात होंगे। जनप्रतिनिधि इन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। जनप्रतिनिधि क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं।

नई दिल्ली में उद्योगपतियों को यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित करेगी टीम योगी

# नई दिल्ली में आज होगा रोड शो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने और जीआईएस-23 में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए सीएम योगी की टीम शुक्रवार को दिल्ली में रोड शो करेगी। दिल्ली के दि ओबराय होटल में सुबह से ही मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उद्यमियों के साथ बिजनेस टू गवर्नमेंट बीटूजी मीटिंग्स का दौर शुरू हो जाएगा जो देर रात तक चलेगा। इस दौरान रोड शो में भी बड़ी संख्या में उद्योगपति शामिल होंगे। बीटूजी मीटिंग्स और रोड शो के दौरान सीएम योगी की टीम दिल्ली उद्यमियों को प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और अवसरों के बारे में रूबरू कराएगी। सीएम योगी की टीम दिल्ली में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, अरविंद कुमार शर्मा, लक्ष्मी नारायण चौधरी, राज्य मंत्री संदीप सिंह, कपिल देव अग्रवाल और अरुण कुमार सक्सेना शामिल हैं जबकि सीएस दुर्गा शंकर मिश्र की अगुवाई में एपीसी मनोज कुमार सिंहए, आईआईडीसी अरविंद कुमार, नोएडा अथॉरिटी की सीईओ रितू माहेश्वरी, यीडा के सीईओ अरुण वीर सिंह, इंवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश और सीएम योगी के सलाहकार केवी राजू दिल्ली के उद्यमियों को नए भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहे उत्तर प्रदेश की खूबियों के बारे में बताएंगे। सीएम योगी की टीम एक दर्जन से अधिक दिग्गज उद्योगपतियों से वन टू वन मुलाकात करेगी जबकि रोड शो में चार दर्जन से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। यह मुलाकात बिजनेस टू गवर्नमेंट के आधार पर होगी। मुलाकात सुबह 10 बजे से शुरू होगी। बीटूजी और रोड शो में सीएम योगी की टीम उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के अवसरों की जानकारी देगी और उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी। टीम दिल्ली के मंत्री और अधिकारियों के शेड्यूल के अनुसार शुक्रवार दि ओबराय होटल के अरावली मीटिंग्स रूम में सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक बीटूजी मीटिंग्स का दौर चलेगा जिसमें करीब

# पीएम देश को जोड़ने में जुटे, मगर कुछ लोग देश को तोड़ने का षडयंत्र रच रहे: मुख्यमंत्री

## जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को तोड़ने वालों से सावधान रहें:सीएम

### ● श्रीमद्जगद्गुरु रामानन्दाचार्य जी के 723वें जयंती समारोह में पहुंचे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, वाराणसी

**श्रीमद्जगद्गुरु** रामानन्दाचार्य जी के 723वें जयंती समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां आये लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक ओर पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को जोड़ने वाली ताकत काम कर रही है जिसमें बिना भेदभाव के समाज के हर तबके को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और आध्यात्मिक वैभव को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य हो रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद और अराजकता से देश को मुक्त करने का कार्य हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग देश को तोड़ने के नाम पर षडयंत्र रच रहे हैं। वे जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को तोड़ने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे तत्वों से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात सौ साल पहले साधना की ऊंचाइयों को प्राप्त करने वाले श्रीमद्गुरु रामानन्दाचार्य ने हर परंपरा को, फिर चाहे वो सगुण हो या निर्गुण, सभी को जोड़कर मध्यकाल के आक्रांताओं को भक्ति के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसी के कारण आज का भारत बचा हुआ है। कार्यक्रम ऐसे अवसर पर आयोजित हो रहा है जब हमारा देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने जिन पंचप्रण की बात की है उनमें एक प्रण है गुलामी के अंशों को सर्वथा समाप्त करना। विरासत के प्रति सम्मान का भाव पैदा करना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जगद्गुरू रामानन्दाचार्य ने एक संदेश दिया था ...जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई...। जगद्गुरू रामानन्दाचार्य ने जो कुछ भी किया लोक कल्याण के लिए किया। उस काल खंड में जब बर्बर हमले हो रहे थे। धर्म असुरक्षित थाए समाज में वैमनस्यता के बीज बोए जा रहे थे। तब उन्होंने समाज के अलग अलग समूहों को जोड़कर अद्भुत कार्य किया था। भक्ति की सभी परंपराओं को जोड़कर अलग अलग जगह अपने विशिष्ट और उत्कृष्ट शिष्यों को भेजकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उस विलक्षण विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का ये एक महान अवसर है।

# सादगी से मनाया गया प्रियंका गांधी का जन्मदिन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व प्रभारी प्रियंका गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनको बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी तथा प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने पार्टी मुख्यालय में गरीबों को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय, पंकज तिवारी, विजय बहादुर, बृजेन्द्र सिंह, मूल चन्द्र चौहान, रफ त फ ातिमा, अमरनाथ अग्रवाल, प्रमोद सिंह, बब्लू पांडेय, ओमकारनाथ सिंह, प्रवीन खान, साबरा खातून, मोहम्मद अतहर, नितान्त सिंह नितिन आदि मौजूद रहे।

### ● बृजलाल खाबरी तथा प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने पार्टी मुख्यालय में गरीबों को कंबल वितरण किया

# मार्च तक प्रदेश के एक करोड़ परिवारों को उपलब्ध कराना है नल कनेक्शन

## सीएस ने डीएम व कमिश्नर के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की समीक्षा

### ● जल जीवन मिशन की सर्वेक्षण सूची में उपलब्धि हासिल करने वाले जिलों के डीएम को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन की सर्वेक्षण सूची में प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जनपदों की तीन स्टार श्रेणी में गाजियाबाद व सबसे तेजी गति से आगे बढ़ने वाले जनपदों की तीन स्टार श्रेणी में महोबा व मिर्जापुर जनपद शामिल हुए हैं। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जनपदों की दो स्टार श्रेणी में शाहजहांपुर, झांसी व चित्रकूट तथा सबसे तेजी गति से आगे बढ़ने वाले जनपदों की दो स्टार श्रेणी में झांसी, चित्रकूट व जालौन जनपद शामिल हुए हैं। कई जिले अक्टूबर माह से दिसम्बर माह तक लगातार सर्वे के टॉप 5 श्रेणी में बने रहे। मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी मंडालयुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने स्टार श्रेणी में आने वाले सम्बन्धित जिलाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का अभियान रफ्तार पकड़ चुका है, इसे आगे भी जारी रखना है। अन्य जनपदों के समक्ष यह उदाहरण है। अन्य जनपदों को भी इसी तरह कार्य करना चाहिए। आगामी 26 जनवरी तक 75 लाख परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही मार्च तक 1 करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। अत: जिन जनपदों में कार्य धीमी गति से किया जा रहा है वहां पर मिशन मोड पर इस कार्य को पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे जनपद जहां वृहद गो संरक्षण केन्द्र का कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन अक्रियाशील है, उन्हें शीघ्र क्रियाशील कराया जाये। इसके अतिरिक्त जिन जनपदों में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र निर्माणाधीन है, उनका कार्य तेजी से पूर्ण कराते हुये आगामी 31 मार्च तक प्रत्येक दशा में क्रियाशील करा दिया जाए। इसके साथ ही समस्त जनपदों में कैटल कैचर क्रय करने की कार्रवाई में तेजी लायी जाए। गौशालाओं के निरीक्षण के लिए रोस्टर के आधार पर नोडल अधिकारियों को नामित किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बच्चों व अनाथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए मंडल स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर अटल आवासीय विद्यालय बनाये जा रहे हैं, जिनका संचालन सीबीएसई बोर्ड के माध्यम से सत्र 2023-24 से होना है। सम्बन्धित जिलाधिकारी इन विद्यालयों का एक बार भ्रमण अवश्य कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

# कुंभ मेले दृष्टिगत क्रय की जाएंगी और अधिक बसें

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि नवम्बर 2022 से अब तक 666 बसों की नीलामी हो चुकी है, जिसे परिवहन निगम के बेड़े से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम का प्रतिमाह 250 बसें नीलाम करने का लक्ष्य है। दयाशंकर सिंह ने बताया कि मार्च 2023 तक 1000 से अधिक बसें नीलाम कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 150 नई बसें परिवहन निगम के बेड़े में आ चुकी हैं। 775 बसों की बॉडी बन रही है तथा 650 बस खरीदे जाने के लिए टेंडर कराने की प्रक्रिया चल रही है। सिंह ने बताया कि कुम्भ मेले के दृष्टिगत परिवहन निगम द्वारा और अधिक बसें क्रय की जानी है।

उन्होंने बताया कि प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुम्भ में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की संख्या को दृष्टि में रखते हुए परिवहन निगम अपने यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराए। श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी प्रकार की समस्या या बाधा न आए। इसकी तैयारी परिवहन निगम अभी से कर रहा है।

# भाजपा को हटाने के लिए विपक्ष को एकजुट होकर बनाना होगा मोर्चा: अखिलेश

## मुलायम सिंह यादव के संघर्षों पर आधारित कैलेंडर का सपा अध्यक्ष ने विमोचन किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि इंवेस्टर्स समिट सिर्फ चुनाव की तैयारी है। बीजेपी सरकार जनता को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन ये चमक-दमक दिखेगी फिर पता चलेगा कि जमीन पर कुछ नहीं उतरा। स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के मौके पर पार्टी मुख्यालय में बृहस्पतिवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने अपने पिता और समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के संघर्षों पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा को हटाने के लिए जनता तैयार है। अब केवल विपक्ष को एकजुट होकर मोर्चा बनाना है। उन्होंने वाराणसी में गंगा विलास क्रूज के लोकार्पण की तैयारी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार नाविकों की चिंता नहीं कर रही है। जो कारोबारी अपना काम खुद कर रहे उसको भी निवेश में शामिल किया जाना चाहिए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो रास्ता दिखाया उसी पर चल कर देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। नकारात्मक राजनीतिक खत्म होनी चाहिए।

समाज में जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव दूर हो, अंधविश्वास खत्म हो और समाज की बुराइयों को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़े तभी हमारा देश और समाज खुशहाली और तरक्की के रास्ते पर जाएगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कैलेंडर के हर माह में समाजवादी चिंतन दिखाई दे रहा है। नेताजी के काम, समाजवादी आंदोलन और नेताजी का संघर्ष दिखाई दे रहा है। कैलेंडर को सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कबीर की टीम ने तैयार किया है। विमोचन के अवसर पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी, समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कबीर, पूर्व एमएलसी शशांक यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे। पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कैलेंडर के लिए बधाई देते हुए कहा कि समाजवाद पार्टी केवल चुनावी पार्टी नहीं है। समाजवादी पार्टी परिवर्तन की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द और समाजवादियों की सोच एक है।

# सपा सरकार में यूपी में उद्योग लगाने से डरते थे निवेशक: सुरेश खन्ना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में निवेशक यूपी में उद्योग लगाने से डरते थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव समझ चुके हैं की प्रदेश में बड़े पैमाने में निवेश आएगा और उद्योग लगेगा। जिससे सपा जैसी पार्टी का अस्तित्व खत्म हो जाएगा और वो युवाओं को भ्रमित नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश का विकास हुआ है। यूपी की बड़ी उपलब्धि है कि आज लोग उत्सुक हैं की वो योगी सरकार में प्रदेश में उद्योग लगाएं और निवेश करें। उन्होंने कहा कि आज देश, विदेश के निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक हैं क्योंकी योगी राज में जैसा माहौल बना है लोग इसे सेफ एंड सिक्योर मानते हैं और ये बात 10,,11 व12 फरवरी को लखनऊ में देखी जा सकेगी। गंगा क्रूज पर बात करते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि गंगा क्रूज यूपी की समृद्धि का प्रतीक है और ये विश्व की सबसे लंबी यात्रा कराएगी। लेकिन विपक्ष इससे दुखी है, उसके नेता बौखलाए हैं। उन्होंने कहा कि गंगा में परिवाहन की शुरुआत होगी तो आस पास के लोगों के आवागमन में आसानी होगी। इसके साथ ही साथ उत्पाद का भी ट्रांसपोर्टेशन होगा और लोगों को रोजगार मिलेगा। सुरेश खन्ना ने कहा कि अखिलेश जी की गलती नहीं है जनता ने इनको इतना नकार दिया है की योगी सरकार जो भी अच्छा करती है उसमें इनको बुराई दिखती है। जनता के हित में उठाए गए सभी कदम इन्हें गलत लगते हैं।

# भाजयुमो की मैराथन में पुरस्कारों की हुई बारिश

- दौड़ के शीर्ष प्रतिभागियों को मिला सम्मान
- यंग इंडिया रन अभियान के तहत हुआ आयोजन
- राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू सहित शीर्ष नेता रहे मौजूद

संवाददाता। सीतापुर

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा सीतापुर द्वारा यंग इंडिया रन अभियान के अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जिले के सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर सदर के विधायक एवं राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री तरुण शुक्ला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रवासी के तौर पर भाजयुमो अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विवेक सिंह मोनू उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी प्रतीक पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान दिव्यांशु कुमार, अभिषेक, शुभम श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान लाने वाले को रेंजर साइकिल एवं ट्रॉफी द्वितीय स्थान लाने वाले को क्रिकेट किट एवं ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान लाने वाले को फुटबॉल किट एवं ट्रॉफी देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। युवा मोर्चा द्वारा शीर्ष 5 प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया चतुर्थ स्थान बृजेश कुमार व पंचम स्थान अतुल कश्यप ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, विश्राम सागर राठौर एवं मंत्री जया सिंह, मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी व अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन के अनेक विषयों पर प्रकाश डाला गया। युवा मोर्चा पदाधिकारियों में अनूप विश्वकर्मा, रणंजय सिंह, अमन विक्रम सिंह, कामेश शुक्ला, रामप्रताप सिंह, वैभव सिंह, ज्ञानेश शुक्ला, जयपाल सिंह, नीरज शुक्ला, राजा शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, अंकुर तिवारी व अन्य मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फिल्म प्रोडयूसर के घर से दस लाख की चोरी

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** कड़ाके की सर्दी घने कोहरे में पुलिस की सुस्ती का फायदा उठा कर बेखौफ़ चोरों का आंतक फिर सर पर चढ़कर बोलने लगा है। तम्बौर में फैला चोरों का आतंक रुकने का नाम नही ले रहा है। सिलसिलेवार हो रही चोरियों से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल जरूर खड़े हो रहे हैं। कस्बे में फ़िल्म प्रोड्यूसर के बन्द पड़े घर में अज्ञात चोरों में निशाना बनाते हुए कुछ लाख की नकदी समेत करीब 5 लाख का जेवरों को पार कर ले गए। पुलिस जांच की बात कह रही है। तम्बौर कस्बे के अकरम अंसारी पुत्र स्व: इब्राहीम अंसारी जो एम,ए फ़िल्म इंटरटेनमेंट के प्रोड्यूसर का काम करते हैं। बीते करीब एक माह से दोनों भाई बाहर गए थे। आज दोपहर को जब अकरम अंसारी घर आये तो दरवाजा अन्दर से बन्द मिला। घर के भीतर गए तो दोनों भाई के कमरों में ताले टूटे मिले। कमरो में रखी सेफ अलमारी के लॉकरों को तोड़कर 4 लाख 60 हजार की नकदी 3 जोड़ी सोने के हार, 2 सोने का टीका, एक जोड़ी झाले, 2 सोने के कंगन, 4 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी पायल, 35 जोड़ी पकड़े, 2 हजार का नोट चांदी का, जूते घड़ी सिटीजन इको ड्राइव कीमत 35 हजार की समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घर में दोनों ही कमरों का सामान बिखरा मिला। फ़िल्म प्रोड्यूसर अकरम अंसारी ने मीडिया और पुलिस को तत्काल सूचना दी।

सूचना पाकर मौके पर चौकी पुलिस के सिपाही देख कर चले गए। कस्बे में हुई बड़ी चोरी के बाद से तम्बौर पुलिस के जू तक नही रेंग पाई। फिलहाल चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने में रुचि भी नही दिखा रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष दिवाकर मिश्र ने बताया कि अकरम के विरुद्ध एनआईए की एक सम्मन जारी हुआ था तभी बाहर भाग गया था। फिलहाल चोरी की जानकारी हई जांच की जाएगी।

# मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

संवाददाता। सीतापुर

**दीन** दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीतापुर में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजीव द्विवेदी ने माल्यार्पण किया और समस्त प्राध्यापकों ने अपने श्रृद्धासुमन अर्पित किये। तत्पश्चात 'देश के युवा देश के भविष्य' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र एवं छात्राओं की ओर से रुक्मणी, पियूष, मन्दाकिनी, माण्डवी, पूर्वा एवं वन्दना ने विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राध्यापकों की ओर से डॉ. कुंवर तिवारी, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. रंजीत सिंह ने महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को विवेकानन्द की शिक्षाओं से अवगत कराया। अन्त में अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. राजीव द्विवेदी ने छात्र एवं छात्राओं को जीवन के व्यवहारिक पहलुओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनुपमा सिंह डॉ. नीरज कुमार, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. शेखर सिंह, डॉ. रबिन्दर कुमार शर्मा, अनूप कुमार, डॉ. बिपिन कुमार सिंह, डॉ. कुंवर तिवारी, प्रीति सिंह, दिनेश कुमार सब्बरवाल, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा यूपी गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त दीपक कुमार उर्फ दीप कुमार उर्फ दीपू पुत्र शत्रुहननिवासी ग्राम दुधवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को टेढुई मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेश चन्द्रएथाना फूलबेहड़ए आरक्षी मनजीत सिंहए थाना फूलबेहड़ व आरक्षी गुरमुख ढ़ाका शामिल रहे।

## एसपी ने ट्रांसपोर्ट यूनियन के साथ की बैठक

फतेहपुर। प्रयागराज जनपद में होने वाले माघ मेले की तैयारियों को लेकर गुरूवार को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने ट्रांसपोर्ट यूनियन के साथ ही ट्रक आपरेटरों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसपी के अलावा पुलिस उपाधीक्षक यातायात प्रगति यादव व पुलिस उपाधीक्षक नगर वीर सिंह ने भी हिस्सा लिया। बैठक में ट्रांसपोर्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष बब्लू सिंह, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अरविंद सिंह के अलावा कई ट्रक आपरेटर्स भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि माघ मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मेले के मद्देनजर नेशनल हाईवे पर बड़े वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है। उन्होने सभी को रूट डायवर्जन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि निर्देशों पर अमल किया जाये। जिससे माघ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अलग-अलग तिथियों में रूट डायवर्जन किया गया है जिसका चार्ट यूनियन पदाधिकारियों व ट्रक आपरेटर्स को दिया गया।

# एआरटीओ ने ओवर स्पीडिंग पर काटा चालान, चला अभियान

- दोबारा ओवर स्पीडिंग की तो रद्द होगा लाइसेंस

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी मे सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। गुरुवार को जिले में दुर्घटना को रोकने, अधिक स्पीड से चलने वाले वाहनों पर नियंत्रण के लिए एआरटीओ रमेश कुमार चौबे के नेतृत्व में अभियान चला। एआरटीओ ने एआरएमए टीएसआई के साथ ओवरस्पीडिंग वाले वाहनों को पकड़ कर उनसे जुर्माना वसूला। इस दौरान उन्हें पंपलेट एवं प्रचार सामग्री देकर जागरूक भी किया। रोडवेज की बसों के सवारियों को जागरूक किया।



## अफसरों ने विभिन्न मार्गों पर रोकी रोडवेज बसें, हुई चेकिंग

**जनपद** के विभिन्न मार्गो पर रोड़वेज बसों को रोक.रोक कर वाहनों के प्रपत्रों, वाहन की फिटनेस एवं उनके चालकों, नशा खोरी की चेकिंग की, जिसमें सभी बसें नियमानुसार वैध मिलीं। उनके चालक नशे की हालत में नहीं मिले। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने बताया कि वाहन की ओवरस्पीड यानी तेज रफ्तार सड़कों पर जान जाने की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। इससे वाहन को रोकने का रेस्पांस टाइम कम हो जाता है। जिसके कारण वाहन अचानक रुक नहीं पाता है और दुर्घटना का कारण बनता है। साथ ही तेज रफ्तार में अचानक से सामने कुछ आ जाए तो कंफ्यूजन की स्थिति बन जाती है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जोगिंदर सिंह ने कहा कि सड़क पर गाड़ी चलाते वक्त होने वाली छोटी-छोटी गलतियां बड़े हादसों की वजह बनती हैं। आसपास के ड्राइवर के व्यवहार को पहचानना भी बेहद जरूरी है। इसलिए हमेशा मुड़ने अथवा ब्रेक लगाने से पहले अपने आसपास और पीछे से आ रहे वाहन को जरूर देखना चाहिए। अचानक वाहन को रोकना या मोड़ना भी हादसों की प्रमुख वजहों में से एक है। बस चालकों-परिचालकों को निर्देशित किया कि सवारियों को निर्धारित बस स्टॉप से चढ़ाएं, उतारें तथा चढ़ाने-उतारने के बाद दोनों तरफ देखकर सावधानी पूर्वक आगे बढ़ें। टीएसआई जेपी यादव ने कहा कि किसी भी दुर्घटना के बाद का पहला घंटा सर्वाधिक रूप से महत्वपूर्ण होता है। घायल को समुचित प्राथमिक चिकित्सा और अन्य चिकित्सीय सहायता मिल जाती है, तो उसके बचने, ठीक होने की संभावना काफी अधिक हो जाती है। बस चालकों से अनुरोध किया गया कि अपनी बस को भीड़भाड़ वाले मार्गों पर यदि रोकने की जरूरत है तो सड़क के किनारे, उचित स्थान पर खड़ी करें, जिससे मार्ग पर चलने वाले अन्य लोगों एवं वाहनों को कोई असुविधा न हो और सड़क जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न हो।

# ट्रेन से कटकर किशोर की मौत

संवाददाता। बरेली

**ट्रेन** से कटकर एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी भगवान दास के 18 वर्षीय बेटे रवि राठौर की कल शाम फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में धनेटा रेलवे फाटक के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई । पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि रवि राठौर हाई स्कूल का छात्र था और कल दोपहर बिना बताए घर से बाहर निकला था। वह शाम को लगभग 5 बजे ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गयी विवेकानंद की जयंती

**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर-खीरी की राष्ट्रीय सेवा योजना की टैगोर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयन्ती को 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ सुभाष चन्द्रा एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नीलम त्रिवेदी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने विद्यार्थियों को उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी व उनके सुविचारों में मुख्य 'विनम्र बनो और साहसी बनो' 'उठो जागो और तब तक न रुको जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर ले' से अवगत कराया। तत्पश्चात प्राचार्य प्रो. पाल ने युवा विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की शपथ दिलाई।

# यूपी दिवस पर जनपदस्तरीय इन्वेस्टर्स समिट-2023 का होगा भव्य आयोजन

- निवेश करने के इच्छुक उद्यमी निवेश सारथी ऐप पर करे इन्वेस्टमेन्ट इन्टेन्ट फाइल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**उप्र** शासन द्वारा आयोजित 10.12 फरवरी, 2023 ग्लोबल इन्वेटर्स समिट-2023 में जनपद स्तर से भी सहभागिता सुनिश्चित करने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, जनपद स्तरीय निवेश को आकर्षित के उद्देश्य से 24 जनवरी को द सिटाडेल होटल, आवास विकास कालोनी में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन होगा। उक्त आशय की जानकारी उपायुक्त उद्योग ने दी।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी इच्छुक उद्यमी/भावी उद्यमियों जो जनपद खीरी में निवेश करना चाहते हैं, वह निवेश सारथी ऐप अथवा आना लाईन लिंक के माध्यम से इन्वेस्टमेन्ट इन्टेन्ट फाइल कर सकते हैं। साथ ही सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों को कमशः 20, 15 एवं 10 प्रतिशत पूंजीगत उपादान एवं भूमि कय पर 75 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट आदि दिए जाने का प्रस्ताव है।

## निवेशकों, उद्यमियों को प्रस्ताव ऑनलाइन करने में सहयोग करेगा प्रशासन : संजय

जनपद के सभी निवेशकों, उद्यमियों से अनुरोध किया कि उक्त ऐप, लिंक पर अपना प्रस्ताव आनलाईन फाइल करते हुए या फाईल करने में किसी भी प्रकार के अपेक्षित सहयोग हेतु उनके कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र से सम्पर्क करते हुए निवेश प्रस्ताव आनलाइन फाइल कराकर एमओयू निष्पादित कर सकते हैं। सरकार की मंशानुसार डीएम के निर्देशानुक्रम में 24 जनवरी को द सिटाडेल होटल, आवास विकास कालोनी, लखीमपुर में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है।

## सभी निवेशकों, उद्यमियों, भावी उद्यमियों को प्रशासन ने भेजा न्योता

उपायुक्त संजय सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जनपद के सभी निवेशकों/उद्यमियों भावी उद्यमियों को उक्त जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट-2023 में निर्धारित तिथि, स्थल एवं ससम्मान आमंत्रित किया जाता है। अपना प्रतिभाग सुनिश्चित करते हुए जनपद के औद्योगिक विकास को बल प्रदान करना चाहें।

# भीरा पुलिस ने गैंग्स्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना भीरा पुलिस द्वारा दो वांछित अभियुक्तो संतराम पुत्र गेंदनलाल व रामविलास पुत्र स्वण प्रीतम निवासीगण ग्राम रडा बाजार थाना भीरा जनपद खीरी को बह्दग्राम रडा बाजार से समय करीब 9:20 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त संतराम की जामा तलाशी से उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा 12 बोर मय 1 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड हेतु लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे निरीक्षक अजय कुमार सिंह, आरक्षी देवव्रत, आरक्षी प्रभात कुमार व आरक्षी सत्येंद्र कुमार शामिल रहे।

# भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्धः भूपेंद्र

- जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने, विकासशील देशों की सहायता को प्रतिबद्ध हैं भारतः भूपेन्द्र यादव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने और जरूरी तकनीकी सहयोग करके विकासशील देशों के विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भूपेन्द्र यादव ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते कहा, विकसित दुनिया ने अपने हिस्से के जलवायु संसाधनों का उपभोग कर लिया है और अब समय आ गया है कि वे पिछले कार्यों की जिम्मेदारी स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि भारत विकासशील देशों और छोटे द्विपीय राष्ट्रों की असुरक्षा को समझता है, ऐसे में अत्यावश्यक वैश्विक जलवायु कार्रवाई वक्त की जरूरत है। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा, यह समानता तथा साझी एवं अलग अलग जिम्मेदारियों सहित जलवायु न्याय और अपनी अपनी क्षमता पर आधारित सिद्धांत के तहत मार्गदर्शित होना चाहिए। गौरतलब है कि यहां समानता का मतलब यह है कि सभी देशों का कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन का हिस्सा वैश्विक जनसंख्या में उसके हिस्से के बराबर हो। यादव ने कहा, भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए और जरूरी तकनीकी सहयोग करके विकासशील देशों के विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा एक ऐसी वैश्विक पहल को प्रोत्साहित किया है जो विकासशील देशों के हितों एवं चिंताओं से जुड़ी हुई हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि औद्योगिकी क्रांति के बाद से आर्थिक वृद्धि ने देशों की वृहद समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया, लेकिन यह पर्यावरण की बड़ी कीमत चुकाकर हासिल हुआ। यादव ने कहा, जलवायु परिवर्तन का गंभीर प्रभाव ऐसे कई विकासशील देशों पर गहरा रहा है जिनका इसमें कम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित दुनिया ने अपने हिस्से के जलवायु संसाधनों का उपभोग कर लिया है और अब समय आ गया है कि वे पिछले कार्यों की जिम्मेदारी स्वीकार करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश का विकास और जैवविविधता संरक्षण दोनों महत्वपूर्ण पहलू हैं और इनमें से किसी को भी छोड़ नहीं सकते। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण का समाधान तभी संभव है, जब हम साथ मिलकर साझे लक्ष्य की दिशा में काम करें। भारत 12-13 जनवरी को दो दिवसीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जो यूक्रेन संघर्ष के कारण उत्पन्न खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर विकासशील देशों को अपनी चिंताएं साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण और विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

संवाददाता। बरेली

**जिलाधिकारी** श्री शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज निर्माण एवं विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सेतु निर्माण निगम को निर्देश दिये कि किला पुल के निर्माण में जो भी निर्माण कार्य किया जाए वह गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने सेतु निर्माण निगम को निर्देश दिये कि लाल फाटक पुल में जो भी कमियां हैं उन्हे शीघ्र दूर किया जाये। उन्होंने जिला वनाधिकारी को निर्देश दिये कि लाल फाटक पुल के नीचे जो भी पेड़ हे उसका शीघ्र समाधान करके सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना के अन्तर्गत जिन लोगों के आधार की फीडिंग रह गयी है उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाये। उन्होंने आर.एल.डी. को निर्देश दिये कि अभी भी जिन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर ऐसे हैं जो पूर्ण रुप से संचालित नहीं हो पाये हैं, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र संचालित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि अभी तक जिन लोगों का फाइलेरिया का टीकाकरण नहीं हो पाया है एक विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण को पूर्ण कराया जाये।जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक हैंडपंप खराब हैं जिन्हें रिबोर कराने की आवश्यकता है उन्हें शीघ्र सुधार कराया जाए। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाये हैं।

# पेज एक का शेष

## संकट की...

में साझा चुनौतियों के विषय सामने आए हैं और यह हम सभी के मन में सबसे ऊपर है। मोदी ने 20वीं शताब्दी में विकसित देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था का वाहक होने का जिक्र करते हुए कहा कि आज अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की रफ्तार धीमी हो गई है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट है कि 21वीं सदी में वैश्विक वृद्धि दक्षिण के इन देशों से आएगी। मैं समझता हूं कि अगर हम साथ मिलकर काम करते हैं तब हम वैश्विक एजेंडा तय कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि जहां तक भारत का प्रश्न है, आपकी आवाज, भारत की आवाज है। आपकी प्राथमिकताएं, भारत की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने जी-20 की भारत की अध्यक्षता में एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के सूत्र वाक्य होने का भी जिक्र किया। शिखर बैठक में बांग्लादेश, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, वियतनाम, कंबोडिया, गुयाना, मोजाम्बिक, सेनेगल सहित कई देशों के नेताओं ने हिस्सा लिया।

## बैरिकेड पार...

काफिले पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर यहां राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया।

## चीन से...

हैं और हम राजनयिक एवं सैन्य-दोनों स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं। जनरल पांडे ने कहा, हमारी तैयारियों का स्तर बहुत ऊंचा है। हमने प्रत्एक क्षेत्र में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त बल और साजो-सामान तैनात किए हैं। थलसेना प्रमुख ने कहा कि कुछ समय पहले सैनिकों का किया गया ैरणनीतिक पुनर्संतुलनै पूरा हो चुका है। जनरल पांडे ने कहा, हम एक बहुत मजबूत रक्षात्मक स्थिति बनाए रखने में सक्षम रहे हैं और अपने विरोधी द्वारा यथास्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने के किसी भी प्रयास को मजबूती तथा दृढ़ तरीके से रोकने में सक्षम रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच 32 महीने से जारी सैन्य गतिरोध के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में यांग्त्से में एलएसी पर नौ दिसंबर को दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद भारत तथा चीन के बीच तनाव में और वृद्धि हुई है। जनरल पांडे ने कहा कि उत्तरी सीमा पर चीनी पक्ष की ओर से सैनिकों की तैनाती उसी तरह से जारी है और क्षेत्र में भारतीय सैनिकों की संख्या भी उसी तरह की है। उन्होंने कहा कि हमारी पूर्वी कमान के सामने (चीनी) सैनिकों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है। हम कड़ी नजर रखे हुए हैं। सेना की पूर्वी कमान का मुख्यालय कोलकाता में है और अरुणाचल प्रदेश तथा सिक्किम में एलएसी की सुरक्षा का दायित्व इस कमान पर है। डोकलाम की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर जनरल पांडे ने कहा कि क्षेत्र में सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जम्मू-कश्मीर में हालात का जिक्र करते हुए जनरल पांडे ने कहा कि फरवरी 2021 में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम को लेकर बनी सहमति पर अमल जारी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आंतकवाद और आतंकवादी ढांचे को सीमा पार से समर्थन अब भी बरकरार है। पूर्वोत्तर की स्थिति पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकतर राज्यों में शांति लौट आई है। थलसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि महिला कर्मियों को सेना की आर्टिलरी इकाइयों में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है और उम्मीद है कि इसे स्वीकार कर लिया जाएगा। जनरल पांडे ने कहा कि सेना ने फैसला किया है कि 2023 परिवर्तन का वर्ष होगा और बल ने कुछ ठोस परिणामों के लिए एक विशिष्ट रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने कहा, यह प्रक्रिया चालू वर्ष से परे जारी रहेगी।

## तीन पीसीआर...

दायर करने का निर्देश दिया है ताकि दोषियों को सजा मिल सके। नए साल के पहले ही दिन तड़के एक युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और कार में फंस गई युवती को आरोपी करीब 12 किलामीटर तक सड़कों पर घसीटते रहे जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में कार सवार पांच लोगों के साथ ही उनके कई साथियों को गिरफ्तार किया गया है।

## ठंड का...

शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। पलावत ने कहा कि 16-17 जनवरी को दिल्ली में भीषण शीत लहर चलने की संभावना है व न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। पलावत ने यह भी कहा कि नई शीत लहर के पिछली शीत लहर की तीव्रता से मेल खाने की संभावना नहीं है क्योंकि एक और पश्चिमी विक्षोभ 19 जनवरी से सक्रिय हो जाएगा। मतलब, इस बार दो पश्चिमी विक्षोभों के बीच का अंतर कम है। जब एक पश्चिमी विक्षोभ- मध्य पूर्व से गर्म नम हवाओं की विशेषता वाली एक मौसम प्रणाली एक क्षेत्र में आती है, तो हवा की दिशा बदल जाती है। इसलिए पहाड़ों से आने वाली सर्द उत्तर-पश्चिमी हवाएँ चलना बंद कर देती हैं, जिससे तापमान में वृद्धि होती है। उधर मौसम विभाग ने शनिवार से उत्तर पश्चिम भारत के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना व्यक्त की है। 15, 16 और 17 जनवरी को उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में गंभीर शीतलहर जबकि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा के अलग-अलग इलाकों में शीतलहर की स्थिति रहने की संभावना है।

## डीआईपी ने...

तरीके से सभी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें पार्टी की संपत्तियां कुर्क किया जाना भी शामिल है। इस बीच, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को सरकारी नोटिस भेजे जाने पर उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आपत्ति जताई है। उन्होंने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने उपराज्यपाल पर शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। सिसोदिया ने कहा कि आप के राष्ट्रीय सचिव पंकज कुमार गुप्ता ने सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी) को पत्र लिखकर कहा है कि 163.62 करोड़ रुपए की मांग गलत और मनमानी है। उन्होंने उन विज्ञापनों की प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की है, जिनका खर्च वसूला जाना है। उन्होंने कहा अधिकारियों का उपयोग जनता के काम कराने में किया जाना चाहिए, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को नोटिस देने में नहीं। दूसरे राज्यों में भाजपा की सरकारें भी यही कर रही हैं। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। दिल्ली में अफसरों पर असंवैधानिक नियंत्रण का नाजायज इस्तेमाल देखिए भाजपा ने दिल्ली सरकार की सूचना विभाग सचिव ऐलिस वाज से नोटिस दिलवाया है कि वर्ष 2017 से दिल्ली से बाहर राज्यों में दिये गए विज्ञापनों का खर्चा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से वसूला जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि दिल्ली के अखबारों में भाजपा के तमाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों के विज्ञापन छपते हैं। पूरी दिल्ली में इनके सीएम के फोटो वाले सरकारी होर्डिंग लगे हैं। क्या इनका खर्चा भाजपा के मुख्यमंत्रियों से वसूला जाएगा। वहीं भाजपा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मनीष सिसोदिया के आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अपना चमकाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों के पैसे को पानी की तरह बहाया है जिस पर डीआईपी ने केजरीवाल को 163.61 करोड़ रुपये का वसूली का नोटिस भेजा है। दिल्ली भाजपा इसका स्वागत करती है। तिवारी ने मांग है कि जब तक ये पैसे वापस नहीं किया जाता तब तक के लिये आम आदमी पार्टी के खाते को तुरंत प्रभाव से सीज किया जाए। तिवारी ने कहा कि जिन पैसों से दिल्ली का विकास होना था उन पैसों को केजरीवाल ने दूसरे राज्यों में अपनी पार्टी और अपने नेताओं का चेहरा चमकाने में खर्च कर दिया। आज 10 दिनों के अंदर 163 करोड़ रुपये की वसूली की बात सुनकर उपमुख्यमंत्री बौखला गए हैं और एक बार फिर से अराजकता का परिचय दे रहे हैं।

## ग्रीन हाइड्रोजन...

मैं फ्लेक्स फ्यूल के लिए 2004 से सपना देख रहा हूं। ब्राजील में पहले से ही फ्लेक्स फ्यूल टेक्नोलॉजी है। इथेनॉल 60.62 रुपये के पास आ सकता है वहीं अभी पेट्रोल 100 के पास है। पुराने वाहन रिसाइकल से कच्चा माल सस्ता मिलेगा। बायो बिटुमिन भी बन रहा है। भारतीय विज्ञान संस्थान से हाइड्रोजन लागत 100 रुपये तक आ सकती है। सेमी कंडक्टर की समस्या काफी सीरियस है। कंपनियों को रिसाइकल होने से कम दाम में कच्चा माल मिलेगा। कंपनियां अपनी स्क्रैपिंग यूनिट खोल सकती हैं। इससे आखिरकार मैन्युफैक्चरर को फायदा होगा। कभी-कभी प्रदूषण की वजह से दिल्ली आने का मन नहीं करता। हमें प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों पर जाना बेहतर विकल्प है। इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए काम के रहे हैं। हम सड़कें बना रहे हैं और इसका भी आपको फायदा होगा। कार्यक्रम में नितिन गडकरी के साथ केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय और सियाम सहित कई कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बारह में केवल एक एंबुलेंस मिली अपडेट

संवाददाता। फरुंखाबाद



**संयुक्त** टीम ने की 12 एंबुलेंस की जांच की जिसमें केवल 1 एंबुलेंस मानक पर सही पाई गई।

जिला अधिकारी फर्रुखाबाद संजय कुमार सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत,यातायात प्रभारी रजनेश कुमार तथा डॉ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि डॉक्टर दीपक कटारिया द्वारा नगर में चिकित्सालय पर पहुंचकर एंबुलेंस की जांच की गई। चेकिंग की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल के बाहर अक्सर खड़े रहने वाली सारी एंबुलेंस फरार हो गई तथा उन्हें आवास विकास कॉलोनी एवं अन्य स्थानों पर छुपा दिया गया । परंतु टीम द्वारा आवास विकास कॉलोनी के अंदर जाकर भी एंबुलेंस को ढूंढ कर जांच की गई।

इसके अतिरिक्त आवास विकास के चिकित्सालय एवं मसेनी के निकट के चिकित्सालयो पर जाकर टीम द्वारा एंबुलेंस की जांच की गई । परिवहन विभाग की जांच में 9 एंबुलेंस के प्रपत्रों में कमी पाई गई। इनका चालान कर दिया गया तथा 1.50 लाख जुर्माना लगा दिया गया। इन एंबुलेंस को कार्यालय में ब्लैक लिस्ट किया जाएगा तथा इनका निरीक्षण चिकित्सा विभाग से कराने के बाद ही ब्लैक लिस्ट हटाया जाएगा।

डॉक्टर दीपक कटारिया द्वारा एंबुलेंस के संबंध में मानव संसाधन, एंबुलेंस के उपकरण,एंबुलेंस के अंदर रखे जाने वाली जीवन रक्षक दवाइयों एवं ऑक्सीजन सिलेंडर आदि की गई। जांच में केवल एक एंबुलेंस मानक के अनुरूप पाई गई। अधिकतर एंबुलेंस के चालक ताला लगा कर एंबुलेंस छोड़कर फरार होने लगे । एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित की गई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदय को बताया था कि जनपद में परिवहन कार्यालय के अनुसार 153 एंबुलेंस पंजीकृत है परंतु 62 एंबुलेंस की फिटनेस समाप्त है । इन एंबुलेंस को मार्ग पर चेक करने पर मरीज की जान को खतरा होने की संभावना रहती है। इसीलिए इन्हें चेक नहीं किया जाता है। एंबुलेंस की जांच हेतु जिलाधिकारी द्वारा इसीलिए संयुक्त टीम के माध्यम से जांच कराने के निर्देश दिए थे। सड़क सुरक्षा के नियमों का प्रचार करने वाली प्रचार वाहन के द्वारा खंड विकास कार्यालय शमशाबाद, थाना शमशाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के नियमों का प्रचार किया गया। विकास खंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी शमीम अशरफ सहायक विकास अधिकारी आफाक हुसैन, ओमप्रकाश सचान, विकास शुक्ला तथा ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि रामकिशोर राजपूत उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने राज्यस्तरीय नारीशक्ति महिला हॉकी प्रतियोगिता 2023 का किया शुभारम्भ

## ● प्रदेश की बेटियों को देश व विदेश में नई पहचान मिलेगी : डीएम



**फरुंखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ब्रहम्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में गुब्बारे छोड़कर एवं घोषणा कर राज्यस्तरीय नारीशक्ति महिला हॉकी प्रतियोगिता .2023 का शुभारम्भ किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में महिला हॉकी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हारना या जीतना महत्व नहीं रखता है महत्व रखता है कि आप कितना बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। इसलिये प्रतियोगिता में पूरे मन से भाग लें। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगा और इससे प्रदेश की बेटियों को देश व विदेश में नई पहचान मिलेगी। जिलाधिकारी ने जनपद में राज्यस्तरीय नारीशक्ति महिला हॉकी आमंत्रण प्रतियोगिता का आयोजन कराने पर जिला ओलम्पिक संघ फर्रुखाबाद को भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला क्रिड़ाधिकारी, फादर डा0 सीजू जार्ज प्रधानाचार्य सेन्ट एन्थोनी स्कूल,जिला ओलम्पिक संघ के सभी सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### जिला कारागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गई



**फर्रुखाबाद।** स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जयंती के उपलक्ष्य में डीएम व आर एसएस के जिला प्रचारक,भोजपुर विधायक ने जिला अस्पताल लोहिया में कंबल वितरण किये। कंबल वितरण के साथ ही मरीजों को सुबह का नाश्ता एवं फल उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह आज सुबह करीब 9:00 बजे भोजपुर विधायक व मुख्य विकास अधिकारी अरुन मौली के साथ जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे।जहां पर आर एस एस के जिला प्रचारक प्रवीण के निर्देशन में जिरियाट्रिक वार्ड सहित जनरल वार्ड में कंबल व सुबह का नाश्ता एवं फल वितरित किए गए ।जिला कारागार में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बंदियों को स्वामी विवेकानंद जयंती पर उनके जीवन परिचय से अवगत कराया । जिला कारागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गई। विवेकानंद जयंती के अवसर पर जनपद के स्वयंसेवी हैप्पी राठौर के सौजन्य से बंदियों को शीतलहर से बचाने के लिए गरीब, असहाय, निर्धन एवम ऐसे बंदी जिनकी मुलाकात नहीं आती है को गरम इनर बनियान का वितरण किया गया । जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बंदियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय के बारे में बताया । स्वामी विवेकानंद जी के दृढ़ संकल्प से अवगत कराया था बताया की स्वामीजी ने कन्याकुमारी में समुंद्र के बीच में एकांत में टापू पर कैसे ध्यान में लीन होकर दृढ़ संकल्प से तपस्या ध्यान पूर्ण किया था । अखिलेश कुमार जेलर ने समाजसेवी हैप्पी राठौर और संजीव बाजपेई सभासद का धन्यवाद ज्ञापित किया । जेल अधीक्षक ने आगामी गणतंत्र दिवस पर समाजसेवी हैप्पी राठौर को बंदियों की मदद करने एवम बंदियों का जुर्माना जमा करने के सम्मानित करने के लिया कहा गया । इस अवसर पर उपकारापाल शैलेश सोनकर, अखिलेश मिश्रा, श्रीमती सरोज देवी, श्रीमती कृष्ण कुमारी , जेल प्रशिक्षक रामकुमार, लेखाकार अवनीश सक्सेना , नीरज राजेंद्र, उदय , विजय बहादुर, विनोद यादव इत्यादि उपस्थिति रहे ।

### जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विवि के ललित कला विभाग के छात्रों ने मारी बाजी



**चित्रकूट।** एकेएस यूथ फेस्टिवल सतना में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय से ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं ने फाइन आर्ट विधा में हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं मैडल दिये गये। विवि के कुलसचिव आरपी मिश्र एवं कुलपति प्रो योगेशचन्द्र दुबे ने खुशी जताई है। गुरुवार को कार्यक्रम समन्वयक डॉ गोपाल मिश्रा, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ संध्या पाण्डेय को छात्रों के साथ कुलपति प्रो योगेशचन्द्र दुबे ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामान्य बच्चों के साथ विभिन्न हालातों के बाद भी उनके विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। लगातार समाज में हो रही गतिविधियों एवं कलाओं में प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन छात्र करते रहते हैं। उन्होंने विवि के उज्जवल भविष्य की कामना की। भविष्य में आगे होने वाली गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि छात्र-छात्रा सामाजिक गतिविधियों से जुडकर समाज के अभिन्न अंग बन सकें।

### भारतीय आध्यात्म का विदेशों में विवेकानंद ने बढ़ाया था मान:देवेंद्र

**उरई (जालौन)।** वेदांत और आध्यात्म पर पूरे विश्व को ज्ञान देने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर अरविंद माधुरी तिवारी महाविद्यालय ने छात्र वृत्ति की घोषणा कर बीए, बीएससी टॉपरों को छात्रवृत्ति के साथ सम्मानित किया।युवा दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मुस्कान इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक देवेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज की पीढ़ी में अपने भीतर पढ़ने की क्षमता पैदा करनी होगी। एक शिक्षा ही है जिससे समाज को बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपसंस्कृति के दुष्प्रभाव से बचाना होगा। अभिभावक इस पर कड़ी निगरानी रखें। श्री शुक्ला ने कहा कि विवेकानंद का कहना था कि खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है। हमारी संस्कृति पूरी दुनिया से प्रेम करना सिखाती है। हमारे वेदांतों में नफरत और घृणा का कोई स्थान नहीं। उन्होंने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए समाज की रूढ़ियों को बदलना पड़ेगा। प्राचार्य डॉ. राकेश द्विवेदी ने कहा कि अपने विचारों के द्वारा विवेकानंद दुनिया में अमर हो गए। वह खुद के लिए नहीं बल्कि देश और समाज के लिए जिये। धर्म और संस्कृति को सबसे ऊपर रखा। उन्होंने युवा वर्ग को कर्तव्य का महत्व बताया। प्रखर बुद्धि पुरस्कार विजेता लवि गुप्ता ने कहा कि सफलता मेहनत की खाद चाहती है।

### छात्र विवेकानंद के दिखाये रास्ते पर चलकर मुकाम हासिल करें

**जालौन (उरई)।** जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना मुंह मोड़ लेता है। विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलकर आप लोग लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यह बात युवा दिवस पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विद्यार्थी कार्य विभाग के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विभाग कार्यवाह ओमनारायण ने कही। स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान संगठन के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर में हाईस्कूल से स्नातक तक के छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आरएसएस के विभाग कार्यवाह ओमनारायण ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में स्वामी विवेकानंद से सीख लेने की जरूरत है।

### विवेकानंद के आदर्शों से भारत बनेगा विश्व गुरुः शिवेंद्र

**फतेहपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व की ओर से यंग इंडिया रन मैराथन के आवाहन के क्रम में आईटीआई मैदान पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही युवाओं का उत्साह देखने को मिला। प्रातः 8 बजे से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिए युवा आईटीआई मैदान में तैनात दिखाई दिए। आईटीआई परिसर से शुरू हुई मैराथन वर्मा चौराहा, ज्वालागंज, चौक, मुराइन टोला, पत्थरकटा, पटेल नगर चौराहा होते हुए आईटीआई परिसर में समाप्त हुई। छात्राओं की मैराथन प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, शिवांशी द्वितीय, प्रीति एवं पूनम सिंह सामूहिक रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। वही बालकों की प्रतियोगिता में खागा के रहने वाले अभिषेक यादव ने दबदबा बनाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। खखरेरू के रहने वाले अखिलेश सोनकर ने दूसरा व विजय द्विवेदी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवेंद्र सिंह रहे। जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने मैराथन में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही भारत का भाग्य विधाता है। प्रथम विजेता को 5100 रुपए, द्वितीय विजेता को 3100 रुपए एवं तृतीय स्थान वाले को 2100 रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने विवेकानंद के जीवन के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया।

# सरकार जाने के बाद आती है दलित-पिछड़ों की याद: पटेल



संवाददाता। चित्रकूट

## ● कैबिनेट मंत्री का अपना दल विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने किया भव्य स्वागत

**अपना** दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष/कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि यूपीए सरकार में मुलायम सिंह जब गृहमंत्री थे, तब सैनिक स्कूल में पिछडे और दलित बच्चों के पढने को आरक्षण की याद क्यों नहीं आई। गुरुवार को सूबे के कैबिनेट मंत्री/अपना दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल जिला मुख्यालय के वृन्दावन गार्डेन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब सपा की सरकार आती है तो कुछ लोग ही याद आते हैं। सरकार जाने के बाद पिछडे और दलित वर्ग की याद आती है। सपा के बनारस के बयान पर कहा कि धार्मिक स्थल का विकास हो रहा है तो किसी को पीडा नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अपनी सरकार में विकास किये होते तो दूसरों के विकास में श्रेय लेने का मौका नहीं मिलता। अपना दल के दूसरे गुट कृष्णा पटेल के विवाद पर बोले कि राजनीति की लडाई नहीं, बल्कि सम्पत्ति की लडाई है। जब सोनेलाल पटेल की छोटी बेटी को हिस्सा मिल जायेगा तो ये विवाद खत्म हो जायेगा।

वहीं अपना दल विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री अशीष पटेल के कुशल नेतृत्व में आज अपना दल देश की एक बडी राजनैतिक ताकत बनकर उभरा है।

# पोर्टल की शिकायतों का प्रतिदिन करें निस्तारण: डीएम

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, ऑनलाइन प्राप्त, भारत सरकार पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस अधीक्षक, महिला हेल्प डेस्क, एंटी भू-माफिया सहित आदि संदर्भो की विस्तृत समीक्षा की। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप समय से जनसामान्य की शिकायतों का निराकरण डिफॉल्टर के पूर्व किया जायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपना-अपना पोर्टल खोले और शिकायतों का निस्तारण प्रतिदिन करें। यदि शिकायत आपसे सम्बंधित नही है आईजीआरएस की बेवसाइट को खोलकर संबंधित अधिकारी को समय से स्थानांतरित कर दे। उन्होंने कहा की यदि न्यायालय में वाद चल रहा हो तो न्यायालय का नाम,वाद संख्या, पेशी की तिथि अंकित करके टैग कर दिया जाय।

# चित्रकूट में मेडिकल कालेज के निर्माण आदि का सांसद ने सीएम के सामने रखा प्रस्ताव

## ● बांदा/चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने सीएम योगी को सौपी विकास की कार्ययोजना



संवाददाता। चित्रकूट

**सांसद** एवं विधायकों के साथ प्रदेश हित में संचालित विकास योजनाओं की जारी श्रृंखला में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूटधाम मंडल की समीक्षा में क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं पर जोर दिया। इस दौरान बांदा-चित्रकूट सांसाद आर के सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संसदीय क्षेत्र के चहुमुखी विकास सम्बंधी कार्ययोजना सौपी। गुरुवार को हुई समीक्षा बैठक में सांसद आर के सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिये प्रस्ताव में कहा कि कर्वी-बूढा राजापुर मार्ग का चौडीकरण, पटेल तिराहे से देवांगना रोड को फोरलेन मार्ग बनायें। राजापुर-कमासिक मार्ग का चौडीकरण कर दो सौ सैय्या के निर्मित खोह अस्पताल को चालू करायें। चित्रकूट में मेडिकल कालेज बनाया जाये। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को भरतकूप से बढाकर राम-वन-गमन मार्ग से जोडकर खोह तक राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर बाईपास निर्माण एवं भरतकूप से एयरपोर्ट तक फोरलेन मार्ग का निर्माण किया जाये।

उन्होंने मुख्यमंत्री को दिये प्रस्ताव में कहा कि खोह रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज एवं अतर्रा बिसंडा मार्ग पर अतर्रा में ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाये। कालिंजर से बांदा, चिल्ला, बिंदकी से चौडगरा तक फोरलेन निर्माण कार्य कराया जाये। मानिकपुर के चमरौंहा के पास मऊ गुरदरी के पास बरदहा नदी पर पुल का निर्माण, चिल्लीमल के पास यमुना नदी पुल निर्माण कर्वी के कसहाई कर्वी-बूढा रोड पर रेलवे लाइन पर फ्लाई ओवर का निर्माण, बांदा में कताई मिल के स्थान पर नई औद्योगिक इकाई की स्थापना, मानिकपुर के पाठा में एक नई पीएसी बटालियन की नई कम्पनी की स्थापना, मानिकपुर के पाठा में सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन कराया जाये। बुन्देलखण्ड विकास निधि, राज्यांश से चित्रकूट एवं बांदा में नई सडकों के ग्रामीण मार्गों का निर्माण, राजापुर में तुलसीदास के मन्दिर तक पहुंच मार्ग एवं यमुना में कटाव दीवाल निर्माण मंजूर किया जाये। अतर्रा एवं बांदा में बाईपास निर्माण के साथ बांदा में राणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया जाये। बैठक में बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, नरैनी विधायक श्रीमती ओममणि वर्मा आदि मौजूद रहे।

# विद्युत कटौती से कई मोहल्लों में पानी की घोर किल्लत

संवाददाता। घाटमपुर



**नगर** में सुबह और शांम की बिद्युत कटौती से सर्दी के मौसम में भी नगर के कुष्मॉण्डा नगर, आछी मोहाल उत्तरी और अशोक नगर उत्तरी आदि मुहल्ले के 3 हजार से अधिक लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि इन तीनों मुहल्लो में जलापूर्ति के लिये स्टेशन रोड पर एक टियूबवेल और ओवर हेड टैंक बना है, टंकी को भरने के लिये जहानाबाद रोड और मेडिकल कालोनी के पास दो और टियूबवेल हैं, जिनसे टंकी भरने के साथ प्रेसर से जलापूर्ति होती है। अशोक नगर उत्तरी के जयकरन और मुन्ना संखवार ने बताया कि पालिका सबेरे साढ़े 6 बजे के करीब टंकी से जलापूर्ति होती है, इसी बीच बिजली आपूर्ति बन्द कर दी जाती है, जिससे बमुश्किल 35-40 मिनट ही जलापूर्ति हो पाती है, तथा प्रेसर से जलापूर्ति न होने से ऊपरी मंजिल में पानी पंहुच पाता है, यही हाल शांम के समय का है।

# जालौन के नये कप्तान होंगे ईराज राजा, रवि कुमार का हुआ स्थानांतरण

**उरई** (जालौन)। गुरुवार को शासन द्वारा जिले में तैनात पुलिस अधीक्षक रवि कुमार का स्थानांतरण गाजियाबाद के लिये होने के साथ ही जनपद में नये पुलिस अधीक्षक अब इराज राजा को भेजा गया है।नवागंतुक एसपी जालौन डॉ. इराज राजा वर्ष 2017 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं और मूलरूप से आगरा के गढ़ी भदौरिया के रहने वाले हैं। उनकी प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा अलीगढ़ से हुई और वर्ष 2011 में मेरठ से एमबीबीएस की परीक्षा पास की। बिजनौर में चिकित्सा अधिकारी के पद पर रहने के दौरान सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दी। इसके बाद वर्ष 2017 में उनका चयन आइपीएस में हुआ। आइपीएस बनने के बाद उन्हें पहली तैनाती लखनऊ में मिली। इसके बाद फिरोजाबाद और मेरठ में एएसपी रहे। दिसंबर में उन्हें गाजियाबाद का एसपी देहात बनाया गया था। ईराज के पिता डॉ. अशोक कुमार स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त निदेशक हैं।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास हो रहे अतिक्रमण व साफ-सफाई का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर के आस.पास हो रहे अतिक्रमण एवं साफ सफाई का निरीक्षण किया गयाए निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के अंदर एवं कलेक्ट्रेट के बाहर साफ सफाई अभियान चलाकर कराए जाने हेतु कलेक्ट्रेट नाजिर को निर्देशित किया एवं उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के आसपास पान मसाला एवं चाय की दुकान आदि द्वारा जो अतिक्रमण कर रहे हैं उन्हें हटाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंए एवं एक कैंटीन का संचालन कराएं वही पोल आदि में जो विज्ञापन का पोस्टर लगाए हुए हैं उन्हें हटाए जाने की कार्रवाई करेंए उन्होंने कहा कि जो पान मसाला गुटखा आदि खाते हैं उन पर जुर्माना भी करें। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में जनता अपनी शिकायत लेकर आते हैं उनको किसी प्रकार की असुविधा ना होए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ओएसडी दिलीप कुमारए कलेक्ट्रेट नाजिर रजनीश आदि उपस्थित रहे।ख्12ध्01ए 4रू28 च्ड, 91 6391 743 640रू 'दो पहिया एवं चार पहिया वाहन स्टैंड हेतु नीलामी 18 जनवरी को होगी आयोजित।'

# मां व दो मासूम बेटियों की संदिग्ध हालात में आग से मौत, मृतका का भाई फरार

संवाददाता। कुरारा(हमीरपुर)



**कुरारा** थाना क्षेत्र के जल्ला गांव में बीती रात संदिग्ध हालात में महिला व दो नाबालिग लड़कियों की आग से जलकर संदिग्ध मौत हो गई। वही मकान से धुंआ निकलने पर पड़ोसियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मकान में बाहर से ताला लगा होने व मृतका का भाई फरार हो जाने से मामला पूरी तरह संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस के मुताबिक गांव का राजूपाल दीपावली के बाद मजदूरी करने के लिए दिल्ली चला गया था। वहां वह पेंटर का कार्य करता है। घर में पत्नी अनीता पाल (32) व दो लड़कियां मोहनी (6) व रोहणी (3) थी। देर रात अचानक अनीता के कमरे से धुंआ उठने पर पड़ोसी रामकिशन, सास विद्या, ससुर ब्रम्हदीन , रामअवतार आदि ने शोर मचाना शुरु किया। मगर राजू के घर में बाहर से ताला बंद था। तब ईंट की दीवार को गिराया गया तथा अंदर देखा तो बेड पर तीनों के शव बेड पर अधजली अवस्था पड़े थे। तथा ग्रहस्थी के सामान जलकर राख हो गए था। अलमारी में रखा सामान भी जल गया है। मृतका सास ससुर ने बताया कि इसका भाई एक सप्ताह से अधिक से बहू के साथ ही जल्ला गांव में रह रहा था। घटना के बाद से वो फरार हो गया है।परिजनों ने मामला सन्दिग बताया है।ससुर ब्रम्हादीन ने बताया कि बहू की हत्या की गयी है,क्योकि जब ताला खोला गया था उस समय सामान व कपडा जले तीनो के शव पूरी तरह नही जले थे।

# विद्युत कर्मियों के समर्थन में आया आदर्श व्यापार मंडल

**फतेहपुर।** मांगों को लेकर अनवरत धरना प्रदर्शन कर रहे विद्युत कर्मियों के धरने चौथे दिन आदर्श व्यापार मंडल ने धरने को समर्थन देते हुए विद्युत कर्मियों के लिये हर तरह से साथ देने का भरोसा दिलाया। गुरुवार को उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मियों की सात सूत्रीय मांगो को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर दिए जा रहे धरने के चौथे दिन फतेहपुर आदर्श व्यापार मंडल ने विद्युत कर्मियों की समस्याओं को लेकर उनका साथ देने का भरोसा जताया। संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने विद्युत कर्मियों के धरने का समर्थन करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक मधुरे एव जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप को हर तरह का साथ देने का भोरोसा दिलाया। प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक माधुरे ने बताया कि कर्मचारियों के साथ कम्पनी व अधीक्षण अभियंता द्वारा ईपीएफ के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया। जिसकी एफआईआर दर्ज करवाने एवं कर्मचारियों का धन उनके ईपीएफ खाते में जमा करवाने, दुर्घटना में मृत्यु कर्मियों के बीमे का पैसा एव एव घायल कर्मियों के इलाज के धन का भुगतान कराये जाने बकाया वेतन दिए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर कर्मियों द्वारा धरना दिया जा रहा है लेकिन उनकी समस्याओं पर प्रबंधन व अफसरों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकरायी, तीन की जलकर मौत

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)







**जरिया** थाने के इटैलिया और बीरा गांव के पास बुधवार देर रात खड़े ट्रक में एक कार पीछे से तेजी से टकरा गई। कार में आग लगने उसमे सवार तीन युवकों की जलकर मौत हो गई।

मृतक कार चालक के भाई ने ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक जनपद जालौन के माधोगढ़ थाना क्षेत्र के सिहारी गांव निवासी 53 वर्षीय राजेश सिंह पुत्र रामप्रताप सिंह बुधवार की सुबह अपने साथी 45 वर्षीय जीतेंद्र उर्फ सोनू पुत्र आशाराम और 50 वर्षीय मोहम्मद शरीफ पुत्र बाबू खां निवासी चिमन दुबे जनपद जालौन के साथ अपनी चार पहिया कार से इलाहाबाद जीतेंद्र के भाई धर्मेंद्र उर्फ रानू की तारीख करने के लिए कोर्ट गए थे। बुधवार की शाम तीनों कार से जनपद जालौन लौट रहे थे। तभी जरिया थाने के इटैलिया और बीरा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे चल रहे चलते ट्रक से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई। आग लगने से कार में तीनों की जलकर मौत हो गई। जरिया थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि मृतक कार मालिक राजेश के भाई रणधीर सिंह की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## मित्र के भाई की तारीख में इलाहाबाद कोर्ट गए थे तीनों साथी

**राठ।** जनपद जालौन के सिहारी गांव निवासी रणधीर सिंह ने बताया कि वह तीन भाई है। बुधवार की सुबह वह अपनी चार पहिया आई 20 कार से गांव के ही अपने साथी जीतेंद्र के भाई धर्मेंद्र की तारीख के लिए इलाहाबाद कोर्ट गया था। साथ में जनपद जालौन के सिमन दुबे मोहल्ला निवासी मोहम्मद शरीफ भी गया था। बताया कि लौटते समय कार जीतेंद्र चला रहा था। जैसे ही यह लोग इटैलिया और बीरा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे और घना कोहरा होने के कारण कार चलते ट्रक से टकरा गई। टक्कर लगने के कार में आग लग गई और तीनों की जलकर मौत हो गई। पति राजेश की मौत पत्नी सुनीता बेसुध हो गई है। वहीं आशाराम ने बताया कि उसका पुत्र गांव में ही क्लीनिक खोले हैं। उसका छोटा पुत्र धर्मेंद्र इलाहाबाद की जेल में बंद है। उसी की तारीख में वह इलाहाबाद कोर्ट गया था। पत्नी विनीता पति की मौत पर गुमशुद है। वहीं मोहम्मद हामिद ने बताया कि उसका भाई मोहम्मद शरीफसिहारी गांव साइकिल पंचर की दुकान किए हुए हैं। उसके तीन पुत्र मोहम्मद वाहिद, मोहम्मद मुजाहिद, मोहम्मद बिलाल और एक पुत्री रवासिया है। बताया कि सभी बच्चों की शादी हो चुकी है। पति की मौत पर पत्नी जुबेदा खातून का रो रो कर बुरा हाल है।

# कड़ाके की सर्दी से जुड़वा मासूमों की मौत

**कदौरा (जालौन)।** कड़ाके की ठंड में मेले में मासूमों को लेकर जाना दंपति को महंगा पड़ गया जब सर्दी लगने से उसके दोनो जुड़वा मासूम बच्चों की मौत हो गई बच्चो के मौत की खबर पा कर मां बार बार बेहोश हो रही है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कस्बा के मुहल्ला बम्हौरी निवासी रामबाबू अहमदाबाद में परिजनों सहित मजदूरी करके जीवन यापन करता है। वह अभी कुछ दिन पहले ही अहमदाबाद से अपनी पत्नी व बच्चों संग संक्रांति के त्योहार मनाने के लिए घर आया था बुधबार की शाम को वो परिजनों सहित प्रदर्शनी देखने के लिए गया था प्रदर्शनी में उसने पत्नी व बच्चों संग खरीददारी करी उसके बाद उसने बच्चों की जिद पर दोनों बच्चों लव और कुश उम्र ढाई वर्ष को आइस्क्रीम खिलाई और घर वापस आ गया घर वापस आते ही थोड़ी देर बाद दोनों मासूम अचेत हो गए पत्नी मधु ने जब बच्चों को अचेत देखा तो उसकी चीख निकल गई परिजन दोनों मासूमो को लेकर सी एच सी पहुचे जहां डाक्टरों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया जैसे ही घटना की जानकारी अन्य परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया मासूमो की माँ अपने बच्चों की मौत की खबर सुनते ही बेहोश हो गई और उसे भी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी हालत स्थिर है।

# हादसे में दो लोगों की मौत पर सिहारी गांव में पसरा मातम

**माधौगढ़** (जालौन)। भोर के समय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुई भीभत्स घटना से माधौगढ़ थाना के सिहारी गांव में मातम पसर गया है। सेंट्रो कार में ट्रक से लगी टक्कर के बाद जिंदा जले तीन लोगों की मौत से तीन परिवारों में कोहराम मच गया। जिसमें दो लोग राजेश पुत्र रामप्रताप और जितेंद्र उर्फ सोनू पुत्र आसाराम माधौगढ़ थाना के सिहारी गांव के निवासी थे। राजेश अपनी सेंट्रो कार से जितेंद्र के भाई के कोर्ट केस के मामले प्रयागराज से लौट रहे थे। तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हमीरपुर के पास हादसे में कार में सवार तीनों लोग जिंदा जलकर खत्म हो गए हैं। जैसे ही घटना की सूचना रात को सिहारी गांव में आई तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

**कमाऊ पूत के जाने से मां की हालत खराब:** घटना में मृतक जितेंद्र की बूढ़ी मां लौंगश्री की आंखों से आंसू बंद नहीं हो रहे हैं, क्योंकि पति पहले ही गुजर चुके हैं। एक बेटा जेल में है,घर की आर्थिक स्थिति खराब है। सिर्फ मृतक जितेंद्र ही प्राइवेट डॉक्टरी की प्रैक्टिस कर घर का गुजारा चल रहा था। एक बीघा जमीन से गृहस्थी का बोझ ढकेला जा रहा था। लेकिन अब भगवान को कोसने के अलावा कुछ न बचा। पत्नी विनीता बेहोश होकर गिर-गिर पड़ रही है। बेटी खुशी (8) और बेटा सूरज (5) गुमसुम बैठे समझ नहीं पा रहे थे कि उनके सिर से पिता का साया उठ गया है।

**परिवार में टूटा दु:खों का पहाड़**

मृतक राजेश के बड़े भाई रणधीर सिंह के ऊपर दु:खों का ऐसा पहाड़ गिरा हुआ,जिसे सम्हलना मुश्किल लग रहा है। आंखों से बहते झर-झर आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पहले इकलौते बेटे की सड़क हादसे में जान गई,फिर पुत्र वियोग से पत्नी की मृत्यु और अब कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले छोटे भाई राजेश की हर्दयविदारक! घटना में हुई मौत ने उन्हें तो तोड़ ही दिया।

**सास शारदा का हाल भी बुरा**

मृतक राजेश के जाने से एक परिवार ही नहीं दो परिवारों में चीत्कार! मचा हुआ है। राजेश की पत्नी सुनीता अपने 22 वर्षीय बेटे अर्पित के साथ अपने मायके में मां के सामने मकान में रहती हैं,क्योंकि राजेश के ससुर और साला की मृत्यु हो चुकी थी। इसलिए सहारे के लिए राजेश एक परिवार वहीं रहता था लेकिन शारदा का दुर्भाग्य। देखिए कि बेटा भी असमय! चला गया और अब दामाद भी। इस दर्द को सहन करना आसान न हो रहा है।

# पेरू में सरकार विरोधी-प्रदर्शन कुस्को तक पहुंचा

## मृतकों की संख्या 48 हुई

**भाषा।** लीमा




**पेरू के राष्ट्रपति** डिना बोलुआर्टे की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन पर्यटक शहर कुस्को तक पहुंच गया है, जहां बुधवार को हिंसक झड़पें हुईं। एक महीने पहले शुरू हुए इन विरोध-प्रदर्शनों में अभी तक 48 लोगों की जान जा चुकी है।

कुस्को में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा शहर के हवाई अड्डे पर कब्जा करने की कोशिश के बाद हुई झड़प में 37 नागरिक और छह पुलिस अधिकारी घायल हो गए। इस दौरान हवाई अड्डे पर कई विदेशी पर्यटक भी मौजूद थे। पेरू के 41 प्रांतों में बोलुआर्टे के खिलाफ और अपदस्थ राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो के समर्थन में लोगों ने प्रदर्शन किया और सड़कें जाम कीं। कैस्टिलो को पद से हटाए जाने और उनकी गिरफ्तारी के बाद दिसंबर की शुरुआत से प्रदर्शन जारी हैं। विरोध-प्रदर्शन मुख्य रूप से देश के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है, जहां अब भी लोग कैस्टिलो के प्रति वफादारी रखते हैं। वे तत्काल चुनाव कराने, बोलुआर्टे के इस्तीफे, कैस्टिलो की रिहाई और पुलिस के साथ संघर्ष में मारे गए प्रदर्शनकारियों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। अभी तक सबसे भयावह हिंसा सोमवार को जुलियाका शहर में टिटिकाका झील के पास हुई थी, जिसमें पुलिस के साथ झड़प में 17 लोग मारे गए थे। हिंसा में एक पुलिस अधिकारी को जिंदा जला दिया गया था। कुस्को में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि शहर में गोलीबारी की चपेट में आने के बाद एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इससे पहले, पेरू के लोकपाल कार्यालय ने कहा था कि पुलिस के साथ झड़प में अब तक 39 नागरिक मारे गए हैं, जबकि सड़क जाम करने के दौरान हुए हादसों में सात अन्य की मौत हुई है। इसके अलावा, एक पुलिस अधिकारी को जिंदा जलाए जाने की घटना भी सामने आई है, जिससे हिंसा में अब तक मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। पेरू सरकार ने पुनो में तीन दिन तक रात आठ बजे से सुबह चार बजे तक कर्फ्यू लगाने की घोषणा की है। पुनो में लोग हिंसा में मारे गए 17 लोगों के शवों के ताबूत के साथ चलते नजर आए थे। इस बीच, मानवाधिकारों पर अंतर-अमेरिकी आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल विरोध-प्रदर्शनों और पुलिस की प्रतिक्रिया की जांच के लिए पेरू पहुंच गया है। कैस्टिलो की उत्तराधिकारी डिना बोलुआर्टे ने राष्ट्रपति पद और संसद के लिए 2024 में चुनाव कराने की योजना का समर्थन किया है, जो 2026 के लिए निर्धारित हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों के अत्यधिक बल का इस्तेमाल करने के मामले में भी न्यायिक जांच का समर्थन किया है।

## एफएए पर साइबर हमले के कोई सबूत नहीं: व्हाइट हाउस

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने कहा कि पायलटों और अन्य कर्मियों को हवाई मुद्दों के बारे में अलर्ट करने वाली एक प्रणाली में तकनीकी खराबी आने के मामले में किसी साइबर हमले के कोई सबूत नहीं हैं। तकनीकी खराबी आने के चलते अमेरिका में सैकड़ों विमानों का परिचालन रोक दिया गया था। उड़ानों पर नजर रखने वाली कंपनी फ्लाइट अवेयर के अनुसार इस खराबी के कारण घरेलू, अमेरिका आने तथा यहां से जाने वाली 9,500 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई, जबकि 1,300 उड़ाने रद्द की गईं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, फिलहाल साइबर हमले का कोई सबूत नहीं है। राष्ट्रपति ने परिवहन मंत्रालय को कारणों की पूरी जांच करने और इसके बार में जानकारी देने का निर्देश दिया है। प्रतिदिन हवाई सफर करने वाले अमेरिकियों की सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता है।

# यूक्रेन : बिजली संयंत्र के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर के ईर्द-गिर्द सुरक्षा कवच बनाया

**भाषा।** कीव

● **मिसाइल हमलों से बचे थे**

यूक्रेन में एक ऊर्जा संयंत्र के कर्मचारियों ने रूस के मिसाइल हमलों से बचे ट्रांसफॉर्मर के ईर्द-गिर्द कंक्रीट के सुरक्षा कवच बना दिए हैं, ताकि भविष्य में मॉस्को के किसी भी संभावित मिसाइल हमले के दौरान उन्हें नुकसान पहुंचने का जोखिम न के बराबर रह जाए। कर्मचारियों ने बिजली संयंत्र के नियंत्रण कक्ष में खिड़कियों के टूटे शीशों पर गत्ता चिपकाने के साथ ही उनके सामने रेत की बोरियों का ढेर लगा दिया है, ताकि देश में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम करने वाले कर्मचारियों के रूसी गोलियों या मिसाइलों के हाथों मारे जाने या घायल होने का जोखिम कम हो। बिजली संयंत्र के निदेशक ने समाचार एजेंसी द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा, जब तक कोई ऐसा उपकरण बचा है, जिसकी मरम्मत मुमकिन है, तब तक हम काम जारी रखेंगे। एपी की टीम को बहुत मुश्किल से उस संयंत्र तक पहुंच हासिल हुई। समाचार एजेंसी ने संयंत्र का नाम, उसकी जगह और कर्मचारियों की पहचान जाहिर नहीं की है, क्योंकि यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की जानकारियां रूसी सेना की मदद कर सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि चूंकि, संयंत्र एक पल भी कर्मचारियों के बिना काम नहीं कर सकता, इसलिए संचालकों ने उनके लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट की व्यवस्था की है, ताकि वे मिसाइल हमलों के दौरान भागकर बम रोधी शिविरों में शरण लेने के बजाय संयंत्र में रहकर उसकी कमान संभाल सकें।

### ईस्टर हमलों को रोक नहीं पाने पर पूर्व राष्ट्रपति सिरीसेना को मुआवजा देने का आदेश

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना को शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि 2019 के ईस्टर हमले के पीड़ितों को मुआवजे के रूप में 10 करोड़ एसएलआर (श्रीलंकाई रुपए) का भुगतान करें। हमले की आशंका के बारे में प्रामाणिक जानकारी होने के बावजूद उसे रोक पाने में उनकी लापरवाही के लिए यह आदेश दिया गया है। उच्चतम न्यायालय की सात सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में व्यवस्था दी कि 2019 के ईस्टर सन्डे के हमलों को रोक पाने में नाकाम रहते हुए याचिकाओं में नामजद प्रतिवादियों ने याचिकाकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया था।

### पाकिस्तान में भारतीय सामग्री प्रसारित करने वाले केबल संचालकों पर कार्रवाई

**लाहौर।** पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर निगरानी रखने वाली संस्था ने देश में टीवी चैनलों पर भारतीय सामग्री प्रसारित करने वाले केबल संचालकों के खिलाफ बृहस्पतिवार को कार्वाई शुरू की। निगरानी संस्था ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पीईएमआरए) ने चार केबल संचालकों पर भारतीय सामग्री का प्रसारण करने पर छापेमारी की।

### पाकिस्तान:पंजाब विस में मुख्यमंत्री परवेज इलाही ने विश्वास मत किया हासिल

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही ने बुधवार को आधी रात को विश्वास मत हासिल किया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग- (नवाज) के पंजाब के गवर्नर बालीगुर रहमान ने विधानसभा भंग होने से रोकने के लिए पिछले महीने मुख्यमंत्री इलाही को विश्वास मत साबित करने को कहा था। इसके बाद उनके आदेश का पालन न करने पर उन्होंने इलाही और उनके मंत्रिमंडल को भंग कर दिया था। हालांकि लाहौर उच्च न्यायालय ने यह फैसला पलट दिया था। अदालत के आदेश के बाद इलाही ने विपक्ष के विरोध के बीच पंजाब विधानसभा से आवश्यक 186 वोट हासिल किए। पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष सिब्तैन ने सत्र की अध्यक्षता की और कहा कि मुख्यमंत्री इलाही को विश्वास मत हासिल करने के लिए आवश्यक 186 वोट मिल गए है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के नेतृत्व मे विपक्ष ने सत्र का बहिष्कार किया।

# काबुल आतंकी हमले में पांच लोगों की मौत

## आईएस ने ली जिम्मेदारी

**भाषा।** काबुल



**आतंकी संगठन** इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में विदेश मंत्रालय के पास हुए भीषण बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। इस विस्फोट में कम से कम पांच लोग मारे गए हैं। वर्ष 2023 में काबुल में हुआ यह दूसरा बड़ा हमला है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस हमले की निंदा की है। चरमपंथी समूह ने बुधवार को हुए हमले के बारे में एक बयान में कहा कि शहादत के इच्छुक उसके सदस्य खैबर अल-कंधारी ने मंत्रालय के कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विस्फोटक से भरी अपनी जैकैट में तब विस्फोट कर दिया जब वे मंत्रालय के मुख्य द्वार से निकल रहे थे। आईएस के दावे के बाद अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। काबुल पुलिस के मुख्य प्रवक्ता खालिद जादरान ने बुधवार को कहा था कि विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। आईएस की समाचार इकाई आमाक ने कहा कि हमला राजनयिकों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के समय हुआ। चरमपंथियों ने 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से अपने हमले बढ़ा दिए हैं। आईएस के आतंकी अकसर तालिबान के गश्ती दलों और देश के अल्पसंख्यक शिया समुदाय को निशाना बनाते रहते हैं। इस हमले के बाद 40 से अधिक घायल लोगों को काबुल स्थित एक सर्जिकल सेंटर ले जाया गया। यह केंद्र गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) इमरजेंसी द्वारा संचालित है। एनजीओ की अफगानिस्तान इकाई के निदेशक स्टेफ़नो सोज़ा ने आशंका व्यक्त की कि मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। इस हमले की संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न देशों ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि हमले में उसका कोई भी नागरिक हताहत नहीं हुआ है क्योंकि ऐसी रिपोर्ट थी कि चीन का एक प्रतिनिधिमंडल विदेश मंत्रालय का दौरा करने वाला था।

### माली में विभिन्न हमलों में 14 सैनिक मारे गए

**बमाको।** माली में इस्लामी चरमपंथियों द्वारा किए गए विभिन्न हमलों में माली के 14 सैनिक मारे गए और लगभग एक दर्जन अन्य घायल हो गए। सेना के जनसंपर्क निदेशक कर्नल सौलेमेन डेम्बेले ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मध्य माली में दीया और दिआफराबे गांवों तथा कौमारा और मैकिना कस्बों में कई विस्फोट हुए। उन्होंने बताया कि इन हमलों में 14 सैनिक मारे गए और लगभग एक दर्जन अन्य घायल हो गए। डेम्बेले ने कहा कि इस सप्ताह के शुरू में हुए इन हमलों के दौरान माली की सेना ने 30 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र एक दशक से अलकायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़ी हिंसा से जूझ रहा है जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं।

# ईयू अदालत : कोविड मानकों के लकर पर्यटकों को मिल सकता है रिफंड

**भाषा।** बर्लिन



**यूरोपीय संघ** (ईयू) की सर्वोच्च अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा कि जिन यात्रियों के पैकेज टूर कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों के कारण प्रभावित हुए हैं, वे कम से कम आंशिक रिफंड के हकदार हो सकते हैं। जर्मनी की एक अदालत के अनुरोध पर यूरोपियन कोर्ट ऑफ़ जस्टिस ने अपनी यह राय दी है। म्यूनिख की अदालत उन दो लोगों के मामले पर विचार कर रही है, जिन्होंने 13 मार्च, 2020 से शुरू होने वाले ग्रैन कैनरिया के स्पेनिश द्वीप पर दो सप्ताह के टूर पैकेज खरीदे थे, लेकिन ठीक उसी समय यूरोप में महामारी फैल गई थी। दो दिन बाद ही वहां लगाए गए प्रतिबंधों और तत्पश्चात उनकी जल्द वापसी के कारण वे पैकेज की कीमतों में से 70 प्रतिशत वापस मांग कर रहे हैं। ईयू की अदालत ने कहा कि जब 15 मार्च, 2020 को प्रतिबंध लगाए गए थे तो बीच बंद कर दिए गए थे, कर्फ़्यू लगा दिया गया था तथा वादियों को केवल खाना खाने के लिए ही होटल के कमरे से निकलने की अनुमति दी गई थी। उसके बाद 18 मार्च, 2020 को उन्हें कभी भी होटल छोड़ने को तैयार रहने को कहा गया था और दो दिन बाद उन्हें जर्मनी लौटना पड़ा था। टूर ऑपरेटर ने इस आधार पर अनुरोधित कटौती को ठुकरा दिया था कि आम जीवन के जोखिम के लिए उसे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जर्मन अदालत को अब यह आकलन करना होगा कि क्या इस मुद्दे से संबंधित विशिष्ट मामले में प्रतिबंध टूर आर्गेनाइजर द्वारा अनुबंध के निष्पादन में विफलता या अनुचित प्रदर्शन के तहत आ सकता है।

# जी-20 सम्मेलन भारत के लिए क्षमताओं के प्रदर्शन का शानदार अवसर : गोयल

**भाषा।** वाशिंगटन



**वाणिज्य और** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगला जी20 शिखर सम्मेलन भारत के लिए अपनी कई क्षमताओं को दिखाने और कई चुनौतियों का नेतृत्व करने का एक बहुत बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है। गोयल आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका में हैं। उन्होंने बुधवार को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई के साथ भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच की बैठक की सह-अध्यक्षता की।उन्होंने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, जी20 भारत के लिए दुनिया के सामने कई चुनौतियों का नेतृत्व करने का एक बहुत ही रोमांचक अवसर होने जा रहा है। यह हमारे लिए भारत की कई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर बनने जा रहा है। भारत ने एक दिसंबर को औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की। राष्ट्रासरकार के प्रमुखों के स्तर पर जी20 नेताओं का अगला शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय से प्रेरित होकर और आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और महामारी को सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में सूचीबद्ध करके एकता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा, जिससे सबसे अच्छी तरह से एकजुट होकर लड़ा जा सकता है। मोदी को दुनिया के सबसे बड़े नेताओं में से एक माना जाता है और वह कार्वाई व समाधान में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, यदि आप याद करते हैं, जब (पूर्व अमेरिकी) उपराष्ट्रपति अल गोर असुविधाजनक सच्चाई के साथ सामने आए थे, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुविधाजनक कार्वाई पर अपना स्वयं का पक्ष लेकर आए थे, क्योंकि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कार्वाई में विश्वास करते हैं। सारा जीवन, वह एक ऐसे व्यक्ति रहे हैं जो समाधान में विश्वास करते हैं। जी20 समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊद्बी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

## महिलाओं पर तालिबानी प्रतिबंध से महत्वपूर्ण सहायता हुई प्रभावित

**भाषा।** काबुल

पिछले साल जून में आए एक बड़े भूकंप के शिकार लोगों तक पहुंचने के लिए महिला डॉक्टरों और नर्सों की एक टीम ने पूर्वी अफगानिस्तान में पहाड़ों, सूखी नदी के किनारों और कच्ची सड़कों पर छह घंटे की यात्रा की। भूकंप में 1,000 से अधिक लोगों की जान गई थी। भूकंप आने के एक दिन बाद जब वे वहां पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि पुरुषों का इलाज किया गया था, लेकिन महिलाओं का नहीं। अफगानिस्तान के बेहद रूढ़िवादी समाज में, महिलाएं अपने तम्बुओं के अंदर ही रहती थीं, चिकित्सा सहायता और अन्य सहायता प्राप्त करने में असमर्थ थीं क्योंकि वहां कोई महिला सहायता कर्मी नहीं थी। राहत एजेंसी इंटरनेशनल रेस्क्यू कमिटी से जुड़ीं समीरा सैयद-रहमान ने कहा, महिलाओं के शरीर पर अब भी खून लगा हुआ था। महिला मेडिकल टीम के आने के बारे में बताने के लिए स्थानीय बुजुर्गों से उनके मिलने के बाद ही महिलाएं इलाज कराने के लिए आईं।

# पोप फ्रांसिस देंगे कार्डिनल पेल को अंतिम विदाइ

**भाषा।** वेटिकन सिटी

● **ज्ञापन के अनाम लेखक का नाम सामने आया**

**पोप फ्रांसिस** शनिवार को कार्डिनल जॉर्ज पेल की अंतएष्टि के दौरान उन्हें अंतिम विदाई देंगे। इस बीच, उस ज्ञापन के अनाम लेखक के रूप में पेल का नाम सामने आया है जिसमें फ्रांसिस के उपदेशों को कमजोर करार दिया गया है। वेटिकन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कार्डिनल को फ्रांसिस अंतिम सलामी देंगे। पेल ने बाल यौन शोषण के आरोपों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटने से पहले तीन साल तक फ्रांसिस के पहले वित्त मंत्री के रूप में काम किया था। कूल्हे की सर्जरी के बाद हृदय संबंधी जटिलताओं के कारण पेल का मंगलवार को रोम के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 81 वर्ष के थे। वर्ष 2020 में आरोपों से बरी होने के बाद से वह अपना समय रोम और सिडनी के बीच काट रहे थे।

## द्वितीय विश्वयुद्ध की यहूदी वस्तुओं का खजाना दुर्लभ है : पोलैंड के अधिकारी

**लोड्ज (पोलैंड)।** मध्य पोलैंड के अधिकारियों का कहना है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यहूदी मालिकों द्वारा छिपाई गई उनकी वस्तुओं की एक हालिया खोज बेहद दुर्लभ और कीमती है। लोड्ज शहर के अधिकारी बुधवार को द एसोसिएटेड प्रेस को घर और आंगन के नवीनीकरण कार्य के दौरान पिछले महीने सामने आईं लगभग 400 वस्तुएं दिखा रहे थे जिनमें चांदी की परत वाला मेरोर (मोमबत्ती स्टैंड), हनुक्कैया (आठ मोमबत्तियां एक साथ लगाने वाला स्टैंड), खाने की मेज पर प्रयुक्त होने वाले बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल थीं। लोड्ज के डिप्टी मेयर, एडम पुस्टेलनिक ने कहा, जिन निवासियों ने इन वस्तुओं को छिपाया था।

## हीथ्रो पर पाया गया यूरेनियम युक्त कार्गो कराची से नहीं आया था : पाकिस्तान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान ने** बृहस्पतिवार को ब्रिटिश मीडिया में आई उन खबरों को खारिज कर दिया कि पिछले महीने लंदन के हीथ्रो हवाईअड्डे पर उतरा एक यूरेनियम युक्त कार्गो पैकेज कराची से आया था और कहा कि यह खबर तथ्यात्मक नहीं है। बीबीसी ने बुधवार को बताया कि पिछले महीने हीथ्रो हवाई अड्डे पर सीमा अधिकारियों द्वारा यूरेनियम से दूषित कार्गो जब्त करने के बाद ब्रिटिश आतंकवाद रोधी पुलिस मामले की जांच कर रही थी। सबसे पहले मामले की खबर देने वाले अखबार द सन ने कहा कि यूरेनियम पाकिस्तान से आया था। यह कबाड़ धातु के शिपमेंट में पाया गया था। खबर के जवाब में एक शीर्ष पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि वे तथ्यात्मक नहीं थे। ब्रिटेन द्वारा पाकिस्तान के साथ आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। डान अखबार ने विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा के हवाले से बृहस्पतिवार को कहा, इस आशय की कोई जानकारी आधिकारिक तौर पर हमारे साथ साझा नहीं की गई है।

# वैज्ञानिक पत्रों के प्रकाशन के मामले में चीन दुनिया में सबसे आगे

**भाषा।** ओहायो




**कम से कम** एक लिहाज से, उच्च गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक पत्रों के प्रकाशन के मामले में चीन दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। मेरे शोध से पता चलता है कि चीनी विद्वान अब किसी भी अन्य देश के वैज्ञानिकों की तुलना में वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक प्रतिशत सबसे अधिक उद्धृत वैज्ञानिक पत्रों का एक बड़ा हिस्सा प्रकाशित करते हैं। मैं एक नीति विशेषज्ञ और विश्लेषक हूं जो अध्ययन करता है कि कैसे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में सरकारी निवेश सामाजिक कल्याण में सुधार करता है। जबकि किसी देश की वैज्ञानिक शक्ति को मापना कुछ मुश्किल है, मैं तर्क दूंगा कि वैज्ञानिक अनुसंधान पर खर्च की गई राशि, प्रकाशित विद्वानों के पत्रों की संख्या और उन पत्रों की गुणवत्ता इसे परखने के प्रभावी उपाय हैं। चीन हाल के वर्षों में अपनी विज्ञान क्षमता में भारी सुधार करने वाला एकमात्र देश नहीं है, लेकिन चीन का उदय विशेष रूप से नाटकीय रहा है। इसने अमेरिकी नीति विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों को चिंतित कर दिया है कि कहीं चीन का वैज्ञानिक वर्चस्व वैश्विक शक्ति संतुलन को बदल न दे। चीन का हालिया प्रभुत्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शीर्ष पर रहने के उद्देश्य से चीन की वर्षों की सरकारी नीति का परिणाम है। देश आज जहां है, वहां पहुंचने के लिए स्पष्ट कदम उठा चुका है और अब अमेरिका को सोचना है कि वह वैज्ञानिक रूप से

● **अमेरिका को चिंतित होना चाहिए**

प्रतिस्पर्धी चीन को कैसे जवाब दे। दशकों में विकास: 1977 में, चीनी नेता तंग श्याओपिंग ने चार आधुनिकीकरणों की शुरुआत की, जिनमें से एक चीन के विज्ञान क्षेत्र और तकनीकी प्रगति को मजबूत कर रहा था। हाल ही में 2000 तक, अमेरिका ने सालाना चीन की तुलना में कई गुना अधिक वैज्ञानिक पेपर तैयार किए।हालाँकि, पिछले तीन दशकों में, चीन ने घरेलू अनुसंधान क्षमताओं को विकसित करने, छात्रों और शोधकर्ताओं को अध्ययन के लिए विदेश भेजने और चीनी व्यवसायों को उच्च-तकनीकी उत्पादों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए धन का निवेश किया है। वर्ष 2000 से, चीन ने अनुमानत: 52 लाख छात्रों और विद्वानों को विदेश में अध्ययन करने के लिए भेजा। इनमें से अधिकांश ने विज्ञान या इंजीनियरिंग का अध्ययन किया। इनमें से कई छात्र वहीं रह गए जहां उन्होंने अध्ययन किया था, लेकिन उच्च संसाधनों वाली प्रयोगशालाओं और उच्च तकनीक वाली कंपनियों में काम करने के लिए बड़ी संख्या में युवक वापस लौट आए। विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर खर्च करने के मामले में आज चीन अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर है। चीनी विश्वविद्यालय अब दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग पीएचडी छात्र तैयार करते हैं, और हाल के वर्षों में चीनी विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में नाटकीय रूप से सुधार हुआ है। अधिक और बेहतर विज्ञान का निर्माण इस सारे निवेश और एक बढ़ते, सक्षम कार्यबल के दम पर, चीन का वैज्ञानिक उत्पादन – जैसा कि कुल प्रकाशित पत्रों की संख्या से मापा जाता है – पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। 2017 में, चीनी विद्वानों ने पहली बार अमेरिकी शोधकर्ताओं की तुलना में अधिक वैज्ञानिक पत्र प्रकाशित किए। हालांकि मात्रा का मतलब गुणवत्ता नहीं है। कई वर्षों तक, पश्चिम में शोधकर्ताओं ने चीनी अनुसंधान को निम्न गुणवत्ता और अक्सर अमेरिका और यूरोप के शोध की नकल के रूप में लिखा। 2000 और 2010 के दशक के दौरान, चीन से आने वाले अधिकांश कार्यों को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय से ज्यादा तवज्जो नहीं मिली। लेकिन चीन ने विज्ञान में निवेश करना जारी रखा, मुझे आश्चर्य है कि अनुसंधान की मात्रा में बढ़ोतरी गुणवत्ता में सुधार के साथ आई है। चीन की वैज्ञानिक शक्ति को मापने के लिए, मैंने और मेरे सहयोगियों ने उद्धरणों को देखा। एक उद्धरण तब होता है जब एक अकादमिक पेपर को किसी अन्य पेपर द्वारा संदर्भित किया जाता है – या उद्धृत किया जाता है। हमने माना कि किसी पेपर को जितनी बार उद्धृत किया गया है, कार्य की गुणवत्ता उतनी ही अधिक और प्रभावशाली होती है।

## राजकुमार हैरी की किताब स्पेयर बना रही है बिक्री के नए रिकॉर्ड

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**राजकुमार हैरी** के बारे में जानने के लिए लोगों की उत्सुकता कम होने का नाम नहीं ले रही, क्योंकि उनकी किताब स्पेयर बिक्री के नए रिकॉर्ड बनाती जा रही है। पेंग्विन रैंडम हाउस ने घोषणा की कि पहले दिन हैरी की किताब की 14 लाख से अधिक प्रतियों बिकीं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा की किताब बिकमिंग की 14 लाख प्रतियां एक सप्ताह में बिकी थीं। बिकमिंग 2018 में प्रकाशित हुई थी, तब से दुनियाभर में उसकी 1.5 करोड़ प्रतियां बिक चुकी हैं। स्पेयर के बिक्री आंकड़ों में अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में बिकने वाले हार्डकवर, ऑडियोबुक और ई-बुक संस्करण शामिल हैं। रैंडम हाउस ग्रुप की अध्यक्ष एवं प्रकाशक गीना सेंट्रेला ने कहा, स्पेयर एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जिसके बारे में हमें लगता था कि हम सब कुछ पहले से ही जानते थे।



ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने एबॉयन और मिड डीसाइड कम्युनिटी शेड का दौरा किया, स्थानीय कठिनाई सहायता समूहों के साथ मुलाकात की

# कांग्रेस ने केशवानंद भारती संबंधी उपराष्ट्रपति धनखड़ की टिप्पणी को न्यायपालिका पर अभूतपूर्व हमला बताया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का केशवानंद भारती मामले से जुड़े फैसले को गलत कहना न्यायपालिका पर अभूतपूर्व हमला है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, सांसद के रूप में 18 वर्षों में मैंने कभी भी किसी को नहीं सुना कि वह उच्चतम न्यायालय के केशवानंद भारती मामले के फैसले की आलोचना करे। वास्तव में, अरुण जेटली जैसे भाजपा के कई कानूनविदों ने इस फैसले की सराहना मील के पत्थर के तौर पर की थी। अब राज्यसभा के सभापति कहते हैं कि यह फैसला गलत है। यह न्यायपालिका पर अभूतपूर्व हमला है।

उन्होंने यह भी कहा, एक के एक बाद संवैधानिक संस्थानों पर हमला किया जाना अप्रत्याशित है। मत भिन्नता होना अलग बात है, लेकिन उप राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के साथ टकराव को एक अलग ही स्तर पर ले गए हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ वकील पी चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा, राज्यसभा के सभापति जब यह कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है तो वह गलत हैं। संविधान सर्वोच्च है। उस फैसले (केशवानंद भारती) को लेकर यह बुनियाद थी कि संविधान के आधारभूत सिद्धांतों पर बहुसंख्यकवाद आधारित हमले को रोका जा सके। उनका यह भी कहना है, एनजेएसी (राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग) अधिनियम को निरस्त किए जाने के बाद सरकार को किसी ने नहीं रोका था कि वह नया विधेयक लाए। विधेयक को निरस्त करने का मतलब यह नहीं है कि आधारभूत सिद्धांत ही गलत है।

चिदंबरम ने कहा, असल में सभापति के विचार सुनने के बाद हर संविधान प्रेमी नागरिक को आगे के खतरों को लेकर सजग हो जाना चाहिए।

कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि राज्यसभा के सभापति को ब्रिटिश संसद नहीं, बल्कि भारतीय पुस्तकों की तरफ लौटने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारत का संविधान सर्वोच्च है, विधायिका नहीं। संविधान हम सबसे बड़ा है। हमें इसी सिद्धांत का अनुसरण करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि धनखड़ ने बुधवार को कहा था कि संसद के बनाए कानून को किसी और संस्था द्वारा अमान्य किया जाना प्रजातंत्र के लिए ठीक नहीं है। उच्चतम न्यायालय द्वारा 2015 में एनजेएसी अधिनियम को निरस्त किए जाने को लेकर उन्होंने यह भी कहा था कि दुनिया में ऐसा कहीं नहीं हुआ है।

धनखड़ राजस्थान विधानसभा में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। संवैधानिक संस्थाओं के अपनी सीमाओं में रहकर संचालन करने की बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा था, संविधान में संशोधन का संसद का अधिकार क्या किसी और संस्था पर निर्भर कर सकता है। क्या भारत के संविधान में कोई नया थिएटर (संस्था) है जो कहेगा कि संसद ने जो कानून बनाया उस पर हमारी मुहर लगेगी तभी कानून होगा। 1973 में एक बहुत गलत परंपरा पड़ी, 1973 में केशवानंद भारती के मामले में उच्चतम न्यायालय ने मूलभूत ढांचे का विचार रखा ...कि संसद, संविधान में संशोधन कर सकती है लेकिन मूलभूत ढांचे में नहीं। उन्होंने कहा था, यदि संसद के बनाए गए कानून को किसी भी आधार पर कोई भी संस्था अमान्य करती है तो यह प्रजातंत्र के लिए ठीक नहीं होगा। बल्कि यह कहना मुश्किल होगा क्या हम लोकतांत्रिक देश हैं।

## राष्ट्रपति ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू, पोंगल पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और इन त्योहारों के माध्यम से विभिन्न समुदायों के बीच प्रेम, सौहार्द मजबूत होने की कामना की। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने लोहड़ी (13 जनवरी), मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल (14 जनवरी) से पूर्व देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। ये त्योहार भारत की विविधता में एकता के प्रतीक हैं और ए हमारी संस्कृति के संवाहक हैं। ए त्योहार देश के अलग-अलग क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न तरीके से मनाए जाते हैं लेकिन इनका मकसद सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाना है। हम इन पर्वों को मनाकर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता भी प्रकट करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मैं इन त्योहारों के माध्यम से भारत में सभी समुदायों के बीच प्रेम, सौहार्द और स्नेह के बंधन को मजबूत होने की कामना करती हूं।

# माकपा शासन में त्रिपुरा उपेक्षित रहा, भाजपा सरकार ने विकास कार्यों के साथ इतिहास रचाः जेपी नड्डा

**अगरतला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि त्रिपुरा में पार्टी की सरकार ने ब्रू शरणार्थी संकट के समाधान सहित विभिन्न कल्याणकारी पहल के साथ पिछले पांच वर्षों में इतिहास रचा है। नड्डा ने यहां एक जनसभा में यह भी दावा किया कि राज्य के साथ-साथ केंद्र में भी भाजपा के सत्ता में होने से प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। त्रिपुरा में फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, ब्रू शरणार्थी समस्या को एक समझौते के माध्यम से सुलझा लिया गया है। राजधानी एक्सप्रेस और जन शताब्दी एक्सप्रेस सेवाएं राज्य के लोगों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। गरीब लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में तेजी से बदलाव हो रहा है।



पूर्ववर्ती वामपंथी सरकार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि राज्य ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत शासन के तहत लंबे समय तक उपेक्षा का सामना किया था, लेकिन वर्तमान सरकार एक त्रिपुरा, श्रेष्ठ त्रिपुरा और आत्मनिर्भर त्रिपुरा बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जब राज्य में वामपंथियों का शासन था, तब त्रिपुरा में नियमित रूप से बलात्कार, बंद, जबरन वसूली और अन्य भ्रष्ट गतिविधियां देखी गईं। भाजपा के सत्ता में आने पर ए सभी बाधाएं दूर हो गईं। अब विकास ने मोर्चा संभाल लिया है।

नड्डा ने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में राज्य में कोई राजनीतिक हत्या नहीं हुई। विकास की प्रक्रिया को जारी रखने के लिए लोगों से भाजपा को फिर से समर्थन देने की अपील की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है, एम्स की संख्या छह से बढ़कर 23 हो गई है और 2014 में 384 मेडिकल कॉलेज थे, जिसकी संख्या बढ़कर 700 से अधिक हो गई है। नए भारत का चेहरा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। कोविड-19 महामारी और यूक्रेन युद्ध के बावजूद, देश अच्छी आर्थिक स्थिति के साथ मज़बूती से खड़ा है। 200 वर्षों तक देश पर शासन करने वाले अंग्रेजों को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। शाह द्वारा शुरू की गई भाजपा की जन विश्वास यात्रा के समापन पर आयोजित रैली को मुख्यमंत्री माणिक साहा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने भी संबोधित किया।

# शाह ने चार सहयोगियों के साथ जोशीमठ की स्थिति का जायजा लिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को जोशीमठ की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तराखंड के जोशीमठ में इमारतों और अन्य संरचनाओं में दरारें देखी जा रही हैं। चार केंद्रीय मंत्रियों- नितिन गडकरी (सड़क परिवहन), आर. के. सिंह (ऊर्जा), भूपेंद्र यादव (पर्यावरण एवं वन) और गजेंद्र सिंह शेखावत (जल शक्ति) के अलावा शीर्ष अधिकारी बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि शाह ने जोशीमठ में उत्पन्न स्थिति और लोगों की परेशानियों को दूर करने के लिए उठाए गए कदमों का आकलन किया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) ने मंगलवार को जोशीमठ में स्थिति की समीक्षा की थी और कहा था कि प्रभावित क्षेत्र में सभी निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाना तत्काल प्राथमिकता होनी चाहिए।

एनसीएमसी की बैठक में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने इस बात पर जोर दिया था कि कमजोर ढांचों को सुरक्षित तरीके से गिराने को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जोशीमठ में जमीन धंसने से प्रभावित परिवारों के लिए बाजार दर पर मुआवजा स्थानीय स्तर पर गठित समिति के सुझावों के आधार पर तय किया जाएगा। प्रभावित परिवारों के बीच पैकेज राशि के वितरण एवं पुनर्वास पैकेज की दर सुनिश्चित करने के लिए चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में 19 सदस्ईय समिति का बुधवार को गठन किया गया था।



जोशीमठ में भवनों में दरार आने वाले लोगों से राहत कैम्प में मिलते हुए उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# साझी वैश्विक समस्याओं का समाधान तलाशने में ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर उपयुक्त ध्यान नहीं दिया गया : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 महामारी, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, कर्ज संकट और संघर्ष के प्रभावों का समाधान तलाशने में विकासशील देशों की जरूरतों एवं आकांक्षाओं को उपयुक्त तवज्जो नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण संवेदी मॉडल के आधार पर अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता को साझा करने को तैयार है। जयशंकर ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्रियों के एक सत्र को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते कहा कि यह शिखर सम्मेलन विकासशील देशों के हितों, चिंताओं एवं प्राथमिकताओं को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है और खासतौर पर इसका महत्व तब ज्यादा है जब भारत जी20 समूह की अध्यक्षता कर रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि चाहे कोविड-19, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, कर्ज संकट, संघर्ष के प्रभावों का विषय हो, इनका समाधान तलाशने में विकासशील देशों की जरूरतों एवं आकांक्षाओं को उपयुक्त तवज्जो नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इसलिए हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत की जी20 समूह की अध्यक्षता के दौरान विकासशील देशों की आवाज, मुद्दे एवं प्राथमिकताएं सामने आएं। जयशंकर ने कहा कि दुनिया दक्षिण के लिए अधिक अस्थिर और अनिश्चित हो रही है तथा कोविडकाल ने अधिक केंद्रित वैश्विकरण और कमजोर आपूर्ति श्रृंखला के खतरे को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि इससे आगे यूक्रेन संकट ने खासतौर पर खाद्य, ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा पर दबाव बना दिया है। उन्होंने कहा कि पूंजी प्रवाह प्रभावित हुई है और कर्ज का भार बढ़ रहा है।

## कांग्रेस ने बिहार के मंत्री की टिप्पणी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महाकाव्य रामचरितमानस के संबंध में बिहार के मंत्री चंद्रशेखर की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि वह ऐसे किसी भी विचार के विरुद्ध है जो विभाजनकारी हों। पार्टी के मीडिया और प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, हर शास्त्र - चाहे वह किसी भी धर्म का हो, किसी भी इलाके का हो, किसी भी देश का हो, वो उस काल और प्रसंग का प्रतिबिम्ब होता है। उन्हें उद्धृत कर आज बांटने वाली कोई टिप्पणी आए, ए अच्छी बात नहीं है। ऐसा कोई भी विचार जो तोड़ता हो, जो बांटता हो या विभाजन करता हो- कांग्रेस उसके विरुद्ध है। कांग्रेस बिहार की गठबंधन सरकार में शामिल है। राजद नेता चंद्रशेखर ने नालंदा मुक्त विवि के दीक्षांत समारोह में रामचरितमानस पर टिप्पणी की थी। पत्रकारों द्वारा चंद्रशेखर से उनके बयान के बारे में पूछे जाने पर वह अपनी बात पर अड़े रहे और कहा, मनुस्मृति, रामचरितमानस और बंच ऑफ थॉट्स (आरएसएस विचारक एम.एस. गोलवलकर द्वारा लिखित) ने समाज में नफरत को बढ़ावा दिया है।

## कारोबारी से 2.69 करोड़ रुपए जबरन वसूली के आरोप में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**अहमदाबाद।** गुजरात के एक व्यापारी से कथित तौर पर 2.69 करोड़ रुपए जबरन वसूली का मामला सामने आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अक्षय ऊर्जा कंपनी चलाने वाले पीड़ित को पिछले साल आठ अगस्त को एक महिला का फोन आया। महिला ने बताया कि उसका नाम रिया शर्मा है और वह मोरबी में रहती है। अधिकारी ने कहा, बाद में उसने एक वीडियो कॉल के दौरान पीड़ित से कपड़े उतारने के लिए कहा। फिर उसने अचानक कॉल काट दी और पीड़ित को 50,000 रुपए देने को कहा। ऐसा न करने पर उसने पीड़ित की नग्न वीडियो क्लिप प्रसारित करने की धमकी दी। कुछ दिन बाद, पीड़ित को एक व्यक्ति का फोन आया जिसने दावा किया कि वह दिल्ली पुलिस का निरीक्षक गुड्डू शर्मा बोल रहा है। उसने पीड़ित से कहा कि उसका वीडियो क्लिप उसके पास है।

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावः कांग्रेस उम्मीदवार सुधीर तांबे ने चुनावी दौड़ से हटने की घोषणा की

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई जब पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार सुधीर तांबे ने बृहस्पतिवार को चुनावी दौड़ से हटने की घोषणा की और कहा कि उनका बेटा वर्तमान में उनके निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेगा। परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव 30 जनवरी को होंगे और बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के पूर्व अध्यक्ष बालासाहेब थोराट के रिश्तेदार सुधीर तांबे पिछले तीन कार्यकाल (18 वर्ष) से महाराष्ट्र विधान परिषद में नासिक डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और पार्टी ने उन्हें फिर से नामित किया गया था।

चुनाव से हटने की घोषणा करते हुए तांबे ने कहा कि उनके बेटे सत्यजीत चुनाव लड़ेंगे क्योंकि पार्टी ने राजनीति में युवाओं को बढ़ावा देने का फैसला किया है। सत्यजीत तांबे ने बृहस्पतिवार को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया और दावा किया कि वह तब भी कांग्रेस से जुड़े हुए थे, जब उन्होंने भाजपा से समर्थन मांगा था।

सुधीर तांबे ने कहा, युवा विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और इसलिए पार्टी ने नासिक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सत्यजीत तांबे जैसे युवाओं को मैदान में उतारने का फैसला किया है। तकनीकी समस्या यह है कि पार्टी ने मेरे नाम पर एबी (नामांकन) फॉर्म दिया था, लेकिन हमने पार्टी नेतृत्व को पहले ही बता दिया था कि सत्यजीत चुनाव लड़ेंगे। एबी फॉर्म चुनाव में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार को इंगित करता है। सुधीर तांबे ने कहा, मैंने अपने चुनाव नहीं लड़ने संबंधी फैसले के बारे में पार्टी नेतृत्व को पहले ही बता दिया गया था। हमने यह फैसला पूरे विश्वास से लिया है। सत्यजीत तांबे महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

एमवीए विपक्षी गठबंधन है जिसमें कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) शामिल हैं। सत्यजीत तांबे ने पत्रकारों से कहा, आप सभी जानते हैं कि राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का मुझसे बहुत स्नेह है। मैं कामना करता हूं कि चुनाव में भाजपा मुझे वोट दे। मेरे पिता सुधीर तांबे ने नासिक डिवीजन में शिक्षकों और स्नातकों के हितों की रक्षा के लिए कई वर्षों तक अथक प्रयास किया है। अगर मुझे विधान परिषद का सदस्य बनने का मौका मिलता है तो मैं उनके काम को आगे बढ़ाना चाहता हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या मतदान से पहले वह किसी कांग्रेस की राज्य इकाई के किसी नेता से मिलने का इरादा रखते हैं, उन्होंने नहीं में जवाब दिया।

# म्यांमा में अंदरूनी हवाई हमले के दौरान भारत में कोई बम नहीं गिरा

**आइजोल।** असम राइफल्स (एआर) ने बृहस्पतिवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र की सीमा के भीतर चिन विद्रोही शिविरों पर म्यांमा सेना द्वारा किए गए हवाई हमले के दौरान सीमा के भारतीय क्षेत्र में कोई विस्फोट नहीं हुआ। असम राइफल्स का यह बयान तब सामने आया है, जब स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हमले के दौरान मिजोरम के चम्फाई जिले में एक बम गिराया गया था। भारत-म्यांमा सीमा की रक्षा करने वाले एआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ोसी देश में कई विस्फोट हुए थे। चम्फाई जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विवरण के गहन सत्यापन के बाद ही इस मामले में आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा।

चम्फाई के उपायुक्त जेम्स लालरिंचन ने कहा, मैंने कुछ स्थानीय लोगों द्वारा किए जा रहे दावों की पुष्टि के लिए संबंधित क्षेत्र के एक मजिस्ट्रेट को भेजा है। बृहस्पतिवार की शाम तक आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सत्यापन होने के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

लालरिंचन ने हालांकि कहा कि एक बम मिजोरम की तरफ तियाउ नदी के पास गिरा था। उन्होंने बताया कि विस्फोट में ग्राम सभा के एक सदस्य का एक ट्रक क्षतिग्रस्त हुआ है। म्यांमा में सत्तारूढ़ सैन्य जुंटा ने मंगलवार को पड़ोसी देश के सबसे शक्तिशाली जातीय विद्रोही समूहों में से एक, चिन नेशनल आर्मी (सीएनए) के सैन्य मुख्यालय कैंप विक्टोरिया पर कथित तौर पर हवाई हमले किए थे। मिजोरम में सीएनए के एक नेता ने नाम उजागर नहीं करने के अनुरोध पर बताया कि हमले में दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए।

## क्विक न्यूज

### रामचरितमानस को लेकर की गई टिप्पणी पर मंत्री से बात करेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**पटना।** रामचरितमानस को लेकर की गई टिप्पणी से उपजे विवाद के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस मामले में अपने कैबिनेट सहयोगी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर से बात करेंगे। चंद्रशेखर की तुलसीदास रचित महाकाव्य रामचरितमानस के बारे मे की गई हालिया टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है। राज्यव्यापी जनसंपर्क कार्यक्रम समाधान यात्रा के तहत दरभंगा जिले के दौरे के दौरान जदयू के शीर्ष नेता नीतीश ने मंत्री की टिप्पणी से जुड़े पत्रकारों के सवालों पर कहा, मुझे पता नही। हम उनसे पूछ लेंगे। चंद्रशेखर ने बुधवार को नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह मे रामचरितमानस पर टिप्पणी की थी। बाद में पत्रकारों द्वारा चंद्रशेखर से उनके बयान के बारे में पूछे जाने पर वह अपनी बात पर अड़े रहे और कहा, मनु स्मृति, रामचरितमानस और बंच ऑफ थॉट्स (आरएसएस विचारक एम.एस. गोलवलकर द्वारा लिखित) ने समाज में नफरत को बढ़ावा दिया है। यही कारण है कि इन (कार्यो) को दलितों और ओबीसी से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि वह रामचरितमानस से सामाजिक भेदभाव की निंदा करने वाले सभी छंदों को निकालने की मांग करेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के प्रवक्ता निखिल आनंद ने राजद नेता पर मुसलमानों के तुष्टिकरण को ध्यान में रखते हुए हिंदू भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया।

### मेघालय में टीएमसी के दो विधायक सत्तारूढ़ एनपीपी में शामिल

**शिलांग।** मेघालय में विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को विधानसभा चुनाव से पहले झटका लगा, क्योंकि उसके दो विधायक बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ एनपीपी मे शामिल हो गए। उत्तरी गारो हिल्स जिले मे मेंदीपाथर के विधायक मार्थन संगमा और पश्चिम गारो हिल्स जिले मे टिक्रीकिल्ला का प्रतिनिधित्व करने वाले जिम्मी डी. संगमा ने सत्तारूढ़ खेमे में जाने से पहले विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। दोनों विधायकों ने पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीता था,लेकिन वह कांग्रेस का दामन छोड़ टीएमसी में शामिल होने वाले 12 विधायकों में शामिल थे। इससे टीएमसी मुख्य विपक्षी दल बन गई थी। मौसिनराम के टीएमसी विधायक एच. एम. शांगपिलयांग दिसंबर मे भाजपा मे शामिल हो गए। दो और विधायकों के टीएमसी छोड़ने के बाद, 60 सदस्ईय सदन मे पार्टी की ताकत घटकर नौ रह गई। दोनों विधायकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने पीटीआई-भाषा से कहा, उनका शामिल होना हमारी विकास गाथा का संकेत है। हम बेहतर मेघालय के लिए काम करना जारी रखेंगे।

### तिरुवभरणा शोभायात्रा सबरीमला मंदिर के लिए रवाना

**पथनमथिट्टा (केरल)।** सबरीमला मे भगवान अयप्पा के मंदिर मे पवित्र आभूषण ले जाने वाली शोभायात्रा बृहस्पतिवार को यहां पंडालम के एक मंदिर से निकली, जिसके सैकड़ों लोग गवाह बने। इसे थिरुवभरणा घोषयात्रा कहा जाता है। चौदह जनवरी को मकरविलक्कू उत्सव के दिन बड़ी संख्या मे भक्त भगवान अयप्पा को सुशोभित करने वाले गहनो लेकर सबरीमला मंदिर रवाना हुए। दशकों पुरानी परंपरा को ध्यान में रखते हुए, थिरुवभरणम को भक्तों के दर्शन के लिए सुबह-सुबह पंडालम मे श्रमबिक्कल पैलेस के सुरक्षा कक्ष से पास के वलियाकोइक्कल सस्था मंदिर में स्थानांतरित कर दिया गया। मंदिर के सर्वोच्च निकाय त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के प्रतिनिधियो ने पैलेस के अधिकारियों से गहने प्राप्त किए और इसे सास्था मंदिर ले गए, जहां बड़ी संख्या में भक्त इसकी एक झलक पाने और पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़े।

### हिमस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गांदेरबल जिले के सोनमर्ग क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हिमस्खलन की चपेट मे आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। उन्होने कहा कि हिमस्खलन की वजह से नीलग्रथ के निकट स्थित सरबल क्षेत्र प्रभावित हुआ जहां हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) कंपनी जोजिला सुरंग पर काम कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान संदीप सिंह और बाल कृष्ण के रूप मे हुई है, जो किश्तवाड़ के निवासी थे।

### एमबीबीएस इंटर्नशिप पूरी करने की तारीख 30 जून तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एमबीबीएस इंटर्नशिप पूरी करने की तारीख 30 जून तक बढ़ा दी है और इस संबंध में आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। उम्मीदवारों के लिए एक साल की अनिवार्य इंटर्नशिप पूरी करने की वर्तमान अवधि 31 मार्च, 2023 है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, छात्र संघ निकायों, संभावित उम्मीदवारो और कई राज्य प्राधिकरणो ने मंत्रालय से तिथि को 30 जून, 2023 तक बढ़ाने का आग्रह किया। अब विद्यार्थी और उनके परिजन यह अनुरोध कर रहे है कि अगर एमबीबीएस इंटर्नशिप पूरी होने की तारीख बढ़ाई जाती है तो नीट पीजी परीक्षा की तारीख भी टाल दी जाए। नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा 2023 पांच मार्च को निर्धारित है।

# सेतुसमुद्रम परियोजना पर अमल की केंद्र से मांग संबंधी प्रस्ताव विस में पारित

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से बिना किसी देरी के सेतुसमुद्रम जहाज नहर परियोजना तुरंत लागू करने का आग्रह किया। मुख्य विपक्षी अन्नाद्रमुक ने कहा कि मछुआरों के विचार भी जान लेने चाहिए और परियोजना के लिए पिछले ड्रेजिंग (गाद निकालने के) कार्य का विश्लेषण किया जाना चाहिए और अगर इससे लोगों को व्यापक लाभ होने वाला है, तो पार्टी इसका समर्थन करेगी। पोलाची वी जयरामन ने अपनी पार्टी की ओर से सदन में इस पर अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा के नैनार नागेंद्रन ने कहा कि अगर रामसेतु को कोई नुकसान नहीं हुआ तो उनकी पार्टी इसका स्वागत करेगी।

संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पूर्व मुख्यमंत्री सी एन अन्नादुराई और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दिनों से ड्रीम मैरीटाइम परियोजना के घटनाक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस परियोजना को 1963 में नेहरू के नेतृत्व वाली कैबिनेट की मंजूरी मिली थी और यह चौथी पंचवर्षीय योजना का हिस्सा थी। अन्नादुरई ने मुख्यमंत्री बनने के बाद 1967 में परियोजना को लागू करने की मांग की थी।

स्टालिन ने याद किया कि दिवंगत मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से परियोजना को लागू करने का आग्रह किया था। 1998 में जब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री बने थे तो परियोजना के काम के लिए धन आवंटन किया गया था और अलाइनमेंट का निर्णय किया गया था। स्टालिन ने कहा कि अन्नाद्रमुक की दिवंगत सुप्रीमो जे जयललिता ने शुरू से ही परियोजना का समर्थन किया था, लेकिन 2004 में भाजपा के विरोध के बाद अचानक अपना रुख बदल लिया और इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया।

# लघु उपक्रमों को समर्थन मिले तो लुधियाना चीन को टक्कर देने में सक्षम

**लुधियाना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को केंद्र और पंजाब सरकार पर लघु एवं मध्यम उपक्रमों को समर्थन न देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लुधियाना के लघु एवं मध्यम उपक्रमों को अगर पर्याप्त समर्थन मिले तो वे चीनी उपक्रमों को टक्कर दे सकते हैं। राहुल कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के पंजाब चरण के तहत बृहस्पतिवार को लुधियाना में थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में नफरत, हिंसा और डर फैलाया जा रहा है। लुधियाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि भाई को भाई के खिलाफ, एक धर्म को दूसरे धर्म के खिलाफ, एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है।



सिख धर्म के संस्थापक को याद करते हुए उन्होंने कहा, नफरत के बाजार में लाखों लोगों ने मोहब्बत की दुकानें खोल ली हैं। आप इस यात्रा को देखें, आपको कोई नफरत नहीं मिलेगी। अगर कोई गिर जाता है तो सभी बिना उसका धर्म या जाति पूछे, उसकी मदद करते हैं। यह भारत का इतिहास है। यह पंजाब का इतिहास भी है और पंजाब की संस्कृति भी। गुरु नानक जी ने न केवल देश को, बल्कि पूरी दुनिया को यह दिखाया है।

राहुल ने कहा, देश में नफरत और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। भारत भाईचारे, प्यार और सम्मान के भाव में यकीन रखने वाला देश है। उन्होंने नोटबंदी को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस कदम ने लघु एवं मध्यम उपक्रमों को बुरी तरह से प्रभावित किया। राहुल ने आरोप लगाया, लुधियाना (लघु एवं मध्यम उपक्रमों) को कैसे झटका लगा? प्रधानमंत्री जी ने नोटबंदी और जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) जैसे गलत कदम लागू किए। लघु एवं मध्यम उपक्रमों की दुर्दशा के लिए केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा, आज किसी ने मुझसे कहा कि लुधियाना मैनचेस्टर जैसा है। मुझे लगा कि इसे गलत तरीके से कहा गया है। मैनचेस्टर लुधियाना जैसा है। मैनचेस्टर का कोई भविष्य नहीं है, लेकिन लुधियाना का निश्चित रूप से है।

राहुल ने कहा, आपको जिस समर्थन की (छोटे और मध्यम व्यवसायों को) जरूरत है, बैंक के जिस समर्थन की जरूरत है, वह आपको नहीं दिया जाता है। अलबत्ता, आप पर हमला किया जाता है। नोटबंदी और गलत जीएसटी नीति नहीं हैं। नोटबंदी और गलत जीएसटी लघु एवं मध्यम उपक्रमों को खत्म करने के हथियार हैं। यही सच है। कांग्रेस नेता ने कहा, देश के अरबपति देश में रोजगार सृजित नहीं कर सकते हैं। लुधियाना के लघु एवं मध्यम उपक्रम देश में नौकरियां दे सकते हैं। अगर उन्हें मजबूत बनाया जाता है और समर्थन दिया जाता है, तो लुधियाना चीन का मुकाबला कर सकता है। यही सच है। कोई आपका साथ नहीं देता। कोई दृष्टिकोण ही नहीं है। चाहे पंजाब सरकार हो या फिर भारत सरकार।

लुधियाना पंजाब का औद्योगिक केंद्र कहलाता है। भारत जोड़ो यात्रा बृहस्पतिवार को सुबह अपने पंजाब चरण के तहत दोराहा से आगे बढ़ी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इसमें शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा का पंजाब चरण बुधवार को फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद से शुरू हुआ था। बृहस्पतिवार को सुबह यात्रा में कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, सांसद अमर सिंह, गुरजीत सिंह औजला, पूर्व विधायक गुरकीरत कोटली, पंजाब युवा कांग्रेस के प्रमुख ब्रिंदर सिंह ढिल्लों और पार्टी के कई अन्य नेता राहुल गांधी के साथ चलते नजर आए। इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ता राष्ट्रीय ध्वज थामकर चलते दिखाई दिए। भारत जोड़ो यात्रा अपने पंजाब चरण के तहत लुधियाना, गोराया, फगवाड़ा, जालंधर, दसुआ और मुकेरियां से होकर गुजरेगी।

# सिराज-कुलदीप के कहर के बाद बरसे राहुल

**दूसरे वनडे श्रीलंका भारत ने 4 विकेट से हराया**

**श्रृंखला में 2-0 से आगे**

**दोनों ने लिए 3-3 विकेट**

**भाषा** । कोलकाता

**मोहम्मद सिराज** और कुलदीप यादव की उम्दा गेंदबाजी के बाद लोकेश राहुल के नाबाद अर्धशतक से भारत ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां श्रीलंका को चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बनाई। श्रीलंका के 216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने राहुल की 103 गेंद में छह चौकों से नाबाद 64 रन की पारी और हार्दिक पंड्या (36) के साथ पांचवें विकेट की उनकी 75 रन की साझेदारी से 6.4 ओवर शेष रहते छह विकेट पर 219 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप ने ईडन गार्डन्स पर 51 जबकि सिराज ने 30 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए जिससे श्रीलंका की टीम 39.4 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। उमरान मलिक ने भी 48 रन देकर दो विकेट हासिल किए। पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो (50), कुसाल मेंडिस (34) और दुनिथ वेलालागे (32) ने श्रीलंका के लिए उपयोगी पारियां खेली। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला तिरुवनंतपुरम में 15 जनवरी को खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले टी20 श्रृंखला भी 2-। से जीती थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मेजबान टीम ने 86 रन तक ही शीर्ष चार विकेट गंवा दिए थे। कप्तान रोहित शर्मा (17) ने कासुन रजिता पर चौके से खाता खोला जबकि शुभमन गिल (21) ने भी लाहिरू कुमारा (64 रन पर दो विकेट) पर लगातार दो चौके लगाए। रोहित ने कुमारा की गेंद को पुल करके छह रन के लिए भेजा लेकिन चमिका करूणारत्ने (51 रन पर दो विकेट) ने उन्हें विकेटकीपर मेंडिस के हाथों कैच करा दिया। गिल ने भी कुमारा पर लगातार दो चौके मारे लेकिन अगली गेंद को शॉर्ट मिडविकेट पर सीधे अविष्का फर्नांडो के हाथों में खेल गए। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट कोहली ने भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद कुमारा की गेंद को विकेटों पर खेला। श्रेयस अय्यर (28) अपनी संक्षिप्त पारी के दौरान अच्छी लय में दिखे। उन्होंने करूणारत्ने पर लगातार दो चौके मारे लेकिन कासुन रजिता की तेजी से अंदर आती गेंद पर पगबाधा हो गए। अय्यर ने डीआरएस का सहारा लिया लेकिन अंपायर्स कॉल आने पर उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। राहुल और पंड्या ने इसके बाद पारी को संभाला। दोनों ने सतर्कता के साथ बल्लेबाजी करते हुए 20वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। राहुल और पंड्या ने एक और दो रन लेकर स्कोर को आगे बढ़ाया। पंड्या ने इस बीच रजिता के ओवर में दो चौके भी मारे। राहुल ने कुमारा पर चौके के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की ।


राहुल व पांड्या रन चुराते हुए

### पिछले साल रन जुटाने वाले खिलाड़ियों को मौका दिया जा रहा : रोहित

**कोलकाता।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मानते है कि शीर्ष छह बल्लेबाजी क्रम में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज को शामिल करने से विविधता आएगी लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि वह सिर्फ इसे करने के लिए फॉर्म में चल रहे अपने कुछ बल्लेबाजों को बदलने के लिए तैयार नहीं है। भारत ने गुरुवार को यहां कम स्कोर वाले दूसरे वनडे में चार विकेट से जीत हासिल कर श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला जीत ली लेकिन शीर्ष छह में केवल दाएं हाथ के बल्लेबाज होने से इस लाइन-अप का अंदाजा लगाया जा सकता है। वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी ईशान किशन को बेंच पर बिठाया गया क्योंकि टीम प्रबंधन शुभमन गिल को 2022 में निरंतरता दिखाने के लिए ज्यादा मौका देना चाहता था। शीर्ष क्रम में एक बाएं हाथ का बल्लेबाज होना अच्छा है लेकिन जिन खिलाड़ियों को मौका दिया जा रहा है, उन्होंने पिछले एक साल में काफी रन जुटाए है। इस तरह उन्होंने इस बात को नही छुपाया कि किशन को अपने मौके का इंतजार करना होगा।

### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका पारी**: फर्नांडो बो सिराज 20,नुवानिदु रन आउट 50, मेंडिस पगबाधा बो कुलदीप 34, डिसिल्वा बो अक्षर 00,असलंका का एवं बो कुलदीप 15 , शनाका बो कुलदीप 02,हसरंगा का अक्षर बो उमरान 21 ,वेलालागे का अक्षर बो सिराज 32,करूणारत्ने का अक्षर बो उमरान 17 ,रजिता नाबाद 17, कुमारा बो सिराज 00,**अतिरिक्त**: सात रन ,**कुल**: 39.4 ओवर में सभी विकेट खोकर: 215 रन, **विकेट पतन**: 29-।, 102-2, 103-3, 118-4, 125-5, 126-6, 152-7, 177-8, 215-9 ,**गेंदबाजी**: शमी 7-0-43-0, सिराज 5.4-0-30-3, पंड्या 5-0-26-0, उमरान 7-0-48-2, कुलदीप 10-0-51- 3, अक्षर पटेल 5-0-16-।

**भारत**: रोहित का मेंडिस बो करूणारत्ने 17, गिल का अविष्का फर्नांडो बो कुमारा 21, कोहली बो कुमारा 04, अय्यर पगबाधा को रजिता 28, राहुल नाबाद 64,पंड्या का मेंडिस बो करूणारत्ने 36,पटेल का करूणारत्ने बो धनंजय 21,यादव नाबाद 10, **अतिरिक्त**: 18, **कुल**: 43.2 ओवर में छह विकेट पर: 219 रन, **विकेट पतन**:।-33, 2-41, 3-62, 4-86, 5-161, 6-191, **गेंदबाजी**: रजिता 9-0-46-।, कुमारा 9.2-0-64-2, करूणारत्ने 8-0-51-2, हसरंगा 10-0-28-0, वेलालागे 2-0-12-0, शनाका 2-0-6-0, धनंजय 3-0-9-।

## हार्ड लेंथ गेंदबाजी करने की लोकेश की सलाह का फायदा मिला: सिराज

**भाषा** । कोलकाता



**भारत के तेज** गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में अपनी सफलता का श्रेय विकेटकीपर लोकेश राहुल की सलाह को दिया जो यहां ईडन गार्डन की पिच और हालात को काफी अच्छी तरह से समझने में सफल रहे। सिराज और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट चटकाए जिससे श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर 39.4 ओवर में 215 रन पर ढेर हो गई। सिराज ने पारी के ब्रेक के दौरान कहा कि राहुल ने महसूस किया कि पहले ओवर के बाद ही गेंद ने मूव करना बंद कर दिया जिसके बाद श्रीलंका के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ नई रणनीति अपनाई गई जो हार्ड लेंथ (गुड लेंथ और शॉर्ट गेंद के बीच की लेंथ जिस पर रन बनाना आसान नहीं होता) पर गेंदबाजी करना थी। सिराज ने कहा, लोकेश राहुल ने मुझे कहा कि एक ओवर के बाद गेंद ने स्विंग होना बंद कर दिया है इसलिए मैंने हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी की। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था लेकिन कुलदीप ने काफी अच्छी गेंदबाजी करते हुए मध्यक्रम को ध्वस्त किया।

### जब भी मौका मिलता है, बस अपने प्रदर्शन के बारे में सोचता हूं: कुलदीप



**कोलकाता।** कुलदीप यादव अगर रविवार को तिरूवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले अंतिम वनडे में भारत की अंतिम एकादश से बाहर होने के बारे में सोचना शुरू करते हैं तो उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस प्रतिभाशाली बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप ने कहा, पिछले साल से मैं अपनी मजबूती के बारे में सोचने की कोशिश कर रहा हूं और ज्यादा नहीं सोच रहा। उन्होंने कहा, जब भी मुझे मौका मिलता है मैं सिर्फ अच्छा करने के बारे में सोचता हूं। मैं अपनी गेंदबाजी का काफी लुत्फ उठा रहा हूं।

### भारतीय महिला टीम ग्रुप जी में तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान के साथ

**नई दिल्ली।** भारत को महिलाओं के ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 के एशियाई क्वालीफायर के पहले दौर के ड्रा में ग्रुप जी में किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के साथ रखा गया है। ड्रा गुरूवार को कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में कराया गया। इसमे 26 टीमों को चार चार के पांच ग्रुप और तीन तीन के दो ग्रुप मे रखा गया है। मैच तीन से 11 अप्रैल तक लीग प्रारूप में खेले जाएंगे। सात ग्रुप की विजेता टीम दूसरे दौर में पहुंचेगी जिसमें उनके साथ पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त टीमें - उत्तर कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, चीन और दक्षिण कोरिया - जुड़ जाएंगी।

### संन्यास ले चुके क्रिकेटरों को चिकित्सा बीमा कवर देगा आईसीए

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटरों के संघ (आईसीए) ने गुरूवार को घोषणा की कि वह अपने सदस्यों को 1.50 लाख रूपए का चिकित्सा बीमा कवर मुहैया कराएगा। आईसीए के इस कदम से संन्यास ले चुके 100 से ज्यादा क्रिकेटरों को फायदा मिलेगा। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की चिकित्सा व्यय पुनर्भुगतान योजना केवल उन क्रिकेटरों के लिए है जिन्होंने 10 या इससे ज्यादा प्रथम श्रेणी मैच खेले है जिससे आईसीए के कई सदस्य इसके लिए योग्य नही है।

### कसातकिना और बाडोसा एडीलेड टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में होंगी आमने सामने

**एडीलेड।** पांचवी वरीय दारिया कसातकिना ने 12वे नंबर की खिलाड़ी और दो बार की पूर्व विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा को 6-3, 7-6 से हराकर एडीलेड अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। नौवी वरीय पौउला बाडोसा ने बिट्रजि हदाद माइया को 7-6, 7-5 से हराया जिससे वह भी अगले दौर मे पहुंच गई है और वह कसातकिना के सामने होगी जो उनके खिलाफ पिछले तीन में से दो मुकाबले जीत चुकी है। कसातकिना की क्वितोवा पर यह पहली जीत थी। दोनो 2018 मे क्वेकोर्ट पर एक दूसरे से भिड़ी थी जिसमे क्वितोवा ने 6-4, 6-0 से जीत हासिल की थी।

### साउथम्पटन ने लीग कप क्वार्टर फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को हराया

**लंदन।** साउथम्पटन ने इंग्लिश लीग कप फुटबॉल मे आठ बार की चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रीमियर लीग मे सबसे नीचे काबिज टीम ने बड़ा उलटफेर करके गत चैम्पियन सिटी को 2-0 से मात दी। अब उनका सामना न्यूकैसल से होगा। नॉटिंघम फोरेस्ट ने वोल्व्स को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया जबकि पिछला मैच ड्रॉ रहा था। अब उसका सामना दूसरे सेमीफाइनल में मैनचेस्टर युनाइटेड से होगा।

### तोरिनो से हारकर मिलान इटालियन कप से बाहर

**मिलान।** गत सीरि ए चैम्पियन एसी मिलान दस खिलाड़ियो तक सिमटी तोरिनो स हारकर इटालियन कप फुटबॉल से बाहर हो गई। तोरिनो का सामना अब सैंपडोरिया या फ्लोरेंटिना से होगा। तोरिनो डी ने अतिरिक्त समय मे एंडारी अडोपो के गोल के दम पर जीत दर्ज की। मिलान ने इससे पहले रोमा से 2-2 से ड्रॉ खेला था।

## 48 साल बाद विश्व कप में पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

**पहला मुकाबला स्पेन से**

**भाषा** । राउरकेला

**तोक्यो ओलंपिक** में कांस्य पदक जीतकर पुराना गौरव लौटाने की दिशा में पहला कदम रख चुकी भारतीय हॉकी टीम शुक्रवार को स्पेन के खिलाफ पुरूष हॉकी विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी तो उसका इरादा विश्व कप में पदक के लिए 48 साल का इंतजार खत्म करने का होगा। ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीत चुकी भारतीय टीम ने एकमात्र विश्व कप 1975 में कुआलालम्पुर में अजितपाल सिंह की कप्तानी में जीता था। उसके बाद से टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी है। इससे पहले 1971 में पहले विश्व कप में भारत ने कांस्य और 1973 में रजत पदक जीता था। इसके बाद 1978 से 2014 तक भारत ग्रुप चरण से आगे नहीं जा सका। पिछली बार भी भुवनेश्वर में हुए विश्व कप में भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हारकर बाहर हो गया था। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस बार अपनी सरजमीं पर पदक के प्रबल दावेदारों में से है।विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत ने हाल ही में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था हालांकि उसे। . 4 से पराजय का सामना करना पड़ा। ग्राहम रीड की टीम ने आस्ट्रेलिया जैसी दमदार टीम को एक मैच में हराकर छह साल बाद उसके खिलाफ जीत दर्ज की। भारत ने एफआईएच प्रो लीग में भी 2021-22 सत्र में तीसरा स्थान हासिल किया। रीड के 2019 में कोच बनने के बाद से भारत का कद अंतरराष्ट्रीय हॉकी में बढा है। रीड खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा , हम अभ्यास के दौरान भी मैच हालात के अनुरूप खेलते हैं। मसलन एक गोल से पिछड़ने के बाद कैसे खेलेंगे या फिर दस खिलाड़ियों तक सिमटने के बाद कैसा प्रदर्शन होगा। इस वर्ष एफआईएच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर में से हैं। उनके अलावा अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह पर सफलता का दारोमदार होगा। डिफेंडर अमित रोहिदास भी काफी अनुभवी हैं और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ भी हैं। फॉरवर्ड आकाशदीप सिंह पर भी सभी की नजरें होंगी। भारत का सामना कल स्पेन से होगा और मेजबान की मंशा जीत के साथ शुरूआत करने की होगी ताकि क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बना सके। हर ग्रुप से शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी और दूसरे तथा तीसरे स्थान की टीमों के बीच क्रॉसओवर मैच होंगे। क्रॉसओवर के जरिए अंतिम आठ में पहुंचने पर सामना गत चैम्पियन बेल्जियम जैसी कठिन टीमों से हो सकता है। रीड ने कहा , पहला मैच काफी महत्वपूर्ण है और हम उसी पर फोकस कर रहे हैं। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज स्पेन भारत के लिए कभी आसान प्रतिद्वंद्वी नहीं रहा हालांकि वह टूर्नामेंट की सबसे युवा टीमों में से है। स्पेन 1971 और 1998 में उपविजेता रहा और 2006 में कांस्य पदक जीता। अर्जेंटीना के मैक्स काल्डास की कोचिंग और अलवारो इग्लेसियास की कप्तानी में स्पेन ने पिछले साल अक्टूबर नवंबर में भुवनेश्वर में हुए प्रो लीग मैचों में भारत को पहले मैच में 3 . 2 से हराया था। दूसरा मैच पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा था। पिछले साल फरवरी में प्रो लीग मैचों में स्पेन ने पहला मैच 5 . 3 से जीता जबकि दूसरा भारत ने 5 . 4 से अपने नाम किया। भारत ने 1948 से अब तक स्पेन के खिलाफ 30 में से 13 मैच जीते जबकि स्पेन ने 11 मैच जीते जबकि छह मैच ड्रॉ रहे। अलवारो ने , हमारे अधिकांश खिलाड़ी पहली बार विश्व कप खेल रहे हैं।


हरमनप्रीत सिंह

### अनुभव को जरूरत से ज्यादा तवज्जो दी जाती है: रीड

**राउरकेला।** भारत के कोच ग्राहम रीड ने गुरुवार को कहा कि मेजबान टीम को स्पेन के कम अनुभवी खिलाड़ियों से टूर्नामेंट के पहले मैच में चिंतित होना चाहिए क्योंकि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में अनुभव को जरूरत से ज्यादा तवज्जो दी जाती है। स्पेन के अधिकांश खिलाड़ियों ने 100 से कम अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है जबकि भारत के पास 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले अनुभवी खिलाड़ियों और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रीड ने कहा कि यह जरूरी नही है कि अनुभवी खिलाड़ी होने पर आप शानदार प्रदर्शन करोगे। उन्होने कहा कि मैच के बाद सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलने की जगह कोई चीज नही ले सकती। रीड ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह हमारा घरेलू विश्व कप है, हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हमें लगता है कि हम यह टूर्नामेंट जीत सकते हैं और इसके लिए ऐसा करना जरूरी है। कभी कभी इस तरह के बड़े टूर्नामेंट में अनुभवी को जरूरत से ज्यादा तवज्जो दी जाती है। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा और यह महत्वपूर्ण है। रीड ने कहा, स्पेन से सतर्क रहिए क्योंकि वे जितना सोचते है उससे कहीं बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। उनके लिए गंवाने के लिए कुछ नही है और आपको उनसे सतर्क रहना होगा। यह वास्तविकता है। दुनिया की छठे नंबर की टीम भारत अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को पूल ए मैच में नवनिर्मित बिरसा मुंडा स्टेडियम मे स्पेन के खिलाफ करेगा।

### विश्व कप हॉकी के लिए दो नई विशेष ट्रेन चलाएगा पूर्व तट रेलवे

**भुवनेश्वर।** भारत और स्पेन के बीच राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम मे शुक्रवार को होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप के पहले मैच से एक दिन पहले पूर्व तट रेलवे ने यहां ओडिशा की राजधानी और राउरकेला के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यहां कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 13 से 29 जनवरी तक होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप के दौरान लोगों की अतिरिक्त आवाजाही को ध्यान मे रखते हुए इस संदर्भ मे फैसला किया गया। यात्रियों विशेषकर हॉकी प्रेमियो की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए पूर्व तट रेलवे ने कहा कि भुवनेश्वर-राउरकेला विशेष रेल 15 से 31 जनवरी तक भुवनेश्वर से प्रत्एक सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को रात आठ बजकर 25 मिनट पर रवाना होगी।

## उप्र व उत्तराखंड के बीच मैच ड्रा की ओर

**रणजी राउंडअप**

**लखनऊ।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हो रहे रणजी मैच में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच मैच ड्रा की ओर बढ़ रहा है। खराब मौसम के कारण उत्तर प्रदेश की टीम गुरूवार को पहली पारी में 67.5 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में उत्तराखंड ने स्टंप तक 19 ओवर में दो विकेट गंवाकर 65 रन बना लिए थे।

### पंजाब ने पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की

**वलसाड।** अनुभवी कप्तान मंदीप सिंह और युवा गुरनूर बरार के अर्धशतकों की बदौलत पंजाब ने गुरूवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच में जम्मू कश्मीर के खिलाफ 46 रन से पहली पारी की अहम बढ़त हासिल की। जम्मू कश्मीर ने तीसरे दिन सुबह छह विकेट पर 176 रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम 54.1 ओवर में 212 रन पर सिमट गई। खराब मौसम से मैच के पहले दो दिन काफी प्रभावित हुए। बलतेज सिंह ने गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में 11 विकेट चटकाने के शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए 47 रन देकर पांच विकेट हासिल किए जबकि अनुभवी सिद्धार्थ कौल ने 82 रन देकर चार विकेट झटके।

### बंगाल को 177 रन का लक्ष्य, 53 रनपर तीन विकेट गंवाए

**कल्याणी।** बंगाल को अगर बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप ए मैच में जीत की उम्मीद रखनी है तो उसे अंतिम दिन काफी संयम दिखाना होगा क्योंकि उसने 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन स्टंप तक 53 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। तीसरे दिन 4 विकेट गिरे। बंगाल की टीम अपने रात के स्कोर में केवल दो रन जोड़कर पहली पारी में 191 रन पर सिमट गई थी। फिर उसके तेज गेंदबाज मुकेश कुमार (43 रन देकर चार विकेट) और ईशान पोरेल (22 रन देकर तीन विकेट) ने बड़ौदा को दूसरी पारी में महज 98 रन के स्कोर पर समेट दिया। दूसरी बार बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल ने अपने शीर्ष क्रम को सस्ते में गंवा दिया जिसमें सलामी बल्लेबाज अभिषेक दास (07), भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (09) और अनुष्टुप मजूमदार (09) शामिल रहे। उसने तीसरा विकेट 53 रन के स्कोर पर गंवाया जिससे 177 रन के लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है।

### दिल्ली के लिए चमके शोरे, आंध्र के खिलाड़ी वायु प्रदूषण के कारण मास्क पहनकर मैदान में उतरे



**नई दिल्ली।** ध्रुव शोरे ने गुरूवार को यहां दिल्ली के सुस्त रणजी ट्राफी अभियान में चमकना जारी रखा और सत्र का अपना तीसरा शतक जड़कर ग्रुप बी में आंध्र के खिलाफ अपनी टीम को पहली पारी की निर्णायक बढ़त की ओर बढ़ाया। शोरे 142 रन बनाकर क्रीज पर जमे हुए है जिन्होने ऋतिक शौकीन (45 रन) और हिम्मत सिंह (नाबाद 45 रन) की मदद से अपनी टीम को मजबूत स्थिति मे पहुंचा दिया है। शोरे इस सत्र मे 744 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियो मे शीर्ष पर चल रहे है और चौथे दिन सुबह भी वह कुछ और रन अपने खाते मे जोड़ लेगे। खराब रोशनी के कारण जल्दी स्टंप कर दिया गया जिससे दिल्ली ने 93 ओवर मे चार विकेट पर 300 रन बना लिए थे और वह आंध्र से पहली पारी के आधार पर 159 रन से पिछड़ रही है। आंध्र ने पहली पारी मे 459 रन बनाए थे। अरूण जेटली स्टेडियम मे ठंडी सुबह वायु प्रदूषण ने आंध्र के खिलाड़ियों को काफी परेशान किया जिससे उनके दो खिलाड़ी रिकी भुई और सी आर ज्ञानेश्वर मैदान पर मास्क पहनकर उतरे।

### कर्नाटक ने राजस्थान को 10 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह लगभग पक्की की

**अलूर (कर्नाटक)।** तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाख और ऑफ स्पिनर कृष्णप्पा गौतम की शानदार गेंदबाजी से कर्नाटक ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन राजस्थान को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक हासिल किया। कर्नाटक के पांच मैच में 26 अंक हो गए है और उसने क्वार्टर फाइनल मे जगह लगभग पक्की कर ली है। राजस्थान के पांच मैच में 14 अंक है। शुक्रवार को ग्रुप के सभी मैच खत्म होने के बाद राजस्थान की टीम तालिका में अपना दूसरा स्थान गंवा देगी। राजस्थान को पहली पारी मे 129 रन पर समेटने के बाद कर्नाटक ने अनुभवी मनीष पांडे (101) के 23वे प्रथम श्रेणी शतक से 445 रन का स्कोर खड़ा किया। पांडे ने कल के 75 रन से आगे खेलते हुए 131 गेंद की अपनी पारी मे 10 चौके और चार छक्के मारे। उन्होने विद्वत कावेरप्पा (37) के साथ नौवे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। राजस्थान की टीम 316 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी मे महिपाल लोमरोर के 99 और आदित्य गढ़वाल के 66 रन के बावजूद 330 रन पर सिमट गई।

## आस्ट्रेलिया ओपन ड्रॉ : जोकोविच और नडाल की टक्कर फाइनल मे ही संभव

**भाषा** । मेलबर्न





**22 बार के** ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच और उनसे एक खिताब ज्यादा जीत चुके रफेल नडाल को आस्ट्रेलियाई ओपन ड्रॉ में अलग अलग हाफ मिला है जिससे उनका सामना अब सीधे फाइनल में ही संभव है। नौ बार के चैम्पियन जोकोविच पिछली बार कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेल सके थे। उनका यहां पहुंचने पर वीजा रद्द कर दिया गया था और उन्हें वापिस भेज दिया गया था। चौथी वरीयता प्राप्त जोकोविच का सामना सोमवार को पहले दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बाएना से होगा। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक जर्मनी की जूली नीएमेएर से खेलेगी। पोलैंड की स्वियातेज 2022 में यहां सेमीफाइनल तक पहुंची थी। नडाल को पहले मैच में ब्रिटेन के जैक ड्रेपर से खेलना है जो एडीलेड इंटरनेशनल में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांच बार के उपविजेता एंडी में का सामना इटली के मातेओ बेरेतिनी से होगा जो विम्बलडन उपविजेता रह चुके हैं।

### चोट के कारण सिलिच बाहर

**मेलबर्न।** पूर्व उपविजेता मारिन सिलिच ने घुटने की चोट के कारण आस्ट्रेलिया ओपन से नाम वापिस ले लिया है। मेलबर्न मे 2018 फाइनल मे सिलिच को रोजर फेडरर ने हराया था। सिलिच ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया , 2023 की अच्छी शुरूआत नही। दुखी हूं कि इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन नही खेल सकूंगा लेकिन स्वास्थ्य सर्वोपरि है। अगले साल मिलता हूं मेलबर्न। सिलिच ने भारत मे महाराष्ट्र ओपन मे भी चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से पहले नाम वापिस ले लिया था।

## प्रणय मलेशिया ओपन क्वार्टर फाइनल में

**सात्विक-चिराग की जोड़ी भी जीती**

**भाषा** । कुआलालंपुर



**भारत के स्टार** बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने गुरूवार को यहां इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने एक घंटे चार मिनट तक चला मुकाबला 21- 9, 15 - 21, 21 - 16 से जीता। अब उनका सामना मलेशिया के एनजी जी योंग या जापान के कोडाइ नाराओका से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने भी पुरूष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दुनिया की पांचवीं नंबर की इस भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना को 49 मिनट में 21-19, 22-20 से पराजित किया। इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को प्री क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की गैब्रियला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा ने हरा दिया। दुनिया में 16वें नंबर की भारतीय जोड़ी को 14वीं रैंकिंग वाली स्टोएवा बहनों ने 21- 13, 15- 21, 21 - 17 से मात दी। प्रणय का चिको से यह दूसरा मुकाबला था जिससे वह सैयद मोदी इंटरनेशनल 2018 में हार चुके थे। प्रणय ने शानदार शुरूआत करके जल्दी ही 7 - 5 से बढ़त बना ली। ब्रेक के समय उनके पास 11- 5 की बढ़त थी। पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में प्रणय पर प्रतिद्वंद्वी भारी पड़ा। चिको ने आक्रामक खेल दिखाते हुए प्रणय को गलतियां करने पर मजबूर किया और दूसरा गेम जीत लिया। निर्णायक गेम में प्रणय ने चिको को कोई मौका नहीं दियाा। अपने शानदार रिटर्न और क्रॉसकोर्ट स्मैश के दम पर उन्होंने 17-12 की बढ़त बना ली। बैकलाइन पर एक और शॉट से उन्हें छह मैच प्वाइंट मिले। चिको ने भी दो मैच प्वाइंट बचाए लेकिन अगला नेट में चला गया। वहीं रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक 2020 खेल चुकी स्टोएवा बहनें त्रिसा और गायत्री पर शुरू ही से भारी पड़ी।

### तीन साल तक बिस्तर पर रहने के बाद जिंदगी खत्म करना चाहते थे पूर्व भारतीय बास्केटबॉल कप्तान जगदीप



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बास्केटबॉल कप्तान जगदीप सिंह बैस पीठ की चोट के कारण तीन साल तक बिस्तर पर पड़े रहे और करियर के लिए खतरा बनी इस चोट से वह इतने परेशान हो गए कि उनके मन मे जीवन खत्म करने का विचार भी आया था। चीन में 2012 में थ्री ऑन थ्री टूर्नामेंट के दौरान वह दर्द के कारण कोर्ट पर गिर पड़े थे और इस स्लिप डिस्क के कारण उन्हे तीन साल बिस्तर पर गुजारने पड़े थे। पर 2016 में उन्होंने सर्जरी कराई और अब यह 37 साल का खिलाड़ी नई एलीट प्रो बास्केटबॉल लीग मे मुंबई स्टार्स के लिए खेलने के लिए तैयार है। बैस ने गुरुवार को पीटीआई से कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे खराब दौर था, मै हिल डुल भी नही सकता था। दर्द असहनीय था। , मै इतना परेशान हो गया था कि मै अपनी जिंदगी खत्म करना चाहता था क्योंकि मै इस तरह नही रहना चाहता था। राजस्थान के गंगानगर के बैस ने कहा, मेरी तभी शादी हुई थी और मेरी पत्नी मेरे लिए मजबूत बनी रही जिसकी वजह से ही मैंने आत्महत्या का विचार त्याग दिया। मेरी जिंदगी उसकी वजह से ही है। सर्जरी के तीन महीने बाद ही उन्होंने वापसी की और वह यूबीए लीग के पहले सत्र मे खेले। उन्होंने कहा, उन्होंने (यूबीए लीग) मेरी उबरने में काफी मदद की और मुझे मानसिक व आर्थिक मदद मुहैया कराई। मै उनका शुक्रगुजार हूं।

### कैमरोन नौरी ऑकलैंड एटीपी सेमीफाइनल में

**ऑकलैंड।** कैमरोन नौरी ने गुरुवार को यहां एएसबी क्लासिक एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-।, 6-7, 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मे नौरी का सामना एक और अमेरिकी खिलाड़ी जेनसन ब्रुक्सबाई से होगा जिन्होने फ्रांस के क्वेंटिन हेल्स को 7-6, 7-6 से शिकस्त दी। वही रिचर्ड गैस्केट ने एक अन्य क्वार्टरफाइनल में डेविड गोफिन को।-6, 6-।, 6-। से शिकस्त दी। सेंटर कोर्ट पर हुआ मैच बारिश के कारण ढाई घंटे की देरी से शुरू हुआ। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे और ऑकलैंड मे बड़े हुए नौरी एटीपी टूर्नामेंट मे नियमित दर्शक हुआ करते थे जिसके बाद उनका परिवार ब्रिटेन में बस गया। कोर्ट पर दर्शको ने उनका तालियों से स्वागत किया। नौरी ने कहा, टूर्नामेंट एक तरह से मेरे लिए दूसरे घर की तरह है। मै यहां बड़ा हुआ हूं और यहां वापस आना अच्छा है।